✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 300 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 30 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



असम में चुनावी सभा को संबोधित करते झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# बिहार बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 का रिजल्ट रविवार को जारी किया। इस बार भी लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ते हुए अपनी सफलता का झंडा गाड़ा है। बिहार बोर्ड की तरफ से जारी किए गए परिणाम के मुताबिक जमुई की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली की सबरीन परवीन बिहार टॉपर बनीं हैं। दोनों छात्राओं ने 98.40% (492 अंक) हासिल कर संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। बिहार बोर्ड की तरफ से बताया गया कि इस बार परीक्षा में कुल 15,12,687 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिनमें 7,85,726 लड़कियां और 7,26,961 लड़के थे। इस बार का परिणाम कुल 81.79 प्रतिशत रहा जिनमें से 86.23 प्रतिशत लड़कियां पास हुई। वहीं, 84.09 प्रतिशत लड़के पास हुए। इस बार मैट्रिक परीक्षा 17 से 25 फरवरी तक राज्यभर के 1,699 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। परीक्षा में कुल 15,12,687 परीक्षार्थी शामिल हुए थे जिनमें 7,85,726 छात्राएं और 7,26,961 छात्र थे। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई थी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इस बार 139 परीक्षार्थियों को एक-एक लैपटॉप, प्रशस्ति पत्र और मेडल दिया जाएगा। बोर्ड में इंटर परीक्षा की तरह ही मैट्रिक के टॉपर्स को इनामी राशि मिलेगी। वहीं दूसरे स्थान पर बेगूसराय की नाहिद सुलताना ने 97.8 अंक लाया है। इनमें डेढ़ लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। तीसरे स्थान पर अनुपा कुमारी और ओम कुमार ने 97.8 अंक लाया है। इन्हें एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। चौथे से लेकर दसवें स्थान पर रहे बच्चों को लैपटॉप, मेडल और प्रशस्ति के अलावा 20-20 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसके साथ ही सभी टॉपर्स को एक लैपटॉप, प्रमाण पत्र और मेडल भी प्रदान किया जाएगा। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम 10 रैंक तक स्थान प्राप्त किये हुए सभी 139 परीक्षार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। समिति द्वारा गत वर्ष 2025 से पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी गई है। आनंद किशोर ने कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेधा छात्रवृत्ति भी देती है। देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद मेधा छात्रवृत्ति की राशि में भी वर्ष 2025 से बढ़ोतरी की जा रही है। इस बार टॉप 10 में रहे सभी 139 मैट्रिक परीक्षार्थी प्रतिमाह 1200 की जगह 2000 की छात्रवृत्ति हासिल करेंगे। राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में नियमित रूप से नामांकित होकर 11वीं और 11वीं की पढ़ाई करने पर इन परीक्षार्थियों को 24 महीने तक 2000 प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। अगर यह तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययन करते हैं तो कोर्स की समाप्ति तक प्रतिमाह 2000 की छात्रवृत्ति मिलेगी।

## मैट्रिक परीक्षा-2026 में 139 छात्र-छात्राओं ने टॉप टेन में बनायी जगह, सभी को किया जायेगा पुरस्कृत

| छात्र/छात्रा | जिला | प्राप्त अंक |
|---|---|---|
| पुष्पांजलि कुमारी | जमुई | 492 |
| सबरीन परवीन | वैशाली | 492 |
| नाहिद सुल्ताना | बेगूसराय | 489 |
| अनुपा कुमारी | बक्सर | 488 |
| ओम कुमार | बेगूसराय | 488 |
| ज्योति कुमारी | समस्तीपुर | 487 |
| अनुभव कुमार | बांका | 487 |
| अंश राज | पूर्णिया | 487 |
| प्रेरणा कुमारी | बेगूसराय | 486 |
| नसरीन परवीन | भोजपुर | 486 |
| अभनीश कुमार | बेगूसराय | 486 |
| विकास कुमार गुप्ता | कैमूर | 486 |
| रूपेश कुमार | सहरसा | 486 |
| रितु कुमारी | औरंगाबाद | 485 |
| आयशा खातून | बांका | 485 |
| मौसम कुमारी | समस्तीपुर | 485 |
| सुमित कुमार यादव | अररिया | 485 |
| रोहित कुमार चौधरी | औरंगाबाद | 485 |
| कुणाल किशोर | औरंगाबाद | 485 |
| शुभम कुमार | बांका | 485 |
| संगम कुमार | गया | 485 |
| अभिनव कुमार | जुमई | 485 |
| नवरत्न कुमार | मधेपुरा | 485 |
| शमशीर अख्तर | समस्तीपुर | 485 |
| प्रिंस कुमार | शेखपुरा | 485 |
| आदित्य कुमार | शेखपुरा | 485 |
| राजदीप कुमार | सुपौल | 485 |
| रौशन कुमार | वैशाली | 485 |
| बाबर अली | वैशाली | 485 |
| राखी कुमारी | बांका | 484 |
| शमा परवीन | बेगूसराय | 484 |
| अंशु प्रिया | भागलपुर | 484 |
| ईशा कुमारी | बक्सर | 484 |
| शांभवी प्रिया | मधुबनी | 484 |
| सलोनी कुमारी | नवादा | 484 |
| सृष्टि सिंह | सीवान | 484 |
| माही कुमारी शर्मा | पश्चिमी चंपारण | 484 |
| शिवांगी कुमारी | पश्चिमी चंपारण | 484 |
| सुनीता कुमारी | पश्चिमी चंपारण | 484 |
| आशीष कुमार | बांका | 484 |
| अभिषेक कुमार | बेगूसराय | 484 |
| अंकुश कुमार | भागलपुर | 484 |
| शुभम कुमार | भोजपुर | 484 |
| शुभम राज दांगी | गया | 484 |
| निरंजन कुमार | लखीसराय | 484 |
| अमित राज | मधुबनी | 484 |
| मनीष कुमार | नवादा | 484 |
| ललन सिंह यादव | नवादा | 484 |
| अमित कुमार राय | सारण | 484 |
| संजीत कुमार | शेखपुरा | 484 |
| अंकित कुमार यादव | सीवान | 484 |
| मो. तौहीद | वैशाली | 484 |
| सुप्रिया कुमारी | अरवल | 483 |
| रिया सिंह | औरंगाबाद | 483 |
| मुस्कान कुमारी | बेगूसराय | 483 |
| लक्ष्मी कुमारी | बक्सर | 483 |
| मुस्कान कुमारी | बक्सर | 483 |
| रीमा कुमारी | गया | 483 |
| गुड़िया कुमारी | गया | 483 |
| खुशी कुमारी | रोहतास | 483 |
| सायना परवीन | समस्तीपुर | 483 |
| सताक्षी मित्तल | सारण | 483 |
| अमृता सिंह | शेखपुरा | 483 |
| अमन कुमार | औरंगाबाद | 483 |
| आकाश कुमार | औरंगाबाद | 483 |
| आनंद कुमार | बांका | 483 |
| सुमित कुमार | भोजपुर | 483 |
| शिवशक्ति कुमार | भोजपुर | 483 |
| रौशन कुमार | भोजपुर | 483 |
| छोटू कुमार | पूर्वी चंपारण | 483 |
| दिलखुश कुमार | पूर्वी चंपारण | 483 |
| आदित्य कुमार | गया | 483 |
| शुभम कुमार तांती | जमुई | 483 |
| नीरज कुमार | रोहतास | 483 |
| मनीष कुमार यादव | सारण | 483 |
| रोहित कुमार | शेखपुरा | 483 |
| मोहित कुमार | शेखपुरा | 483 |
| पवन कुमार | सीतामढ़ी | 483 |
| आतिश कुमार | सीवान | 483 |
| रीना कुमारी | औरंगाबाद | 482 |
| सुमैया एजाज | बेगूसराय | 482 |
| प्रीति कुमारी | बेगूसराय | 482 |
| खुशबू कुमारी | बेगूसराय | 482 |
| सिमरन कुमारी | बक्सर | 482 |
| शम्पी कुमारी | पूर्वी चंपारण | 482 |
| मानसी कुमारी | जहानाबाद | 482 |
| सुजाता कुमारी | कैमूर | 482 |
| श्वेता कुमारी | कैमूर | 482 |
| पल्लवी पाण्डेय | कैमूर | 482 |
| सादिया सामी | मुजफ्फरपुर | 482 |
| अदीबा जुनैद | नवादा | 482 |
| चंदा कुमारी | रोहतास | 482 |
| अंशिका कुमारी | पश्चिमी चंपारण | 482 |
| प्रिंस कुमार | औरंगाबाद | 482 |
| शिवम कुमार | औरंगाबाद | 482 |
| आयुष कुमार | औरंगाबाद | 482 |
| दिव्यांशु कुमार | औरंगाबाद | 482 |
| संजीत कुमार | औरंगाबाद | 482 |
| आयुष कुमार | बेगूसराय | 482 |
| वीर प्रताप सिंह | बेगूसराय | 482 |
| पुरुषोत्तम झा | बेगूसराय | 482 |
| प्रिंस कुमार | पूर्वी चंपारण | 482 |
| सुमित कुमार | गया | 482 |
| कृष्णा गुप्ता | गोपालगंज | 482 |
| आनंद कुमार | नालंदा | 482 |
| सतीश कुमार | नवादा | 482 |
| प्रियांशु कुमार | रोहतास | 482 |
| दिवाकर कुमार | सहरसा | 482 |
| आयुष कुमार | समस्तीपुर | 482 |
| शिवम कुमार | सीवान | 482 |
| सत्यम कुमार | पश्चिमी चंपारण | 482 |
| नंदनी कुमारी | अरवल | 481 |
| सलोनी कुमारी | औरंगाबाद | 481 |
| अंजली कुमारी | भोजपुर | 481 |
| पूजा कुमारी | बक्सर | 481 |
| सुरभि सिंह | जमुई | 481 |
| दिव्या कुमारी | नालंदा | 481 |
| सुहानी सोनम | पटना | 481 |
| दीपशिखा | रोहतास | 481 |
| अदित्री हर्ष | समस्तीपुर | 481 |
| स्नेहा कुमारी | शेखपुरा | 481 |
| कोमल कुमारी | शेखपुरा | 481 |
| सिमरन कुमारी | पश्चिमी चंपारण | 481 |
| शिव कुमार | औरंगाबाद | 481 |
| सोनू कुमार | भोजपुर | 481 |
| अरुण रजक | बक्सर | 481 |
| प्रशांत कुमार मिश्रा | दरभंगा | 481 |
| अजीत कुमार | पूर्वी चंपारण | 481 |
| मो. गौहर अंसारी | कैमूर | 481 |
| मृणाल किशोर सिंह | खगड़िया | 481 |
| सत्य राज | नांलदा | 481 |
| कासिफ नावेद | नवादा | 481 |
| अभिमन्यु कुमार | समस्तीपुर | 481 |
| प्रिंस कुमार | समस्तीपुर | 481 |
| अमन कुमार | समस्तीपुर | 481 |
| राजवीर कुमार | शेखपुरा | 481 |
| अंकुश कुमार राज | शिवहर | 481 |
| अनुज कुमार | सुपौल | 481 |
| आशीष कुमार | पश्चिमी चंपारण | 481 |

## सीएम नीतीश ने दी बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार परीक्षा में 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुये हैं। इसमें छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 86.23 जबकि छात्रों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 84.09 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, साथ ही कुल मिलाकर सभी छात्राओं का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। उन्होंने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। छात्रों ने भी अच्छी सफलता हासिल की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार को जल्द मिलेंगे 25 नए आइएएस अधिकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार को अप्रैल-जून 2026 तक 25 नए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) अधिकारी मिलने वाले हैं। इनमें 11 अधिकारी सीधे यूपीएससी भर्ती के माध्यम से और 14 अधिकारी बिहार प्रशासनिक सेवा से आइएएस में प्रोन्नति के जरिए शामिल होंगे। अप्रैल 2026 में सीधी भर्ती वाले अधिकारी और मई-जून 2026 में प्रोन्नति से आने वाले अधिकारी विभिन्न पदों पर तैनात किए जाएंगे।

### दरभंगा को मिलेगा सुपर पावरफुल मौसम रडार

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मौसम निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने लगभग 340 करोड़ रुपये की लागत से देश भर में 14 नए डाप्लर वेदर रडार स्थापित करने का निर्णय लिया है जिसमें बिहार से एक मात्र दरभंगा का चयन किया गया है।

### वाराणसी की तर्ज पर गंगा घाटों पर आरती कराएगा पर्यटन निगम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम राज्य के गंगा किनारे के शहरों के घाटों पर वाराणसी की तर्ज पर महाआरती कार्यक्रम आयोजित करेगा। धार्मिक पर्यटनको प्रमुखता देते हुए निगम प्रशासन की ओर से बक्सर, पटना, भागलपुर सहित अन्य शहरों में स्थित प्रमुख घाटों पर महाआरती शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

### पंचायत भवन में पंखे से लटका मिला महिला कर्मी का शव

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बसाढी पंचायत भवन में कार्यरत कार्यपालक सहायक प्रियंका कुमारी का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन हत्या की आशंका जता पुलिस से पूरे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस घटना के तमाम बिन्दुओं की जांच में जुटी है।

# विधान परिषद की सदस्यता से आज इस्तीफा देंगे सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्य की राजनीति से निकलकर राष्ट्रीय राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। सोमवार को वे बिहार विधान परिषद की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपेंगे। जानकारी के मुताबिक, वे खुद परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह से मिलकर अपना त्यागपत्र देंगे। नियमों के अनुसार, किसी भी सांसद के रूप में निर्वाचित होने के बाद 14 दिनों के भीतर पुरानी सदस्यता छोड़नी पड़ती है। नीतीश कुमार इसी संवैधानिक प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। इस्तीफ़े की औपचारिकताओं से ठीक पहले रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर गहमागहमी का माहौल रहा। नीतीश कुमार ने जदयू के कद्दावर नेताओं जैसे ललन सिंह, संजय झा, विजय कुमार चौधरी और अशोक चौधरी के साथ लंबी बैठक की। इस मुलाकात में राज्य के भविष्य और पार्टी की आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। दिलचस्प बात यह रही कि मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की और बताया कि कई नेताओं ने उनसे इस्तीफा न देने की गुजारिश की थी लेकिन नीतीश कुमार अपने फैसले पर अडिग रहे नीतीश कुमार का विधान परिषद में यह चौथा कार्यकाल था, जो साल 2030 तक चलने वाला था। राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद अब वे दिल्ली के सियासी गलियारों में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि 10 अप्रैल को वे राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ले सकते हैं।

# असम में हैट्रिक लगाएगी पार्टी : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने असम चुनाव से पूर्व तिनसुकिया में यह दावा किया है कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। वे मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। नितिन नवीन ने कहा कि असम में जब भी कांग्रेस की सरकार रही उसने राज्य के विकास की बजाय वोट बैंक की राजनीति की। जनता को चाहिए कि वो वोट देते समय कांग्रेस शासन के काले अध्याय को याद रखे। नितिन नवीन ने दावा किया कि पार्टी असम में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि असम में पहली बार हमने सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। उसके बाद हिमंत विस्वा सरमा आए और अब एक बार उन्हीं के नेतृत्व में बीजेपी हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि मैं जब पार्टी के काम से 2009-10 में यहां आता था, तो यहां का माहौल बहुत खराब था। यहां सिर्फ हिंसा होती थी। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी।जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। लोग केवल हिंसा और आंदोलन की ही चर्चा किया करते थे। नितिन नवीन ने कहा कि 2016 में जब यहां एनडीए की सरकार बनी तो पूरा सिनारियो ही बदल गया। पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असम अवसरों वाला राज्य बन गया है। श्री नवीन ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली राज्य सरकार ने केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए काम किया और अपने कार्यकाल के दौरान राज्य में कोई उपलब्धि हासिल नहीं की। उन्होंने कहा कि पार्टी नीत सरकार सिर्फ असम और भारत की जनता के लिए काम करती है, घुसपैठियों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि हम घुसपैठियों के लिए सरकार नहीं बनाते। यहां हर अधिकार केवल असम और भारत के लोगों के लिए है। यह घुसपैठियों के लिए नहीं हो सकता।

# कांग्रेस विधायक ने मंत्री अशोक चौधरी से की मुलाकात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र कुशवाहा की रविवार को नीतीश सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के आवास पर अचानक हुई मुलाकात ने राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है। इस अप्रत्याशित मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब कांग्रेस के भीतर खींचतान की खबरें पहले से ही चर्चा में हैं। दरअसल, हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान सुरेंद्र कुशवाहा ने पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाते हुए मतदान प्रक्रिया से दूरी बना ली थी। इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने उनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी किया था। इसी क्रम में मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद और फारबिसगंज के विधायक मनोज विश्वास भी वोटिंग से अनुपस्थित रहे थे, जिससे यह अटकलें तेज हो गईं कि बिहार कांग्रेस में अंदरूनी विभाजन गहराता जा रहा है। चर्चा यहां तक है कि तीन विधायक अलग गुट की दिशा में बढ़ चुके हैं और एक और विधायक के जुड़ते ही नया समीकरण बन सकता है।

# डिजिटल हुई बिहार विधान परिषद : अवधेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह रविवार को सासाराम पहुंचे। अवधेश नारायण सिंह ने मीडिया से कहा कि बिहार विधान परिषद देश का पहला हाउस है, जहां संपूर्ण कार्रवाई डिजिटल हो चुकी है। इस आधुनिक पहल से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व गति आई है। इसके अलावा उन्होंने एआई के दौर में सदन की जरूरतों पर भी चर्चा की और कहा कि इसके लिए सदन के सभी सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिए टेक्निकल एक्सपर्ट को बुलाया गया है। अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे लोकप्रिय, प्रगतिशील, विकासशील एवं महत्वपूर्ण नेता के बिहार छोड़कर जाने का सबको दुख है। सभी लोग दिल से चाहते हैं कि नीतीश कुमार बिहार की सेवा करते रहे, लेकिन राज्यसभा जाने का फैसला उनका निजी है। नीतीश कुमार प्रदेश के शीर्ष नेता है और राष्ट्रीय नेतृत्व में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए उनका अंतिम फैसला सभी के लिए सर्वमान्य होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के साथ अपने रिश्ते पर कहा कि उनका संबंध पद से नहीं जुड़ा बल्कि आत्मा से जुड़ा है। वहीं, बिहार के अगले मुख्यमंत्री के सवाल पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि एनडीए का शीर्ष नेतृत्व हीं बिहार का अगला सीएम तय करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस्तीफ़े के बारे में अभी उन्हें कोई जानकारी नहीं है, अगर सूचना मिलती है तो वे जरूर जायेंगे। अवधेश नारायण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ की। कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न विषम परिस्थितियों में भी प्रधानमंत्री धैर्य के साथ काम कर रहे हैं और उनके कार्यों की विपक्ष भी सराहना कर रहा है। हमारे देश में तेल एवं गैस की कोई किल्लत नहीं है। भारत का सभी देशों के साथ अच्छा संबंध है और हर जगह से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो रही है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न हालात पर सभापति ने एक महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि भारत में युद्ध का अभी कोई असर नहीं है, लेकिन सभी को इस संकट के लिए तैयार रहना चाहिए। देश के ऊपर संकट आने पर जनता को भी अपनी जरूरत की चीजों में कटौती करनी चाहिए, ताकि इसका प्रभाव हमारे देश के ऊपर ना हो। इतिहास गवाह है कि जब भी देश के ऊपर संकट आया, सभी देशवासी एक साथ खड़े रहे और आगे भी रहेंगे।

# सरकारी स्कूलों की भूमि की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के कार्यालयों की भूमि का सत्यापन होगा। इसके लिए शिक्षा विभाग में संविदा पर एक भू-संपदा पदाधिकारी और 31 सहायक भू-संपदा पदाधिकारियों के पदों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति जल्द होगी। इसकी सारी तैयारी हो चुकी है। भू-संपदा पदाधिकारी की नियुक्ति के बाद उसकी तैनाती राज्य मुख्यालय में होगी। जबकि सहायक भू-संपदा पदाधिकारियों को शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में तैनात किया जाएगा। भू-संपदा पदाधिकारियों की नियुक्ति अप्रैल में होगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि ऐसे पदाधिकारियों को मानेदय पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसका उद्देश्य राज्य के सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के कार्यालयों की भूमि के विवरण का संकलन, सत्यापन एवं संरक्षण सुनिश्चित करना है, जिसकी जिम्मेदारी भू-संपदा पदाधिकारियों को दी जाएगी। साथ ही इनकी तैनाती से शिक्षा विभाग के अन्य विकासात्मक गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ससमय भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। भू-संपदा पदाधिकारी पद के लिए सेवानिवृत्त अपर समाहर्ता वेतन स्तर के तथा सहायक भू-सम्पदा पदाधिकारी पदों के लिए सेवानिवृत अंचल अधिकारी वेतन स्तर का होगा। ऐसे पदाधिकारियों की एक मार्च, 2026 को 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। नियुक्ति तीन वर्षों के लिए और अधिकतम 65 वर्ष की आयु तक के लिए होगी। भू-संपदा पदाधिकारी का पद अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए है।

CMYK

# अस्पतालों में तेजाब पीड़ितों के मुफ्त इलाज कराने को लेकर बोर्ड लगाए जाएं : जस्टिस प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एसिड अटैक के पीड़ितों को सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज मुहैया कराने का प्रावधान है। उनके कानूनी अधिकारों की उन्हें समुचित जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। ये बातें पटना हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद ने कही। जस्टिस प्रसाद बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की तरफ से तेजाब पीड़ितों को जागरूक करने को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसमें नालसा (नेशनल लीगल सर्विस ऑथिरिटी) स्कीम, 2016 के स्तर से एसिड अटैक के शिकार लोगों को न्यायिक सेवाएं मुहैया कराने से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में इस तरह का एक बोर्ड लगाना चाहिए जिस यह लिखा हो कि यहां एसिड अटैक के पीड़ितों का मुफ्त इलाज कराया जाता है। इसके लिए राज्य के स्वास्थ्य महकमा को सभी अस्पतालों को तुरंत निर्देश जारी करना चाहिए। महिला से जुड़े सभी प्रमुख अपराधों में मुफ्त इलाज करने का प्रावधान है। जस्टिस प्रसाद ने कहा कि कई मामलों में तेजाब पीड़ितों का मुफ्त इलाज करने वाले अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के स्तर से समय पर राशि का भुगतान नहीं किया जाता है। ऐसे मामलों में भी सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तेजाब से पीड़ितों को समय पर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही मुआवजा और कानूनी सलाह भी ससमय उपलब्ध कराई जाए। मुआवजा देने से संबंधित कई मामले 2015, 2016 से लंबित हैं, इनका निपटारा तुरंत कराने की जरूरत है। हर जिले में मुआवजा समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कमेटी गठित है, लेकिन इनके समय पर बैठकें नहीं करने के कारण मामले लंबित पड़े हैं। बालसा ने इसके पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए आवंटित 9 करोड़ रुपये की राशि सरकार को वापस कर दी, यह दर्शाता है कि हम पीड़ितों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। लोगों से कहा कि अगर राज्य समय पर मुआवजा नहीं दे रहे हैं तो वे कोर्ट आएं। उन्होंने कहा कि जिनके लिए काम करने का मौका मिला है, उनके लिए काम करें। ऐसा नहीं करने वाले भी उतने ही दोषी हैं जितने इन वारदातों को अंजाम देने वाले गुनहगार दोषी हैं। यह सिर्फ कानून का विषय नहीं है, बल्कि सवाल इसके प्रावधानों को लागू करने का है जो लोग उच्च पदों पर बैठे हैं, उनमें इस मामले को लेकर अधिक संवेदनशीलता पैदा करने की जरूरत है। इस मौके पर पटना हाईकोर्ट के जस्टिस मोहित कुमार साह ने कहा कि नए कानून में एसिड अटैक के दोषियों को कम से कम 10 वर्ष और अधिकतम उम्र कैद तक की सजा का प्रावधान है।

## मगही लघु फिल्म महोत्सव में 48 फिल्मों की एंट्री, 'दोस्ती' को मिला प्रथम पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मगही कनेक्शन के तत्वावधान में मगही भाषा और संस्कृति को देने के उद्देश्य से आयोजित मगही महोत्सव के दूसरे दिन मगही फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दरम्यान मगही लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई, दिसंबर 2025 में घोषित इस प्रतियोगिता में कुल 48 फिल्मों की प्रविष्टि आई थी। प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध फिल्म पटकथा लेखक शैबाल जी, बॉलीवुड फिल्मों के निर्देशक अभिलाष शर्मा और फिल्म अभिनेता बुल्लू कुमार शामिल रहे। प्रतियोगिता में सामाजिक सरोकारों पर आधारित फिल्मों ने खास प्रभाव छोड़ा। प्रथम पुरस्कार 'दोस्ती' फिल्म को दिया गया जो एक साधारण गांव की पृष्ठभूमि में लड़कियों की शिक्षा के महत्व को दर्शाती है। द्वितीय स्थान महिलाओं पर केंद्रित फिल्म 'एक कप चाह' को मिला जबकि तृतीय स्थान भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित फिल्म 'आशाएं' को दिया गया। इसके अलावा 'लॉस्ट', 'शहर से निमन गांव' और 'बनकहि' को प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लघु फिल्म के विजेताओं को प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. कुमार राजेश रंजन, वरिष्ठ फ़िल्म पटकथा लेखक शैबाल जी, स्वाहा फिल्म के निर्देशक अभिलाष शर्मा, पाहुन हॉलीडेज के आदित्य, मगही महोत्सव के रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल व विद्या सागर ने सम्मानित किया।

**गया घराने की परंपरा और संगीत पर चर्चा**

महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत गया घराने के इतिहास पर आधारित बातचीत और गायकी के कार्यक्रम से हुई। गया घराने के प्रसिद्ध गायक राजन सिजुआर ने कहा कि पुरबिया गायकी में ठुमरी की चर्चा गया घराने के बिना अधूरी है। उन्होंने हारमोनियम वादन में सोनी जी के योगदान को भी विशेष बताया और कहा कि उन्होंने वादन की एक अलग शैली विकसित की। राजन जी ने सुझाव दिया कि बिहार के हर प्रमंडल में संगीत शिक्षा के लिए गुरुकुल खोले जाने चाहिए जहां बच्चों को छात्रवृत्ति देकर विभिन्न संगीत विधाओं की शिक्षा दी जा सके, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत संरक्षित रह सके।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित हुए रेलकर्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय दानापुर में पदस्थापित तथा रेल कर्मियों एवं अधिकारियों के बीच में समान रूप से लोकप्रिय अभिषेक कुमार को महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के द्वारा विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार - 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें वर्ष 2025 के दौरान किए गए बेहतर प्रदर्शन के लिए दिया गया है। मुख्य प्रचार निरीक्षक के रूप में अपना योगदान देते हुए नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्ति आदि के माध्यम से आम जनता के बीच पूर्व मध्य रेल की सकारात्मक छवि बनाए रखने तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से मधुर संबंध बनाए रखते हुए उनके माध्यम से पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

## घर-घर पहुंचे बापू का संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छ सर्वेक्षण में भागीदारी बढ़ाने तथा स्वच्छ पटना, सुंदर पटना के लिए युवाओं को कम करने के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा घर के जे.डी वीमेंस कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत तथा जानकी देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर डॉ. हिना रानी ने किया। सात दिवसीय कैंप के दौरान पांचवें दिन पूरा फोकस स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत अभियान पर रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाले कैंप के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मीरा कुमारी मैडम ने सामुदायिक सेवा के महत्व को समझाया। साथ ही छात्राओं को एकजुट होकर सेवा के लिए तत्परता से कार्य करने की आदत व्यक्तिगत जीवन में उतारने की सलाह दी। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हिना रानी एवं डॉ मंजरी नाथ ने छात्राओं के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान को तत्परता के साथ चलाने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम के लिए 50 स्वयं सेवकों का चयन किया गया। पटना नगर निगम और जेडी वुमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को पटना नगर निगम की ओर से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें वंदना सिंह धात्री चंद्र, अनुष्का, अंशु कुमारी, अमीषा कुमारी, सलोनी कुमारी, तुलसी, खुशी, अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, पिंकी कुमारी, अंशिका कुमारी, अंतरा कुमारी, कोमल कुमारी, सोनी खातून, प्रीति कुमारी, ईशा कुमारी, शानवी पोद्दार, संस्कृति राठौर, येशु कुमारी, जिया सिंह, अलीशा परवीन, आलिया परवीन, श्रुति कुमारी, राज लक्ष्मी कुमारी, गुड़िया कुमारी, सुफिया परवीन, अलीशा रानी, अक्षरा कुमारी, मुस्कान कुमारी, शांभवी कुमारी, सौम्या चौहान, प्रियंका कुमारी, अनामिका झा, पूजा कुमारी, राधा प्रियदर्शनी, गुंजा कुमारी, निकिता कुमारी, निहारिका कुमारी, सानिया कुमारी, श्रुति कुमारी, श्वेता राज, अपराजिता, तेजस्विनी कुमारी, सुमेधा कुमारी, मेहर परवीन, मधु कुमारी, खुशी सिंह और सौम्या कुमारी शामिल रहे।

## तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** तीन दिवसीय महावीर जयंती के प्रथम दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जैन संघ के विजय कासलीवाल, बिनोद पहाड़िया, पूनम सिंघी, रमेश कामदार, मुकेश जैन, सुबोध जैन, संजय जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ द्वारा भगवान महावीर के जीवन पर आधारित भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निकिता गंगवाल एवं अन्य महिलाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ हुआ। मंगलाचरण के पश्चात नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके उपरांत भगवान महावीर का गुणगान किया गया तथा महावीर जयंती पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा की झलक मंच पर सिद्धार्थ जैन के नेतृत्व में प्रस्तुत की गई। सोनू एवं संगीता के नेतृत्व में महिलाओं ने 'वीर झूले वीर झूले-पालना में हमारे छोटे से महावीर झूले' गीत पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद भगवान महावीर के जीवन की विभिन्न झलकियों को नृत्य-नाटिका के माध्यम से दर्शाया गया। भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर 'बाजे कुण्डलपुर में बधाई' गीत पर योशिया एवं शैली ने अपनी सहेलियों के साथ आकर्षक नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूर्वी, मोहक एवं अन्य बाल कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मीठापुर की बालिकाओं द्वारा 'रग-रग में दौड़ता है नमोकार' गीत पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई। साधना एवं पूनम ने 'वीर जन्मे, गाओ बधाई, खुशियां मनाओ' गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से 'आओ आओ पधारो हे जिनवर' गीत गाकर भगवान का आह्वान किया गया तथा सामूहिक आरती की गई।जैन संघ के मीडिया सचिव एम.पी. जैन ने बताया कि पूरे सांस्कृतिक कार्यक्रम का निर्देशन, संयोजन एवं प्रस्तुति जैन संघ की महिला सदस्यों–सरला छाबड़ा जैन, अर्चना जैन, तृप्ति टोंग्या, विनल छाबड़ा, सोनू गंगवाल जैन, कल्पना जैन सेठी, ममता छाबड़ा जैन सहित अन्य के द्वारा किया गया।

## मैट्रिक पास छात्रों के लिए बड़ी पहल

### कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में सीखें कम्प्यूटर कोर्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वैशाली (बिहार)।** मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने एक सराहनीय पहल की है। संस्थान द्वारा सफल विद्यार्थियों को मुफ्त कम्प्यूटर कोर्स उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है जिससे वे डिजिटल युग में अपने कैरियर को मजबूत बना सकें। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मैट्रिक की सफलता छात्रों के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन वर्तमान समय में कम्प्यूटर ज्ञान के बिना आगे बढ़ना कठिन है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से संस्थान ने यह निर्णय लिया है कि अधिक से अधिक छात्रों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस कोर्स के तहत छात्रों को बेसिक कम्प्यूटर, एमएस ऑफिस, इंटरनेट, टाइपिंग एवं अन्य आवश्यक डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे वे उच्च शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान प्रबंधन के अनुसार यह पहल खासकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, ताकि कोई भी छात्र तकनीकी शिक्षा से वंचित न रह जाए। नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इच्छुक छात्र-छात्राएं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में जाकर जानकारी प्राप्त कर नामांकन ले सकते हैं। संस्थान ने बताया कि सीटें सीमित हैं, इसलिए छात्र जल्द से जल्द नामांकन सुनिश्चित करें। अंत में डॉ. झा ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने भविष्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएं।

## नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव से डॉ ध्रुव ने की शिष्टाचार भेंट, पुस्तकें अर्पित कीं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य एवं नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने रविवार को नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव से शिष्टाचार भेंट उन्हें नालंदा कॉलेज परिवार की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ ध्रुव ने नंद किशोर यादव को हिमांशु कुमार लिखित पुस्तक 'नरेंद्र मोदी के पांच प्रण', चितरंजन सावन्त लिखित पुस्तक 'वैदिक विचार', स्व लिखित लघुकथाओं का संग्रह 'लकीर के उस पार' एवं नालंदा कॉलेज की वार्षिक डायरी भेंट की। मुलाकात के दौरान महामहिम ने डॉ ध्रुव से नालंदा कॉलेज एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं पटना की साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियों की चर्चा की। डॉ ध्रुव ने उम्मीद जताई की कि नंद किशोर यादव की मौजूदगी से नागालैंड सहित उत्तर-पूर्व के प्रदेशों में राष्ट्रभाषा हिंदी और समृद्ध होगी।

## डॉ आरती को प्रयागराज में मिला 'सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**प्रयागराज।** साहित्यिक संस्था 'गुफ्तगू' द्वारा 28 और 29 मार्च को 'प्रयागराज लिटरेरी फेस्टिवल-2026' का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज (अंग्रेजी माध्यम) स्थित पिंक हाल में किया गया। इस समारोह में मुजफ्फरपुर शहर की डॉ आरती कुमारी को साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सुभद्रा कुमारी चौहान अवार्ड' 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें मुख्य अतिथि सौरभ श्याम शमशेरी (इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति), कार्यक्रम अध्यक्ष रजा मुराद (फिल्म अभिनेता) , विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शॉल, श्रीफल, मेमेंटो, एवं सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ इम्तियाज अहमद गाजी ने सभी सम्मानित साहित्यकारों का परिचय दिया और धन्यवाद ज्ञापन किया। माड़ीपुर स्थित डॉ आरती कुमारी वर्तमान में मुजफ्फरपुर के रामदयालु सिंह महाविद्यालय में अंग्रेजी की सहायक प्राध्यापक हैं।

# पान किसानों की समृद्धि की ओर बड़ा कदम

### वैज्ञानिक खेती, अनुदान और पारदर्शी चयन से बढ़ेगी आय : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पान उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और पारंपरिक पान उत्पादन को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने 'पान विकास योजना' के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने बताया कि चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2026-27 तक दो वर्षों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने कहा कि बिहार अपने विशिष्ट पान स्वाद, विशेषकर मगही एवं देशी पान के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। इस योजना के माध्यम से इन पारंपरिक किस्मों के क्षेत्र विस्तार, वैज्ञानिक उत्पादन तथा किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष बल दिया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस योजना के तहत राज्य के 12 पान उत्पादक जिलों-औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा, सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर एवं दरभंगा के इच्छुक किसानों को सहायतानुदान प्रदान किया जाएगा। इससे पान की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत मगही एवं देशी पान की खेती करने वाले व्यक्तिगत कृषकों एवं एफपीसी के सदस्यों को 100 वर्गमीटर (0.01 हेक्टेयर) क्षेत्र के लिए प्रति कृषक 11,750 रुपये का सहायतानुदान दिया जाएगा। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक किसान उद्यान निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 'पान विकास योजना' के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 20 मार्च 2026 से शुरू हो चुकी है तथा 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि उद्यान निदेशालय द्वारा किसानों को प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पान उत्पादन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## रोटरी क्लब ने किया वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना के सभी रोटरी क्लब एवं जिलापाल रोटेरियन नम्रता के कुशल नेतृत्व में 'चलो दिल से' शीर्षक से वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इनकम टैक्स गोलंबर से 7 बजे वॉकाथॉन के साथ हुआ जिसे मंत्री अशोक चौधरी एवं पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन ने गुलाबी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकाथॉन में रोटरी इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण एवं समाज के समग्र विकास हेतु किए जा रहे मानवीय कार्यों को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकी तथा कैंसर जागरूकता रथ भी शामिल था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री अशोक चौधरी, बिहार वॉकाथान में साथ-साथ चले। इस वॉकाथान में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एवं पटना के सभी रोटरी क्लबों के रोटेरियनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जो लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाती थी।

## किसना ने किया कंकड़बाग में एक्सक्लूसिव शोरूम लांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने बिहार में अपने 16वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन पटना के कंकड़बाग स्थित आरके प्लाजा, मेन रोड पर किया। शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स राज कुमार राय एवं प्रगति कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस भव्य उद्घाटन के अवसर पर किसना ने विशेष उद्घाटन ऑफर की घोषणा की है जिसमें शोरूम लॉन्च के दिन डायमंड ज्वेलरी पर अतिरिक्त 5 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही फेस्टिव सीजन के तहत 'अक्षय हैप्पीनेस कैंपेन' के अंतर्गत 'द बिगेस्ट फेस्टिव ऑफर' भी पेश किया गया है जिसमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी पर कई आकर्षक ऑफर्स शामिल हैं जो ग्राहकों को त्योहारों के जश्न के साथ खरीदारी के लिए आमंत्रित करते हैं।

## 'अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग' का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अहसास कलाकृति, पटना द्वारा आयोजित दो दिवसीय अहसास के रंग नाट्योत्सव के संग का भव्य शुभारंभ गंगा भवन, जनता रोड, गर्दनीबाग, पटना में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. भगवान दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। नाट्योत्सव की पहली प्रस्तुति द क्रिएटिव आर्ट थिएटर वेलफेयर सोसाइटी, पटना द्वारा मंचित नाटक जो लौट नहीं सकते रही। यह नाटक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा लिखित एवं सैयद अता करीम के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। नाटक ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इसमें नायक किसन के माध्यम से पलायन के दर्द को मार्मिक रूप से दर्शाया गया। यह प्रस्तुति उस कठोर सच्चाई को उजागर करती है कि गांवों और कस्बों से रोजगार की तलाश में शहरों की ओर जाने वाले अनेक मजदूर परिस्थितियोंवश अपने घर वापस नहीं लौट पाते और शोषण, उपेक्षा तथा कठिनाइयों के बीच शहर की भीड़ में खो जाते हैं। इस नाटक में कुमार मानव, मंतोष कुमार, अर्चना कुमारी, विजय कुमार चौधरी, राजू कुमार, भुनेश्वर कुमार, बलराम कुमार और मयंक कुमार ने प्रभावशाली अभिनय किया।

CMYK

# भभुआ में क्लियर प्रीमियम वाटर की नकली फैक्ट्री पर छापा, 70 लाख का माल बरामद

## दिल्ली कोर्ट के आदेश पर भभुआ थाना के साथ कार्रवाई, फैक्ट्री सील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** क्लियर प्रीमियम वाटर कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर विवेका कुमार ओझा ने बताया कि भभुआ शहर में उनके ब्रांड की नकली (दो नंबर) बोतलें बनाई जा रही थीं। दिल्ली पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर कंपनी की चार सदस्यीय टीम (एडवोकेट व कोर्ट कमिश्नर सहित) ने भभुआ थाना के सहयोग से छापेमारी की। इसमें 36,000 बोतलें, स्टिकर और रॉ मटेरियल बरामद हुए जिनका अनुमानित बाजार मूल्य करीब 70 लाख रुपये है। एक साल पहले डुप्लिकेट की सूचना मिलने पर कंपनी ने कोर्ट में केस दायर किया था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब छापामारी किया। ओझा ने कहा 'वे हमारे ब्रांड का नाम कॉपी कर नकली पानी बना-बेच रहे थे। टर्म्स ऑफ कंडीशन क्या थे, यह जांच में पता चलेगा।' भभुआ थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। नकली प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी को सील कर दिया गया है। आगे कानूनी कार्रवाई जारी है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी ब्रांड की साख बचाने और उपभोक्ताओं को नकली प्रोडक्ट से बचाने के लिए की गई। दिल्ली से आई टीम ने कोर्ट कमिश्नर की मौजूदगी में पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। स्थानीय व्यापारियों में इस कार्रवाई से राहत है क्योंकि नकली पानी से स्वास्थ्य को खतरा था। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और कंपनी को सील कर दिया गया है।

# किसान के बेटे ने बिहार में आठवां स्थान प्राप्त किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अर्जुन बिगहा के रहने वाले नीरज कुमार ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 483 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में आठवां स्थान प्राप्त कर अपने गांव पंचायत, प्रखंड सहित जिले का नाम रौशन किया। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे नीरज कुमार दो भाई हैं पिता लक्ष्मी सिंह और दादा यमुना सिंह गांव में खेती बाड़ी करके परिवार का भरण पोषण करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाये हैं। मां चिंता देवी गृहणी हैं, नीरज ने बताया कि परिवार की स्थिति एवं बड़े पुत्र की जिम्मेदारी को ध्यान में रखकर मैं दिन रात कड़ी मेहनत एवं लग्न के साथ अपने गांव के ही शिक्षक ईश्वर चंद्र के पास ट्यूशन एवं अशोक कुमार जैन+2 विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक सर एवं वर्ग शिक्षकों के मार्गदर्शन पर पढ़ाई किया। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि नीरज काफी कुशल एवं होनहार छात्र है जो नियमित विद्यालय आकर लगन के साथ पढ़ाई करता था जिसका लिखावट काफी आकर्षक है। इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित गुरू जनों को दिया। खुशी के अवसर पर माता पिता ने मिठाई खिलाकर भविष्य में इससे भी बेहतर पढ़ाई कर नई ऊंचाईयों को छुने के लिए प्रोत्साहित किया। खुशखबरी सुनते ही सरपंच प्रतिनिधि सुभाष कुमार उर्फ मिठू सिंह ने मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाया, वहीं बधाई देने वाले का तांता लगा रहा।

# उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिले आशुतोष सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** बिहार प्रदेश जदयू के वरिष्ठ नेता सह अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से पटना में एक शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि रोहतास जिला का मुख्यालय सासाराम है जबकि डीआईजी और एसपी कार्यालय सासाराम से लगभग बीस किलोमीटर दूर डिहरी ऑन-सोन में है जिससे आम-अवाम को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जदयू नेता ने जनहित में दोनों ही कार्यालय को सासाराम जिला मुख्यालय में स्थानांतरित करने की मांग की। जदयू नेता ने एनडीए नीतीश कुमार सरकार के नेतृत्व में हो रहे बिहार के चहुंमुखी विकास की सराहना करते हुए संभावना व्यक्त की है कि आने वाले समय में एनडीए और भी मजबूत होगा।

# युवक ने की आत्महत्या, कारण स्पष्ट नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** सासाराम के फैजलगंज इलाके से एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर सामने आई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत्यु के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हर पहलू से पड़ताल की जा रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# डिहरी में शुरू हुई 72 लाख की हाई टेक एम्बुलेंस सेवा

## सभी सुविधायुक्त एम्बुलेंस डिहरी के लिए गर्व की बात : उर्मिला देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जनसेवक अनुज कुशवाहा द्वारा 72 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की गई है। राजस्थान के जयपुर में निर्मित यह एम्बुलेंस आधुनिक अस्पताल जैसी सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित है। इस हाई-टेक एम्बुलेंस में वेंटिलेटर सहित कई जीवनरक्षक उपकरण लगाए गए हैं जिन पर करीब 8.5 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। एम्बुलेंस में प्रशिक्षित नर्स की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी जिससे गंभीर मरीजों को लंबी दूरी तक सुरक्षित और बेहतर चिकित्सा देखभाल के साथ ले जाया जा सकेगा। जरूरत पड़ने पर मरीजों को जम्मू और कश्मीर जैसे दूरस्थ इलाकों तक भी पहुंचाने की क्षमता इस एम्बुलेंस में मौजूद है। उर्मिला देवी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नाती द्वारा डिहरी नगर में इस तरह की सुविधायुक्त एम्बुलेंस सेवा शुरू करना गर्व की बात है। वहीं अनुज कुशवाहा ने बताया कि उन्हें इस सेवा की प्रेरणा अमेरिका यात्रा के दौरान मिली जहां मोबाइल मेडिकल सुविधाओं को देखकर उन्होंने इसे स्थानीय स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया। सबसे खास बात यह है कि डिहरी और रोहतास क्षेत्र के राशन कार्ड धारकों के लिए यह एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस का उद्घाटन ऐनीकट रोड स्थित गैस गोदाम के समीप कार्यालय परिसर से किया गया जहां अनुज कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन शम्भू राम, मनोज सिंह और उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया। इस अवसर पर उर्मिला सिंह, वार्ड पार्षद मीना देवी, आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा, शकुंतला सिंह, ममता देवी, गंगा देवी, गीता देवी, सतेन्द्र कुमार, लोजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. रामाशंकर पासवान, मनोज पासवान, बजरंगी पासवान, दिलीप शर्राफ, उमा कुशवाहा, वेद प्रकाश यादव सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कैमूर के विकास ने मैट्रिक में लाया बिहार में पांचवां स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** चैनपुर प्रखंड के हाटा गांव में स्थित एसएस 108 हाई स्कूल के छात्र विकास कुमार गुप्ता ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 में 486 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में पांचवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल छा गया है। विकास ने कुल 500 अंकों में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 9 से 10 घंटे की नियमित पढ़ाई की। इस मेहनत का नतीजा रहा कि उन्हें राज्य स्तर पर टॉप-5 में जगह मिली। उन्होंने कहा नियमित अध्ययन और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। विकास के पिता अनिल कुमार गुप्ता सब्जी का व्यवसाय करते हैं। रिजल्ट आने से पहले उन्हें विश्वास नहीं था कि उनका बेटा इतना बेहतर प्रदर्शन करेगा, लेकिन जब परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने कहा, मेरे बेटे की मेहनत का फल है। बहुत खुशी हो रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण है फिर भी विकास ने अपनी लगन से यह मुकाम हासिल किया। मां सुनीता देवी भावुक होते हुए बताती हैं मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मेरा बेटा इतने अच्छे नंबर लाया है। विकास के दो भाई और एक बहन हैं जिसमें वह दूसरे नंबर का बच्चा है। पूरे परिवार ने इस सफलता पर मिठाई बांटी और पड़ोसियों को भी खुशखबरी दी। स्थानीय स्तर पर भी इस सफलता की चर्चा है। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने विकास की सराहना की। इस उपलब्धि से ग्रामीण क्षेत्र के अन्य छात्रों को प्रेरणा मिली है कि मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# सड़क हादसे में एक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** क्षेत्र में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन कोई न कोई इसका शिकार बन रहा है। ताजा मामले में मोहनपुर गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें 65 साल के जय गोविंद साह की मौत हो गई। वे अपने घर के पास टहल रहे थे जब एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई और परिजनों की हालत खराब हो गई। जानकारी के मुताबिक जय गोविंद साह शाम करीब 6 बजे घर के पास टहल रहे थे तभी एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें घर लाया, लेकिन अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। काराकाट थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। बाइक सवार की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस जांच में जुटी है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में सत्र 2026-27 हेतु आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। 29 मार्च से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलेगी जिसमें पूरे दिन भर में पांच सत्र होंगे। तिलौथू हाउस से यशवीर सिंहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तिलौथू प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुमेर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, सदस्य शशिभूषण प्रसाद तथा इस विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंहा ने उपस्थित अधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। कार्यशाला की उपादेयता की चर्चा करते हुए विशिष्ट अतिथि के रूप में यशवीर सिंहा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य है कि हम सभी बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा कैसे प्रदान करें। आज के इस सामाजिक परिवेश में बच्चे बड़ों को सम्मान देने में संकोच कर रहे हैं, उन्हें कैसे अच्छी संस्कार दी जाए तथा अभिभावकों को अपने बच्चों के बारे में पूरी जानकारी किस प्रकार दी जाए। इन सभी की चर्चा आज इस कार्यशाला में करने की आवश्यकता है। बच्चों के गलतियों को सुधारने एवं ठीक करने के लिए अभिभावकों के बीच संपर्क रखना अति आवश्यक है। इसके लिए कक्षाशः अभिभावक शिक्षक सभा करनी चाहिए। पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने कहा कि यह विद्यालय समाज में होने वाले प्रतियोगिताओं में अग्रणी रहा है, अतः वह प्रतिष्ठा बनी रहे इसलिए सभी आचार्यों को टीम भावना के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। आज डिजिटल युग में पढ़ाई की जानकारी कई माध्यमों से बच्चों को मिल रही है अतः सभी शिक्षकों को डिजिटल अपडेटिंग आवश्यक है। विद्यालय अध्यक्ष के रूप में सुमेर कुमार सिन्हा ने कहा कि आचार्य की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज सत्र की शुरुआत होनी है और आप सभी नामांकन में पूरे विभाग में आगे हैं। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने इस कार्यशाला की प्रस्तावना के रुप में कहा कि डिजिटल लिटरेसी की जानकारी हम सबों को होनी चाहिए। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रमुख सर्वेश चंद्र मिश्र उप प्रधानाचार्य ने किया। अंत में इस सत्र का समापन हुआ।

# डिहरी में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता सम्मेलन आयोजित, मरीजों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी में जाने-माने मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अमरदीप कुमार (एम.डी., पीएमसीएच) द्वारा सरोज न्यूरो साइकेट्रिक क्लिनिक में महीने के अंतिम रविवार को मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में लगभग 50 से 60 मरीजों ने सहभागिता दर्ज कराई। सम्मेलन के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न रोगों का परामर्श एवं इलाज किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमरदीप कुमार ने कहा कि मनोरोग भी आम बीमारियों की तरह ही होते हैं जिनकी समय पर पहचान और उचित इलाज बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों और परिवार के सदस्यों से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता अभी भी काफी कम है जिसके कारण लोग समय पर इलाज नहीं करवा पाते। आम जन को इसके लक्षणों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही आवश्यक है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का, क्योंकि यह हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गौरतलब है कि डॉ. अमरदीप कुमार समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते रहते हैं जिससे आम लोगों को लाभ मिल रहा है।

# ऋषि कुमार ने प्रखंड का नाम किया रौशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज(रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के कोआथ नगर पंचायत के जगनारायण प्लस टू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र ऋषि कुमार ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2026 में 479 अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है जिससे पूरे दावथ प्रखंड का नाम रौशन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे कोआथ नगर पंचायत और दावथ प्रखंड को गर्व महसूस हो रहा है। ऋषि कुमार की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, रीना देवी और बीरेंद्र कुमार चौधरी, शिक्षकों और अपने खुद के प्रयासों का बड़ा हाथ है। उनके माता-पिता ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया और समर्थन दिया जिसके लिए वे आभारी हैं। ऋषि कुमार के परिवार ने बताया कि वे बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहे हैं और उनकी इस सफलता के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

# तिलौथू में युवा मंडल विकास अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** मेरा युवा भारत रोहतास के बैनर तले 'माय भारत युवा मंडल विकास अभियान 2025-26' के अंतर्गत छात्र संघ युवा क्लब पथरा के सहयोग से रविवार को तिलौथू प्रखंड के न्यू एरिया स्थित एक सभागार हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनवाईवी रवि कुमार ने किया जबकि इसकी अध्यक्षता राकेश कुमार ने की। संचालन पूर्व एनवाईवी राजू मारकोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी निरंजन कुमार उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथियों में अमित कुमार, विकास कुमार, बलजीत कुमार सोनी, वार्ड सदस्य सुरजनाथ सिंह सहित अभिराज, अंजू कुमारी, सृष्टि कुमारी, प्रिंस कुमार, मुकेश कुमार, संजय कुमार, प्रभु कुमार, अभिषेक कुमार, पूजा कुमारी, आरती कुमारी और संदीप कुमार समेत कई युवा एवं क्लब सदस्य शामिल हुए। अपने संबोधन में रवि कुमार ने कहा कि युवा क्लब एक सक्रिय, समाजोन्मुखी एवं राष्ट्रनिर्माण को समर्पित संगठन है। मेरा युवा भारत के अंतर्गत यह युवाओं को राष्ट्रसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने बताया कि इस मंच के माध्यम से खेलकूद, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता है। पहले इसे नेहरू युवा केंद्र के नाम से भी जाना जाता था। कार्यक्रम में युवाओं को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और संगठित होकर कार्य करने का संदेश दिया गया।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले के तिलौथू स्थित प्रसिद्ध ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में शनिवार को भजन संध्या का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के आरंभ होते ही पूरा मंदिर परिसर भक्ति के रंग में रंग गया और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। 'राम नाम' और विभिन्न भक्ति गीतों की मधुर गूंज से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए भजन गायकों ने भी अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है जिससे पूरे परिसर का वातावरण अत्यंत दिव्य और मनमोहक बन गया है। रंग बिरंगी रोशनी और साज-सज्जा ने श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। आयोजकों ने बताया कि इस भजन संध्या का मुख्य उद्देश्य लोगों में भक्ति भावना का प्रसार करना तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाना है।

# 20 वर्षों की सेवा हेतु मनीष कुमार शरण सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी डालमियानगर निवासी मनीष कुमार शरण को मानवाधिकार क्षेत्र में 20 वर्षों का सफल सफर पूरा करने पर गया में आयोजित एक विशेष समारोह में मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय मानवाधिकार सामाजिक संरक्षण प्रशासनिक कार्यालय, गया जी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया। अपने दो दशक लंबे कार्यकाल में मनीष कुमार शरण, जो राष्ट्रीय मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं, ने आम जनता की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय और विभिन्न प्रदेश स्तर के मानवाधिकार आयोगों में अनेक शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग के साथ-साथ बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के राज्य मानवाधिकार आयोग शामिल हैं। उनकी पहल पर कई मामलों में त्वरित कार्रवाई हुई और पीड़ितों को न्याय मिला। इस महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान स्वरूप गया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारतीय मानवाधिकार सामाजिक संरक्षण के संस्थापक अभिजीत कुमार, गुजरात महिला संरक्षण की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी शर्मा, बिहार के प्रदेश सचिव संतोष कुमार, जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मनीष कुमार शरण के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रीअरविन्द सोसायटी में श्रीमां के आगमन दिवस पर कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** श्रीअरविन्द सोसायटी की स्थानीय शाखा में श्रीमां के श्री अरविन्द आश्रम, पुडुचेरी में प्रथम आगमन दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ उषा ध्यान से किया गया जिसके बाद 'माता' पुस्तक का स्वाध्याय किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने श्रीमां के प्रथम आगमन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार श्रीमां ने श्रीअरविन्द के दिव्य कार्यों को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में साधकों ने भक्ति भाव के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर सीधेश्वर प्रसाद, सरोज चौबे, राजेश तुलस्यान, रेखा सिंह, अरविंद शर्मा सहित अन्य साधक उपस्थित रहे।

## शपथ-पत्र

मैं रमेश पाल पिता स्व. वृक्ष भगत ग्राम-नेयापुर, पो.- बहुआरा, थाना-देव, जिला-औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड 824202 शपथपूर्वक सत्य एवं निष्ठा से निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। आधार कार्ड सं.-5423 8586 5786, पैन कार्ड एवं पहचान पत्र में मेरा नाम रमेश पाल अंकित है।

केवाला में मेरा नाम रामेश्वर भगत पिता स्व. वृक्ष भगत अंकित है। यह शपथ मैं अपने नाम रमेश पाल वो रामेश्वर भगत दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है जो मैं ही हूं और मैं अपने दोनों नामों के सत्यापन के संदर्भ में शपथ कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 8021 दिनांक 23.3.26

**शपथकर्ता**
**रमेश पाल**

# नवादा में रामनवमी जुलूस, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। जुलूस के दौरान "जय श्री राम" के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा की शुरुआत शहर के विभिन्न पूजा स्थलों से की गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए निर्धारित स्थानों तक पहुंची। जुलूस में शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की जीवंत झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संदेशों को प्रदर्शित करती झांकियां भी देखने को मिलीं, जिनका लोगों ने खूब सराहना की। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति गीतों पर झूमती नजर आईं, वहीं युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शहर के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई और जगह-जगह बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी। जुलूस के मार्गों पर पुलिस पदाधिकारी लगातार गश्त करते नजर आए, जिससे किसी भी तरह की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हो सकी। इस दौरान जिला नियंत्रण कक्ष से जिला पदाधिकारी (डीएम), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) लगातार जुलूस की स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। अधिकारियों द्वारा भीड़ की गतिविधियों की नियमित जानकारी ली जा रही थी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे, जिससे पूरे कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से हो सका। प्रशासन और आयोजकों के बेहतर समन्वय के कारण यह विशाल जुलूस शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शहरवासियों ने भी अनुशासन और सहयोग का परिचय दिया, जिससे आयोजन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हुई। रामनवमी के इस पावन अवसर पर नवादा में निकाला गया यह भव्य जुलूस न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश दे गया। पूरे आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब प्रशासन और आम जनता मिलकर कार्य करते हैं, तो किसी भी बड़े कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है।

# रामनवमी पर भारत विकास परिषद का सेवा शिविर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रामनवमी के पावन अवसर पर भारत विकास परिषद, शाखा नवादा द्वारा शहर के लाल चौक पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से शोभा यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के बीच शुद्ध पेयजल एवं मीठा शरबत का वितरण किया गया, जिससे भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र कुमार सोनी ने की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक अवसरों पर सेवा कार्य करना ही सच्ची समाज सेवा है। उन्होंने सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि परिषद का उद्देश्य सेवा भावना को समाज में बढ़ावा देना है। शिविर में परिषद के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत प्रदान करना और सेवा भाव को सुदृढ़ करना रहा।

# बाल विवाह व बाल श्रम से मुक्त बच्चों के लिए विशेष पुनर्वास कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** संयुक्त श्रम विभाग परिसर में समाज में बाल अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी आइडिया स्वयंसेवी संस्था द्वारा बाल विवाह से बचाई गई बच्चियों एवं बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए विशेष "सर्वाइवल एवं पुनर्वास कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा काउंसलिंग सत्र, जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) प्रशिक्षण एवं शिक्षा के महत्व पर जागरूकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की गई। आइडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियां बच्चों के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। ऐसे में केवल बच्चों को मुक्त कराना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका समुचित पुनर्वास और विकास सुनिश्चित करना भी बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय एवं अभिभावकों को भी जागरूक किया गया कि वे बच्चों के अधिकारों का सम्मान करें और उन्हें शिक्षा से वंचित न रखें। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक नालंदा अश्विनी कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सीमा कुमारी, बाल कल्याण समिति नालंदा की पुष्पा पांडेय तथा आइडिया संस्था की निदेशक रागिनी कुमारी ने बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिला-पुरुष, किशोर-किशोरियों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

अंत में आइडिया संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा सभी को बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ संकल्प दिलाया गया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की मदद एवं जागरूकता अभियान जारी रखने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों के श्रम पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं आइडिया के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, मंटू कुमार, अश्विनी, विवेक गंगोत्री, सुशीला देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मैट्रिक में अदीबा जुनैद का जलवा, बिहार में नौवां स्थान हासिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मरुई गांव की होनहार छात्रा अदीबा जुनैद ने मेहनत और लगन की नई मिसाल पेश की है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में नौवां स्थान प्राप्त किया। अदीबा, मो. जुनैद अख्तर की पुत्री हैं, जिनकी इस सफलता से परिवार और गांव में खुशी की लहर है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। सभी ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी है।

# तेल्हारा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन, सस्ती दवाओं से मिलेगा लाभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकंगरसराय (नालंदा)।** प्रखंड के तेल्हारा स्थित जीविका दीदी हाट में शनिवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन बिहार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रूहल रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि वर्ष 2006 में विश्व बैंक के सहयोग से जीविका योजना की शुरुआत हुई थी, जो आज एक सशक्त आंदोलन का रूप ले चुकी है। वर्तमान में राज्य की एक करोड़ 89 लाख महिलाएं इससे जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जीविका समूहों को बैंक ऋण के साथ-साथ आरएफ (30 हजार रुपये) एवं आईसीएफ (1.5 लाख रुपये) के रूप में सहायता राशि दी जाती है, जिसे वापस नहीं करना होता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत अब तक एक करोड़ 69 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिए जा चुके हैं तथा आगे चरणबद्ध तरीके से 20 हजार, 40 हजार, 80 हजार और 60 हजार रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि बिहार में पूर्ण नशाबंदी लागू करने में जीविका दीदियों की अहम भूमिका रही है और उन्हें आगे भी इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि जन औषधि केंद्र के माध्यम से आम लोगों को बाजार दर से 40 से 60 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने नालंदा जिले में 90 हजार महिलाओं के 'लखपति दीदी' बनने की जानकारी देते हुए इसे जीविका की बड़ी उपलब्धि बताया।

विधायक रूहल रंजन ने जीविका दीदी हाट की सराहना करते हुए जन औषधि केंद्र की स्थापना को सराहनीय पहल बताया और इसके लिए सरकार व मंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक संजय प्रसाद पासवान ने विषय प्रवेश करते हुए जीविका दीदी हाट एवं जन औषधि केंद्र की विस्तृत जानकारी दी तथा लोगों से सस्ती दवाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, एलएचएस प्रेम कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक विनीता राज, रेखा कुमारी, सामुदायिक समन्वयक शोभा कुमारी, आशा कुमारी, स्मृति सिन्हा, ब्रजेश कुमार, कविता कुमारी, विनीता सिन्हा, माधुरी कुमारी, चांदनी कुमारी, लेखपाल रम्मी कुमारी, कार्यालय सहायक नीरज कुमार, राजकुमार शाही, सीएलएफ अध्यक्ष यशोदा देवी, फार्मासिस्ट दीपेंद्र कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। साथ ही युवा जदयू जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सर्वेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि विद्युत कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधि और मीडिया कर्मी भी मौजूद रहे।

# दवा प्रतिनिधियों का द्विवार्षिक सम्मेलन एवं चुनाव सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रामचंद्रपुर स्थित एक निजी होटल में रविवार को अखिल भारतीय दवा प्रतिनिधि संपर्क यूनियन, बिहारशरीफ इकाई का द्विवार्षिक सम्मेलन एवं चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले की विभिन्न दवा कंपनियों में कार्यरत दवा प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य उपाध्यक्ष कॉमरेड रंजीत प्रसाद सिंह ने किया। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की दवा उद्योग नीति, भूमंडलीकरण, निजीकरण तथा बदलते हालातों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में दवाओं की कीमत कम करने, दवाओं पर जीएसटी समाप्त करने, कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा नकली और बिना लाइसेंस की दवाओं की बिक्री पर सख्ती जैसे जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही इन समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की मांग की गई। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे, सचिव गुंजन कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, उप सचिव धीरज कुमार सहित आठ सदस्यीय कार्यकारिणी का चयन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने संगठन को मजबूत करने, सदस्यों की संख्या बढ़ाने, सेल्स प्रमोशन एक्ट के तहत दवा प्रतिनिधियों के अधिकारों की सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के समापन पर राज्य उपाध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जिले के सक्रिय सदस्य राजेश कुमार, प्रवीण कुमार और चंदन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिखेगी भारतीय परंपरा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालन्दा विश्वविद्यालय आगामी मंगलवार को अपने द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने परंपरागत दीक्षांत परिधानों में एक महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए भारतीयता और स्थिरता को केंद्र में रखते हुए विशेष अकादमिक परिधान तैयार किए हैं। भारी मखमली औपनिवेशिक गाउन की परंपरा से परे नालंदा विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए खादी के परिधान अपनाए हैं, जबकि विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के लिए अहिंसा रेशम (पीस सिल्क), जिसमें बिहार का प्रसिद्ध भागलपुरी रेशम भी शामिल है, से निर्मित वस्त्र तैयार किए गए हैं। अहिंसा रेशम एक पर्यावरण-अनुकूल और क्रूरता-मुक्त कपड़ा है, जिसमें रेशम के कीड़ों को बिना हानि पहुँचाए उनके कोकून से स्वाभाविक रूप से बाहर आने दिया जाता है। यह कपडा हल्का, आरामदायक और स्थानीय जलवायु के अनुरूप होता है। यह पहल अकादमिक गरिमा को बनाए रखने के साथ-साथ भारतीय परंपराओं और पर्यावरणीय मूल्यों के साथ भी सामंजस्य स्थापित करती है। परिधानों का डिज़ाइन, रंग-संयोजन और कलात्मकता नालन्दा विश्वविद्यालय के लोगो में निहित "द नालन्दा वे" की मूल भावना से प्रेरित है, जो मानव और प्रकृति के सह-अस्तित्व को दर्शाती है। नालंदा विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह, मानव आकृतियों से निर्मित एक वृक्ष, इसी दर्शन को साकार करता है, जो सतत विकास, ज्ञान-साझेदारी और विविधता में एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर अतिथियों को प्रदान किए जाने वाले अंगवस्त्र बिहार के नपुरा और बसवन बिगहा के बुनकरों से विशेष रूप से मंगाए गए हैं। साथ ही, 'बावन बूटी' जैसी पारंपरिक बुनाई कला को भी इस पहल में प्रमुखता दी गई है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है। यह प्रयास 'सहभागिता' पहल के अंतर्गत स्थानीय महिला समूहों और कारीगरों के साथ मिलकर किया गया है। इन पहलों के माध्यम से नालंदा विश्वविद्यालय अपने दीक्षांत परंपराओं को एक नया स्वरूप दे रहा है, और साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा, सतत विकास और सामुदायिक सहभागिता के अपने मूल्यों को भी सशक्त रूप से स्थापित कर रहा है।

# आनंद कुमार ने 482 अंक के साथ राज्य में नौवां स्थान हासिल किया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में साधारण परिवार से आने वाले आनंद कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर राज्य में नौवां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। आनंद कुमार नगरनौसा प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय, रामपुर के छात्र हैं। वे मूल रूप से रहुई प्रखंड के सुसंडी गांव के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में ननिहाल के समीप बमपुर गांव में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। आनंद के पिता रविकांत कुमार पेशे से टाइल्स मिस्त्री हैं, जबकि उनकी माता गांव में सिलाई का काम कर परिवार का सहयोग करती हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद आनंद ने अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित रखा और कठिन परिश्रम के बल पर यह सफलता हासिल की।

# रामनवमी जुलूस में श्रद्धालुओं के लिए लगे सेवा शिविर






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में आयोजित भव्य रामनवमी जुलूस के दौरान श्रद्धालु भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में जुलूस में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के बीच शरबत, पानी, लड्डू और बिस्किट का वितरण किया गया, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। भीषण गर्मी के बीच निकले इस विशाल जुलूस में सेवा कार्यों की विशेष सराहना की गई। शहर के प्रमुख मार्गों पर लगाए गए इन शिविरों में स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भक्तों की सेवा की। जुलूस में शामिल लोग भी इन व्यवस्थाओं से काफी संतुष्ट नजर आए और आयोजकों के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, नूतन उन्नति फाउंडेशन सहित कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। इन संगठनों के सदस्यों ने एकजुट होकर सेवा कार्यों को सफल बनाया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। शिविरों में न सिर्फ पेयजल और खाद्य सामग्री की व्यवस्था की गई, बल्कि श्रद्धालुओं को बैठने और विश्राम करने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। कई स्थानों पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी रखी गई थी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। स्थानीय लोगों ने इन सेवा कार्यों को सामाजिक एकता और मानवता की मिसाल बताया। रामनवमी के इस पावन अवसर पर किए गए इस प्रकार के प्रयासों ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित किया। कुल मिलाकर, रामनवमी जुलूस के दौरान लगाए गए ये सेवा शिविर श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुए और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एक नजर

### शिक्षक के पुत्र ने बिहार टॉप-10 में बनाई जगह, 481 अंक हासिल कर बढ़ाया मान



**पकरीबरावां।** प्रखंड मुख्यालय के दत्तरौल गांव निवासी काशिफ नावेद ने मैट्रिक परीक्षा में 481 अंक प्राप्त कर बिहार में दसवां स्थान हासिल किया है। वह उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरकट्टी के शिक्षक मो. मेराज आलम एवं किसान सलाहकार तमन्ना प्रवीण के पुत्र हैं। काशिफ की इस उपलब्धि से जिले और प्रखंड का नाम गौरवान्वित हुआ है। इंटर विद्यालय पकरीबरावां के छात्र काशिफ ने बताया कि उन्होंने नियमित रूप से सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की और शिक्षक कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में अपनी तैयारी को मजबूत किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों का भी उन्हें भरपूर सहयोग मिला। अपनी सफलता का श्रेय काशिफ ने अपने शिक्षकों और परिवार को दिया है। उनका लक्ष्य आगे चलकर आइआइटी में चयनित होना है और इसके बाद यूपीएससी की तैयारी करना है। उन्होंने कहा कि कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि और अधिक मेहनत करनी चाहिए। काशिफ की सफलता से दत्तरौल गांव एवं विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता मो. अबूतलहा उर्फ भोला सहित विद्यालय के शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि इंटर विद्यालय पकरीबरावां की छात्रा श्रेया कुमारी ने भी इंटर परीक्षा के कॉमर्स संकाय में राज्य में चौथा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।




राम भक्तों के लिए प्रगति फाउंडेशन ने लगायी सेवा शिविर

# माता काली का प्रतिमा को श्रद्धाभाव से विसर्जन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के विभिन्न गांव में चैती नवरात्रि को लेकर ओड़ो और सहजपुरा गांव स्थित माता काली की प्रतिमा को रविवार को श्रद्धाभाव से विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ पूजा अर्चना की। उसके बाद माता काली की प्रतिमा के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शरीक हुए। जय माता दी के उदघोष से सारा वातावरण गुंजता रहा। इस मौक़े पर ओड़ो गांव में दिनेश रविदास, राजकुमार, राम नरेश कुमार, सिधो रविदास, सोमारी मांझी, सरयुग रविदास समेत अन्य व सहजपुरा गांव में श्रद्धालुओं में बच्चू सिंह, विजय सिंह, विपिन कुमार, विनोद सिंह, नवीन सिंह समेत अन्य श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा यात्रा में भक्तिभाव से रहे। इसके अलावा हरनारायणपुर और वनगंगा में मां दुर्गा की प्रतिमा को भी श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा शांतिपूर्वक व सौहार्दपर्ण तरीके से दुर्गापूजा सम्पन्न हो गया।

# घर का ताला तोड़कर आभूषण सहित लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोलापुर गांव में बदमाशों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 30 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये नगद लेकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, यह घर राजीव कुमार और अविनाश कुमार का है, जो दोनों सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। राजीव कुमार रेलवे में तथा अविनाश उद्योग विभाग में पदस्थापित हैं। काम के सिलसिले में दोनों भाई बाहर रहते हैं, जिसके कारण घटना के समय घर खाली था। चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आराम से घर के सभी कमरों को खंगाल डाला। घटना की जानकारी मिलने पर जब ग्रामीण और परिजन पहुंचे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दीवान, पलंग, बक्से और अलमारियों को पूरी तरह से खंगाला गया था। सोने-चांदी के जेवरों के खाली डिब्बे घर में इधर-उधर पड़े मिले।

स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि के अनुसार, राजीव कुमार ने फोन पर घटना की सूचना दी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चोरों ने काफी देर तक घर में रुककर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

इधर, दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उर्वरक कालाबाजारी पर सख्ती, क्यूआरटी टीम गठित, शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी में खरीफ सीजन 2026-27 को लेकर कृषि विभाग ने अभी से सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जिले में उर्वरक की उपलब्धता और पारदर्शिता के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी, गड़बड़ी पर सीधी कार्रवाई होगी। जिला कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार ने सभी उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों और थोक विक्रेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कई अहम निर्देश दिए गए। सबसे पहले खरीफ सीजन में उर्वरक के सुचारू संचालन के लिए क्यूआरटी का गठन किया गया। यह टीम बाजार में निगरानी रखेगी और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करेगी। खास तौर पर उन उर्वरक दुकानों पर नजर रखने को कहा गया, जो यूरिया और डीएपी के साथ अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग करते हैं। ऐसे मामलों में सख्त जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि किसानों को किसी भी तरह से मजबूर कर उर्वरक बेचने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। कृषि विभाग ने यह भी बताया कि मार्च, अप्रैल और मई के दौरान किसान उर्वरक का उपयोग कम करते हैं। इस अवधि में आने वाले उर्वरकों का सही तरीके से भंडारण बेहद जरूरी है। अगर भंडारण में लापरवाही मिली तो संबंधित विक्रेता पर कार्रवाई तय मानी जाएगी।

**उर्वरक स्टॉक का सत्यापन सप्ताह में 2 बार कराएं**

कई किसान काले और सफेद दानों को अलग-अलग गुणवत्ता का मानते हैं जबकि हकीकत इससे अलग है। विभाग ने स्पष्ट किया कि काले और सफेद दोनों प्रकार के दानों में पोषक तत्व समान मात्रा में होते हैं। इसलिए किसान बिना किसी भ्रम के दोनों का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही सभी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे अपने पॉस मशीन में दर्ज उर्वरक स्टॉक का सत्यापन सप्ताह में कम से कम दो बार कराएं। इससे स्टॉक में गड़बड़ी या कालाबाजारी पर तुरंत लगाम लगाई जा सकेगी। कृषि विभाग ने साफ संकेत दे दिया है कि इस बार खरीफ सीजन में किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी नहीं चलेगी। इसके लिए हर स्तर पर सख्ती बरती जाएगी।

# भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय में 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण

## प्रधानमंत्री के विचारों से कार्यकर्ता हुए प्रेरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा किसान मोर्चा कार्यालय, बूथ संख्या 236 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुनते हुए उनसे प्रेरणा ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक परिप्रेक्ष्य में खाड़ी क्षेत्र से जुड़े घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए शांति, संवाद और कूटनीति के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका संतुलन और सहयोग की भावना पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ती रुचि की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक एकता जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के उपरांत भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचार समाज के हर वर्ग को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और जागरूक करने का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद (अधिवक्ता), संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, राणा रंजीत सिंह, हीरा यादव, अभिषेक कुमार, शेखर कुमार, मंटू कुमार, कुंदन सिंह, बबलू गुप्ता, महेश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

# भारथू गांव की बेटी मानसी कुमारी ने रचा इतिहास, मैट्रिक परीक्षा में टॉप-10 में बनायी जगह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** जिले के घोषी प्रखंड अंतर्गत भारथू गांव स्थित महंथ केशवदास +2 उच्च विद्यालय (स्थापना 1971) की छात्रा मानसी कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। मानसी ने 500 अंकों की परीक्षा में 482 अंक प्राप्त कर बिहार स्तर पर टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है। मानसी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और जिले में खुशी का माहौल है। एक साधारण परिवार से आने वाली मानसी ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। मानसी कुमारी ने बताया कि वह आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं और एक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना उनका सपना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। मानसी ने कहा कि उनके पिता अवधेश उपाध्याय एक गाड़ी चालक हैं जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। आर्थिक रूप से सामान्य स्थिति के बावजूद उनके माता-पिता ने पढ़ाई में हमेशा पूरा सहयोग दिया। मानसी की मां ने भी बेटी की सफलता पर खुशी जताते हुए बिहार सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब बेहतर सुविधाएं और योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी मदद मिल रही है। उन्हीं सुविधाओं का लाभ उठाकर उनकी बेटी ने यह सफलता हासिल की है। मानसी की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता से जिले के अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

# गयाजी में फल्गु-निरंजना को बचाने की मुहिम तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी के निरंजना-फल्गु नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर बोधगया में बड़ी पहल दिखी। बोधि प्रौद्योगिकी संस्थान में आज एक अहम बैठक हुई। इसमें सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और स्थानीय लोग एक मंच पर जुटे। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा नदियां सिर्फ जल स्रोत नहीं हैं। यह हमारी संस्कृति और आस्था की पहचान हैं। अगर अब नहीं संभले, तो आने वाली पीढ़ियों को सिर्फ सूखी धारा ही मिलेगी। उन्होंने समाज के हर वर्ग से जुड़ने की अपील की।

# टॉस के फैसले से बिहार ने जीता एकदिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** न्यू स्टार फुटबॉल क्लब डबूर के बैनर तले सोमवार की शाम कोंच थाना क्षेत्र स्थित डबूर गांव के खेल मैदान में बिहार बनाम उत्तर प्रदेश के बीच एकदिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मैच का शुभारंभ गुरुआ विधायक डॉ. उपेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया तथा उद्घाटन किक भी लगाया। मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव ने भी किक मारकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मैच में टॉस बिहार की टीम ने जीता। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, लेकिन मध्यांतर और खेल समाप्ति तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट कराया गया जिसमें भी गोल नहीं हो सका। अंततः निर्णय टॉस के माध्यम से लिया गया जिसमें बिहार की टीम विजेता घोषित की गई। समारोह के दौरान पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. लालजी यादव, नरोमा संचालक डॉ. संजय यादव, राजदेव प्रसाद राजू, बैजनाथ पांडेय, डॉ. तुलसी यादव, पूजा कुमारी, धनंजय सिंह, प्रमोद शर्मा, बसंत सिंह, मनोज सिंह, आनंद कुमार, संतोष यादव, राजेश कुमार रंजन, शमशेर आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं कमेंट्री धनंजय कुमार ने किया।

# कोंच प्रखंड टॉपर बने सौरव कुमार, 467 अंक हासिल कर बढ़ाया मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के ग्राम सिमरहुआ निवासी राम ध्यान यादव के पुत्र सौरव कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में 467 अंक प्राप्त कर कोंच प्रखंड में टॉप स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सौरव कुमार प्रिंस पब्लिक हाई स्कूल के छात्र हैं। उन्होंने काबर उत्क्रमित हाई स्कूल से फॉर्म भरकर परीक्षा दी थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है। सफलता का श्रेय सौरव ने अपने विद्यालय के निदेशक डॉ. रामाशीष कुमार, शिक्षकों तथा अपने माता-पिता को दिया है। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी।

# गया के तीरंदाजों ने नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीते तीन स्वर्ण सहित चार पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** जिले के तीरंदाजों ने नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण सहित चार पदक अपने नाम किया। आंध्रप्रदेश के गुंटूर में आयोजित द्वितीय एनटीपीसी चेरूकुरी वोल्गा मेमोरियल किड्स अंडर 13 ओपेन नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता हो रही है। इस प्रतियोगिता के अंडर 13 इंडियन राउंड में करण कुमार ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं इस प्रतियोगिता में रणवीर राज ने कांस्य पदक अपने नाम किया। अंडर 13 रिकर्व राउंड में रूद्र प्रताप सिंह ने 360 में 353 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**ओलंपिक राउंड में भी करण ने जीता गोल्ड**

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तीरंदाजी कोंच जय प्रकाश ने बताया कि पहले दिन करण कुमार ने अंडर 13 इंडियन राउंड के इंडिव्युजल में 352 अंक प्राप्त कर गोल्ड अपने नाम किया। वहीं रणवीर राज ने 349 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं दूसरे दिन ओलंपिक राउंड में करण ने एक बार फिर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह जीत इन खिलाड़ियों के मेहनत का है। अभी और गेम बाकी है जिसमें गया जी के तीरंदाज बेहतर प्रदर्शन कर पदक अपने नाम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्र शंकरण का काफी योगदान रहा है। वह हमेशा सपोर्ट करते रहे हैं। तीरंदाजों के जीत पर मगध आरर्ची फाउंडेशन के अध्यक्ष डा रतन कुमार, कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, रोटरी गया सिटी के राजकुमार दुबे, डा अमिता सिन्हा, जिला खेल अधिकारी नीतू कुमारी, बिहार तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार, गौतम कुमार, अंजू कुमारी, पवन कुमार, चंदन कुमार सिंह अनामिका, सतीश गुप्ता, संगीता पांडे, राकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# वारंटी गिरफ्तार, गए न्यायिक हिरासत में



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना कांड संख्या 55/2020 से संबंधित विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/जनजाति न्यायालय, गया के टीआर संख्या 192/23 में निर्गत आजमानतीय वारंट के आलोक में पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया। गिरफ्तार वारंटियों में सिमरहुआ निवासी लखन यादव (पिता स्व अकलु यादव), रामचंद्र यादव (पिता स्व.अकलु यादव), विनेश्वर यादव (पिता स्व. सालिक यादव), उत्तम कुमार (पिता कामेश्वर यादव) एवं सुरेंद्र यादव (पिता जनेश्वर यादव) शामिल हैं। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि सभी आरोपी आंती थाना क्षेत्र के सिमरहुआ गांव के निवासी बताए जाते हैं। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात को लोगों ने सुना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज ( रोहतास)।** रविवार को प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी की मन की बात की 132 वीं कड़ी बड़े ही हर्षोल्लास के वातावरण में काराकाट विधानसभा के शक्ति केंद्र घुसिया खुर्द के बुथ नम्बर 123 एवं 124 पर धूमधाम से सुनी गई। तत्पश्चात बूथ कमेटी के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह ने मोदी जी के जीवन शैली को अभूतपूर्व बताया। यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय व्यक्ति हैं। सारा संसार इनकी ओर आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रहा है जब सारा संसार पश्चिमी एशिया क युद्ध संकट से जूझ रहा है। इस विषम परिस्थिति में भी भारत अमन चैन की सांस विदेश नीति की सफलता के चलते ले रहा है। मोदी जी सारे संसार को अपना परिवार मानते हैं। कोरोना कल में जिस तरह से दुनिया की सेवा की है वैसे ही नीति पर अभी भी चल रहे हैं। सभी कार्यकर्ताओं से 2 अप्रैल दिन गुरुवार को काराकट चलने का आवाहन किया गया क्योंकि उसे दिन सनातन संस्कृति चेतना के तत्वावधान में हिंदू नव वर्ष महोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश कर समिति सदस्य डॉक्टर बलराम मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष नवनीत शाह मंत्री शिवकुमारी देवी बुथ अध्यक्ष धर्मशिला देवी सदस्य नंदलाल शाह पीतांबर गुप्ता मुन्ना साह संतोष टाइगर हरख पासवान इत्यादि। समापन के समय उद्घोष भी लगाए गए भारत माता की जय वंदे मातरम जय हिंद जय भारत।

# बोलेरो से 335 बोतल शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी।** गया में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। डोभी स्थित समेकित जांच चौकी पर एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। नियमित जांच के दौरान एक संदिग्ध बोलेरो से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग के अधिकारियों के अनुसार जांच के लिए महिंद्रा बोलेरो को रोका गया था। तलाशी के दौरान गाड़ी में छिपाकर रखी गई 96.450 लीटर अवैध विदेशी शराब मिली, जो 335 बोतलों में पैक थी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहटन थाना क्षेत्र के धारासर गांव निवासी जददीश (23) के रूप में हुई है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया में 'सतत प्रौद्योगिकी नवाचार' विषय पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. प्रलयंकर कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में डॉ. अनिल कुमार एवं मुस्कान कुमारी जो कि उमंग 2026 के राज्य स्तरीय विजेता रही दोनों उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से सतत तकनीकी नवाचार के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में सीएसई विभाग की सेमेस्टर-2 की छात्रा शांभवी वत्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. अजीत कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियां विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ अनील कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता एवं नवाचार की सोच विकसित होती है जिसमें छात्रों ने अपने विचार तुरंत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजन सरकार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सराहा गया।

# शहीद रामानंदन शर्मा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी (गया)।** शिक्षाविद, समाजसेवी एवं पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाले शहीद रामानंदन शर्मा की चौदहवीं पुण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महावीर सूर्य नन्दन मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा डाक बंगला परिसर, टिकारी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। सभा की अध्यक्षता प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक ने की जबकि संचालन हिमांशु शेखर ने किया। सभा में वक्ताओं ने वर्ष 2012 की उस घटना को याद किया जब गया में केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर रामानंदन शर्मा अपने साथियों के साथ पटना के कारगिल चौक पर धरना देने जा रहे थे। इसी दौरान मार्ग में सड़क दुर्घटना में उनका तथा चालक श्रवण कुमार का निधन हो गया जबकि उनके साथी वाल्मीकि प्रसाद, बृजमोहन शर्मा, प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक एवं श्रीकांत शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वक्ताओं ने कहा कि रामानंदन शर्मा की शहादत के बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग जन आंदोलन बन गई जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना गया की धरती पर संभव हो सकी। इसे उनकी शहादत की देन बताया गया।

# एलपीजी संकट में चमकने लगा कोयला, दाम में उछाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** ईरान-इजरायल एवं अमेरिका के बीच युद्ध और खाड़ी संकट के चलते भारत में एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। खासकर कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से होटल और रेस्टोरेंट में कोयला और लकड़ी की भट्ठियां चलने लगी हैं। एलपीजी संकट में कोयले की मांग तेज हो गई है जिससे इसकी कीमत में भी एकदम से उछाल आ गया है। साथ ही बिहार में झारखंड से कोयला की तस्करी भी होने लग गई है। झारखंड से बिहार में बड़े पैमाने पर बिना वैध कागजात के कोयला मंगाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, गयाजी जिले में अवैध रूप से इन दिनों बड़ी मात्रा में कोयला लाया जा रहा है। तस्कर रात के अंधेरे में अलग-अलग मार्गों का उपयोग कर पुलिस जांच से बचने की कोशिश करते हैं और झारखंड से बिहार की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। गयाजी जिले की पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए बीते चार दिनों में अवैध कोयला लदे 10 ट्रकों को जब्त किया है। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि अवैध खनन और तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस धंधे में शामिल गिरोह की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गयाजी जिले के गुरुआ प्रखंड क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी के कारण इन दिनों कोयला और लकड़ी की मांग तेजी ते से बढ़ गई है। मजबूरी में लोग पारंपरिक ईंधनों की ओर लौट रहे हैं जिसका फायदा अवैध सप्लायर उठा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार गुरुआ बाजार और आसपास के गांवों में चोरी का कोयला एवं लकड़ी ऊंचे दामों पर बेची जा रही है।

जरूरत के चलते लोग महंगे दाम पर भी इसे खरीदने को मजबूर हैं। यह ईंधन घरों के साथ-साथ दुकानों और छोटे होटलों में भी धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने इस पर कार्रवाई की मांग की है।

C M Y K

संपादकीय

# जयशंकर की विवादित टिप्पणी

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा नई दिल्ली में 25 मार्च को सर्वदलीय बैठक में पाकिस्तान को निशाना साधते हुए की गई टिप्पणी कि 'भारत दलाल देश नहीं हो सकता' बेहद तल्ख और अनावश्यक थी। पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते फैले विश्वव्यापी ऊर्जा संकट के संदर्भ में भारत की भूमिका से सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई गई थी। इसमें किसी ने उनसे यह पूछ लिया कि भारत की ईरान और अमेरिका दोनों से दोस्ती है, फिर पाकिस्तान को मध्यस्थ के रूप में अमेरिका ने क्यों चुना? इसके जवाब में डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत वैश्विक संघर्षों में बिचौलिये की भूमिका निभाने वाला 'दलाल राष्ट्र' नहीं है, जैसा कि पाकिस्तान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान 1981से बड़े देशों के बीच यह भूमिका निभाता आ रहा है। विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत अपनी स्वायत्तता और गरिमा से समझौता नहीं करेगा और ऐसी दलाली से दूर रहेगा। जयशंकर की टिप्पणी सीधे-सीधे युद्धरत देशों के बीच मध्यस्थता के प्रयासों की निंदा करती है। विदेश मंत्री के इस बयान की पाकिस्तान में तो चर्चा हो ही रही है, खुद भारत में भी उनकी इस भाषा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि क्या विदेश मंत्री को अपने पड़ोसी को लेकर, भले ही वह हमारा दुश्मन क्यों न हो, ऐसी भाषा का प्रयोग करना चाहिए? वो चाहते तो यह कहकर भी बात टाल सकते थे कि अमेरिका जिसे चाहे अपना मध्य स्थ या डाकिया बना सकता है। हमे इससे क्या लेना देना। हम अपनी भूमिका पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं। लेकिन जयशंकर ने ऐसा करने की जगह बहुत कड़वी टिप्पणी की, जिसमें शालीनता के बजाए बहुत तल्खी और परोक्ष रूप से इस वैश्विक संकट भारत की असहायता और चिढ़ ज्यादा नजर आती है। कारण साफ है कि पिछले दो सालों से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विदेश नीति की कामयाबी को लेकर विपक्ष कई तरह के सवाल उठाता रहा है। अभी तक यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर तमाम वैश्विक मुद्दों पर भारत की विदेश नीति आखिर है क्या? कहा जा रहा है कि भारत की विदेश नीति का आधार अब 'इंडिया फर्स्ट' है। लेकिन हकीकत में वैसा ज्यादा नजर तमाम चीजें हमारी दमदार नीति से ज्यादा दूसरों की मेहरबानी से तय होती ज्यादा दिख रही हैं। वैश्विक मंच पर हमे जो भी भाव मिल रहा है, उसकी असली वजह केवल भारत का विशाल बाजार होना। हालांकि इस मामले में विपक्ष की सोच भी अतिरंजित ज्यादा है। पश्चिम एशिया संकट में पाकिस्तान कोई मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभा रहा है। वह केवल इधर का संदेश उधर पहुंचाने का काम कर रहा है। यही काम तुर्किए और मिस्त्र भी कर रहे हैं। तो क्या विपक्ष भारत सरकार से भी यही उम्मीद लगाए बैठा है? यह भी साफ हो चुका है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के जिस पोस्ट को रिपोस्ट किया, वह अमेरिका ने ही चलवाई थी। लेकिन उसका भी कोई फायदा नहीं हुआ, क्योंकि ईरान ने उसे तवज्जो देने से इंकार कर दिया। दरअसल ईरान अमेरिका युद्ध में अब ईरान ने बाजी पलट दी है। उसने दुनिया भर की ऊर्जा नस इस तरह दबा दी है कि अमेरिका को भी समझ नहीं आ रहा कि वह क्या करे। कैसे इस संकट से विश्व के देशों से उबारे? दूसरे जिस तरह पाक नेतृत्व जिस तरह अमेरिका के आगे नतमस्तक है, उसकी खुद पाकिस्तान में आलोचना हो रही है। क्योंकि इस आपदा में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपनी निजी फायदा देख रहे हैं।

# इच्छा मृत्यु की जीत से उपजे सवाल

**बहुत पहले की बात है मेरे नाना जी के पिताश्री 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वही ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ी और कमजोर हो गई थी लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां है ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा बाजा के साथ हाथी का जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों लोग काशी के लिए बिदा किए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया।**

**प्रो. कन्हैया त्रिपाठी**

दिल्ली में 2014 से जीवन व मृत्यु की जंग लड़ रहे हरीश हार गए और इच्छा-मृत्यु जीत गई। इस जीत ने मानवाधिकार को हरा दिया। दुनिया के विभिन्न देशों में इच्छा-मृत्यु पर अलग-अलग बहस है। कई देश इसे मान्यता भी दिए हैं लेकिन भारत में इसकी स्वीकृति विशेष परिस्थिति में मिलती है। गीता के अनुसार, जातस्य ही ध्रुवो मृत्युः ध्रुव जन्म मृतस्य च। जिसका तात्पर्य है कि जन्म के बाद मृत्यु है, मृत्यु के बाद नया जन्म ध्रुव सत्य है। इसलिए जन्म और मृत्यु के सौंदर्य को भारतीय मानस उत्सव का स्वरूप प्रदान करता है। भारतीय मानस की कल्पना है कि जीवन आनंदमय है, और मृत्यु भी आनंदोत्सव के रूप में वरेण्य है। जैन, बौद्ध, हिन्दू और लगभग सभी धर्मों ने कुछ न कुछ इस प्रकार की चर्चा अपने धर्मशास्त्रों में की। किंतु फिर भी जन्म तो उत्सव के रूप में खूब स्वीकार्य रहा। मृत्यु शोक, जीवन-इच्छा से विरक्ति एवं अवसाद के रूप में ही ज्यादा समझी गई। अपनों को जाने का शोक, अपनों से विछुड़ने का शोक और फिर कभी न मिल पाने का शोक इतना जल्दी स्वीकार नहीं हो पाता और न ही इसे कोई उत्सव के रूप में मनाता है।

बहुत पहले की बात है मेरे नाना जी के पिताश्री 140 वर्ष के हो गए थे। तीन पेंशन उन्हें मिलती थी। हर महीने आईबी के लोग यह पता करने आते थे कि यह पेंशन कोई और तो नहीं ले रहा है। लेकिन हर महीने वही ज़िंदा मिल जाते थे तो जांच अधिकारी कुछ भी कहे बगैर चले जाते थे। मेरे नानाजी की मृत्यु भी 115 वर्ष में हुई। उनके पिताजी की मृत्यु हो ही नहीं रही थी तो पण्डितों से पूछा गया कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। शरीर बूढ़ी और कमजोर हो गई थी लेकिन मृत्यु नहीं हो रही थी। मुझे बताया गया कि पंडितों ने कहा कि इनकी मृत्यु यहां है ही नहीं। यदि इन्हें ज़िंदा बनारस ले जाया जाए तो काशी में कुछ समय बाद इनकी मृत्यु हो सकती है। कहते हैं कि उन्हें जीते जी उत्सव के साथ गाजा बाजा के साथ हाथी का जुलूस के साथ ज़िंदा कफन सहित बड़ी तादात में लोग हज़ारों



लोग काशी के लिए बिदा किए और वहां सवा महीने रहने के बाद उनकी मृत्यु हुई। अखबारों में उनकी मृत्यु के विषय में लिखा गया।

लोग कहते हैं कि मृत्यु आए, तो इतनी जल्दी से आ जाए। न आए, तो वर्षों की प्रतीक्षा। कौमा में पड़े व्यक्ति के जीवन का भी क्या? ज़िंदा लाश, जी भी रहा है तो उससे परिवार, सगे संबंधियों को केवल रोज मरना व जीना पड़ता है। अपनी सुध खोया हुआ, मृत-प्राय मनुष्य को तो कुछ पता भी नहीं होता। मृत्यु के नखरे के साथ जूझते लोग और उनके परिजन और डॉक्टर ऐसी स्थितियों में अनिर्णीत स्थितियों में जीने को विवश होते हैं। निर्णय क्षमता की परीक्षा बहुत ही कठोर होती है। ऐसी ही कुछ स्थितियां तेरह वर्ष से अधिक समय से कोमा में पड़े हरीश राणा और उसके परिवार व चिकित्सकों की थी।

अब हरीश नहीं हैं। प्रेक्षक यह स्वीकार कर रहे हैं कि परिजन व चिकित्सक को बहुत बड़ी राहत मिली है अब और सबसे अधिक राहत उस दिवंगत आत्मा को मिली होगी जो इतने लंबे समय से एक शरीर में कुछ कैद, कुछ उलझी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने भारतीय बहस, चिंतन के पुराने निर्णय को ही स्वीकार किया है। संविधान ने व्यावहारिक रूप से यह सुविधा अब दी है, जबकि शास्त्रों ने पहले से ही ऐसी स्वीकृति दी थी। जीवन की परीक्षा किसी शरीर के लिए नरक न बन जाए, और मृत्यु एक कहानी न बन जाए, इसके लिए भारत वर्ष में बहुत पहले से ही विचार होते रहे हैं। इच्छा-मृत्यु फिर भी सहजता से स्वीकारी नहीं जा सकती यह हरीश व उनके परिजनों का संघर्ष बताता है।

नीदरलैंड ने 2002 में सबसे पहले इच्छा-मृत्यु को मान्यता दी थी। विश्व का प्रथम ऐसा प्रावधान करने वाला नीदरलैंड दुनिया में नई बहस छेड़ दिया था। बेल्जियम में कुछ मानसिक अवसाद में जीने वाले लोग जब इच्छा मृत्यु मांगने लगे तो बेल्जियम ने भी प्रावधान कर दिया लेकिन उसकी शर्त यह थी कि हम इच्छा मृत्यु को लीगली प्राप्त करने के पक्ष में हैं लेकिन अगर इस तरह के गतिविधियों में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो तीन साल तक कि सजा भी होगी। फिर ऐसी मान्यताएं ऑस्ट्रिया, कोलंबिया, स्विट्जरलैंड और दूसरे कई देशों में मिलीं। लक्जमबर्ग, अमेरिका व जर्मनी में भी ऐसी अनेक इच्छा मृत्यु के लिए कोशिशें अपनी कानूनी मान्यता प्राप्त कर लीं। यह मान्यताएं भी तो पूरे विश्व में अपना असर दिखाने लगी हैं। भारी संख्या में विश्व भर में इच्छा-मृत्यु के लिए मिले आवेदन हैरान कर देने वाले हैं। अब दुनिया में अवसाद बढ़ रहे हैं। भूख और गरीबी भी है। शरणार्थियों के अपने घर नहीं हैं और न ही उनकी नागरिकता। ऐसे में वे भी अपने जीवन से तंग आकर यदि इच्छा मृत्यु की मांग करने लगे तो क्या होगा? भारत में जिन बुजुर्गों की सेवा करने वाले नहीं होते। जिन्हें अपने बच्चे किसी आश्रम में छोड़ जाते हैं या अपमानजनक स्थिति में पहुंचा देते हैं, उनके मन व मस्तिष्क में बरबस आता है ऐसा की हे भगवान! हमें उठा लो। सोचिए अगर वे अपने जीवन से मुक्ति की मांग आवेदन देकर करने लगेंगे तो क्या होगा?

भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने जिस पैसिव यूथेनेसिया को मान्यता दी है उससे जीवन व मृत्यु से जूझते लोगों व उनके परिजनों को कितनी राहत मिली पता नहीं लेकिन भारत भी इसके लिए राजी हो ही गया और थोड़ा अलग तरह से राजी हुए।

माना कि यह वैज्ञानिक युग है। साइंटिफिक आविष्कारों ने जीवन को दीर्घजीवी बना दिया है। कृत्रिम ढंग से जीने की भी सुविधाएँ बढ़ती जा रही हैं। हमारा जीवन गरिमामय हो, अर्थपूर्ण हो। मृत्यु भी गरिमामय मनुष्य चाहता है लेकिन मृत्यु का पैमाना कहीं अनेक जीवन को खो देने से न निर्धारित होने लगे इसके लिए इच्छा मृत्यु पर खुली छूट भी तो नहीं दी जा सकती। हम जीवन से खेलने के आदी न हो जाएं इसके लिए भी यह छूट नहीं दी जा सकती। जैन धर्म में भी कुछ प्रथाओं पर इस वजह से प्रश्न खड़ा किया जाता रहा है। दूसरे धर्मों में भी ऐसी चीजें जो अपना आकार ले रही थीं, उस पर समय समय पर चिंता व्यक्त की जाती रही है। अब जब हरीश राणा के बहाने इच्छा मृत्यु एक बार भारत में जीत गई है तो भारत को एक बार पुनः सोचना होगा कि कैसे हम आने वाले समय में ऐसे आवेदकों से निपटेंगे। यह सोचना होगा कि हम किस स्तर पर इच्छा मृत्यु को स्वीकृति दें। न्यायालय और सामाजिक न्याय के बीच जीवन व गरिमा का यह युद्ध अब नया रूप न ले ले और हम भारत के लोग कहीं लांछित न होने लगें इस पर भी विचार करना होगा। यह विचार भी ज़रूरी है कि मानवाधिकारों की बहस में इच्छा-मृत्यु कहीं

## अध्यात्म

### जीवन,मृत्यु का अन्तिम निर्णय ईश्वर करता है



जंगल में एक गर्भवती हिरनी बच्चे को जन्म देने को थी। वो एकांत जगह की तलाश में घुम रही थी, कि उसे नदी किनारे ऊँची और घनी घास दिखी। उसे वो उपयुक्त स्थान लगा शिशु को जन्म देने के लिये। वहां पहुँचते ही उसे प्रसव पीडा शुरू हो गयी। उसी समय आसमान में घनघोर बादल वर्षा को आतुर हो उठे और बिजली कडकने लगी।

उसने दाये देखा, तो एक शिकारी तीर का निशाना, उस की तरफ साध रहा था। घबराकर वह दाहिने मुडी, तो वहां एक भूखा शेर, झपटने को तैयार बैठा था। सामने सूखी घास आग पकड चुकी थी और पीछे मुडी, तो नदी में जल बहुत था।

मादा हिरनी क्या करती ? वह प्रसव पीडा से व्याकुल थी। अब क्या होगा ? क्या हिरनी जीवित बचेगी ? क्या वो अपने शावक को जन्म दे पायेगी ? क्या शावक जीवित रहेगा ? क्या जंगल की आग सब कुछ जला देगी ? क्या मादा हिरनी शिकारी के तीर से बच पायेगी ?क्या मादा हिरनी भूखे शेर का भोजन बनेगी ? वो एक तरफ आग से घिरी है और पीछे नदी है। क्या करेगी वो ? हिरनी अपने आप को शून्य में छोड, अपने बच्चे को जन्म देने में लग गयी। कुदरत का कारिष्मा देखिये। बिजली चमकी और तीर छोडते हुए, शिकारी की आँखे चौंधिया गयी। उसका तीर हिरनी के पास से गुजरते, शेर की आँख में जा लगा,शेर दहाडता हुआ इधर उधर भागने लगा।और शिकारी, शेर को घायल ज़ानकर भाग गया। घनघोर बारिश शुरू हो गयी और जंगल की आग बुझ गयी। हिरनी ने शावक को जन्म दिया।

हमारे जीवन में भी कभी कभी कुछ क्षण ऐसे आते है, जब हम चारो तरफ से समस्याओं से घिरे होते हैं और कोई निर्णय नहीं ले पाते। तब सब कुछ नियति के हाथों सौंपकर अपने उत्तरदायित्व व प्राथमिकता पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।अन्ततः यश, अपयश ,हार ,जीत, जीवन,मृत्यु का अन्तिम निर्णय ईश्वर करता है।हमें उस पर विश्वास कर उसके निर्णय का सम्मान करना चाहिए।

# अक्षय ऊर्जा ही भविष्य की ऊर्जा हो सकती है

**आज की सबसे बड़ी समस्याएं, जिससे सामान्यतः विश्व के सभी देश और लोग पीड़ित एवं प्रभावित हैं, वे हैं- प्रदूषण का दिनोंदिन बेकाबू होना, पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का अभाव तथा उनकी उपलब्धता की तुलना में अपेक्षाकृत अधिकाधिक दोहन किया जाना इत्यादि। वैश्विक स्तर पर आज मनुष्य के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती भी यही है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाये, जो प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जानें लेने लगा है और लगातार घटते प्राकृतिक संसाधन, जिनके अभाव में तो आज सुखद जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गौर करें तो इन दोनों ही समस्याओं का एक ही समाधान है- अक्षय ऊर्जा का उपयोग एवं कार्यान्वयन।**

**चेतनादित्य आलोक**

अक्षय ऊर्जा यानी ऊर्जा का ऐसा स्त्रोत, जिसका कभी क्षय नहीं हो सके। अक्षय ऊर्जा का एक नाम स्वच्छ ऊर्जा भी है, जिसका तात्पर्य ऐसी ऊर्जा से है, जो वातावरण की स्वच्छता को न केवल यथावत् बनाये रखने में सहयोगी हो, बल्कि आज की वैश्विक पर्यावरणीय चिंताओं से मुक्ति दिलाने में भी सहायक बने, ताकि 'जलवायु परिवर्तन' (ग्लोबल वार्मिंग) की विकराल होती समस्या से राहत मिल सके। वैसे, सच कहा जाए तो आज के दौर में यदि किसी भी राष्ट्र को सर्वांगीण रूप में विकसित बनाना हो तो उसे प्रदूषण रहित अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्त्रोतों का उपयोग करना ही पड़ेगा, लेकिन शर्त यह है कि उनका उपयोग समुचित रूप में हो।

दरअसल, पृथ्वी पर ऊर्जा के परम्परागत संसाघन यथा- कोयला, पेट्रोलियम और कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, लकड़ी, बायोमास इत्यादि सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, जबकि सदियों से इनका अंधाधुंध दोहन जारी है। उदाहरण के लिए, भारत समेत विश्व भर के सारे देश बिजली जैसी ऊर्जा की बुनियादी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को पूरे करने के लिए अपने-अपने सीमित परम्परागत संसाधनों पर निर्भर हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरणीय चुनौतियों यथा- पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर समस्याएं भी आज के मानव समुदाय के समक्ष खड़ी हैं। ऐसे में, यदि ऊर्जा के इन परम्परागत संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं किया गया और इनका इसी प्रकार लगातार दोहन किया जाता रहा तो ऐसी संभावना है कि निकट भविष्य में ऊर्जा के ये संसाधन समाप्त हो जायेंगे और दुनिया भर में ऊर्जा का गंभीर संकट उत्पन्न हो जायेगा। ऊर्जा के आसन्न संकट की भयावहता को समझते हुए आज के दूरदर्शी समाज ने विश्व भर में ऊर्जा के गैर परम्परागत स्त्रोतों के अधिकाधिक उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की, जिसके उपरांत वैश्विक स्तर पर मनुष्य ने ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों से ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास शुरू किया। वहीं, भारत में भी ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों के विकास और उनके उपयोग को लेकर जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सन् 2004 से प्रतिवर्ष नियमित रूप से 20 अगस्त को 'अक्षय ऊर्जा दिवस' मनाया जाने लगा।

अक्षय ऊर्जा के उपयोग से लाभ-ही-लाभ- अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उचित समय पर समुचित पहल किये जाने और देशों एवं राज्यों की सरकारों द्वारा समझदारी से उसमें निवेश करने से होने वाले संभावित लाभों का पता लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के मध्य में वैश्विक स्तर पर कराये गये एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में अक्षय ऊर्जा के व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करने के अनेक लाभ बताये गये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों को समुचित ढंग से नीति बनाकर उसे निवेश के साथ जोड़ा जाये तो इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही, पर्यावरणीय चुनौतियों से भी बहुत हद तक



मुक्ति मिलेगी। इतना ही नहीं, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नीतिगत निवेश को बढ़ावा देकर दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। कुपोषण से करोड़ों मुक्त होंगे- उपर्युक्त रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम 'वैश्विक ऊर्जा समीक्षा' के सुझावों को मानकर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। तात्पर्य यह कि ऐसा करके 14.2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन देकर कुपोषण के गर्त से बाहर निकाला जा सकेगा। इनके अतिरिक्त, 55 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकेंगी। भारत की बड़ी उपलब्धि- भारत की बात करें तो पेरिस जलवायु समझौते में भारत की ओर से 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का जो लक्ष्य रखा गया था, निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही उसका आधा पूरा कर लिया गया है। स्पष्ट है कि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने संकल्पों की सिद्धि के लिए भारत ने सुधारात्मक नीतियों, समयबद्ध कार्य योजनाओं एवं जन भागीदारी के माध्यम से यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि दुनिया के अन्य विकसित एवं विकासशील देशों के लिए एक अनुपम उदाहरण है, जो न केवल भारत की ऊर्जा नीति की दिशा में किये गये महत्वपूर्ण प्रयासों का द्योतक है, बल्कि जलवायु संबंधी अत्यंत गंभीर चुनौतियों से निपटने के वैश्विक प्रयासों में देश की महत्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शित करती है। उत्तर प्रदेश की सराहनीय भूमिका- प्रसन्नता की बात है कि हमारा देश अक्षय ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा के उत्पादन में नित्य-निरंतर विकास करता हुआ आज विश्व भर में तीसरे पायंदान पर पहुंच चुका है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में सौर ऊर्जा का उत्पादन आज 125 गीगावॉट तक किया जा रहा है। वैसे, खुशी की बात यह भी है कि सौर ऊर्जा के उत्पादन में उत्तर प्रदेश भी तीव्रता से और लगातार आगे बढ़ता हुआ महाराष्ट्र और गुजरात के बाद देश में तीसरे स्थान पर स्थापित हो चुका है। हालांकि, अन्य जिलों में भी लोग छतों पर सोलर संयंत्र को लगवाने की पहल कर रहे हैं। देखा जाये तो निःशुल्क बिजली का लाभ मिलना तो उपभोक्ताओं के लिए सोलर संयंत्र लगवाने का एक बड़ा कारण है ही, परंतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस योजना के प्रति लगन एवं सक्रियता इसका सबसे बड़ा कारण बतायी जाती है, जिससे प्रेरित और प्रभावित होकर राज्य के उपभोक्ता अपने छतों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने के लिए लगातार आवेदन कर रहे हैं।

अक्षय ऊर्जा ही है भविष्य- इस प्रकार देखा जाए तो, दुनिया के सुनहरे भविष्य तथा संपूर्ण जीव जगत के कल्याण लिए ऊर्जा के गैर परम्परागत स्त्रोत अथवा अक्षय ऊर्जा ही एकमात्र सक्षम उपाय है। इसे अपनाकर हम इस ब्रह्माण्ड को जीवों के सुखद रहवास के योग्य बना सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाये तो अक्षय ऊर्जा ही भविष्य की ऊर्जा हो सकती है और इसे अपनाने वाले देशों एवं लोगों का ही भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि यथास्थितिवाद एवं लापरवाही को त्यागकर दुनिया के अन्य देश भी अक्षय ऊर्जा का तीव्रता से विस्तार करें, प्रणाली में निवेश को प्रोत्साहन दें एवं सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां बनायें और उन्हें अपनायें भी। अन्यथा आज ही की तरह आने वाले दशकों में भी वे अपनी 70 प्रतिशत ऊर्जा सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए कोयला, पेट्रोलियम और कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, लकड़ी, बायोमास इत्यादि जैसे पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहने के कारण पृथ्वी के तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। बता दें कि तापमान में इस संभावित वृद्धि का सीधा प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पोषण, स्वच्छता, बिजली, पानी आदि पर पड़ेगा और करोड़ों लोग गरीबी के चीकट अंधेरे में समा जायेंगे।

## आज का कार्टून

देश के कई शहरों में पेट्रोल पंप पर लंबी लाईन, कई पंप बंद होने और पेट्रोल खत्म होने की अफवाह भी बड़ी वजह




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन दमदार रहेगा। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार बेहतर रखें। छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है।

**वृषभ**

व्यवसाय में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उच्च अध्ययन के लिये विदेश जाने की सोच रहे हैं तो इसकी सम्भावना बन सकती है।

**मिथुन**

आज आप सामान खरीद रहे हैं तो मोलभाव अवश्य कर लें। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अधीनस्थ कर्मचारियों से विवाद की स्थिति बन सकती है।

**कर्क**

आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। अकारण कार्यक्षेत्र में आ रही बाधा दूर होगी।

**सिंह**

किसी रिश्तेदार से आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। कारोबार को लेकर बड़ी योजना बनायेंगे। आप अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यन्त सावधान रहेंगे।

**कन्या**

वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और देखभाल करें। विपरीत परिस्थितियों के बीच आपका प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहने वाला है।

**तुला**

जीवनसाथी आपकी आदतों से परेशान हो सकता है। मन में ईर्ष्या की भावना न पनपने दें। कार्यक्षेत्र और घर के बीच सन्तुलन बनाये रखने में कठिनाई होगी।

**वृश्चिक**

आप नया व्यवसाय आरम्भ कर सकते हैं। सन्तान के प्रति अपने दायित्व को निभायेंगे। व्यापार में आपको बड़ा निवेश करने में सफलता मिलेगी।

**धनु**

आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। भोग-विलास के संसाधनों में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपका सहयोग करेंगे।

**मकर**

जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। बच्चे घर के कार्यों में आपकी सहायता करेंगे। आप दूसरों से अत्यधिक प्रेरित होंगे। धार्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपके सामाजिक प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कुंभ**

आज दिन थोड़ा अजीब हो सकता है। पहले की गयी मेहनत का आपको लाभ मिलेगा। ऐसे अनेक अवसर आयेंगे जहाँ आपको अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी।

**मीन**

करियर में बेहतरीन अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। लोगों का विश्वास आपके प्रति बना रहेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्लिनिक पर पथराव, दोषियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर भी हमला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंचशील नगर में स्थित न्यू लाइफ चाइल्ड केयर सेंटर पर बीती देर रात कुछ नशे में धुत असामाजिक तत्वों ने पथराव किया तथा मरीज के परिजनों के साथ भी मार पीट की घटना को अंजाम दिया। असामाजिक तत्वों ने न सिर्फ मार पीट की घटना की बल्कि डॉ अभिमन्यु और मकान मालिक को भी गाली गलौज किया। मौके पर घटना की सूचना पाकर जब डायल 112 की पुलिस पहुंची तो उनलोगों ने पुलिस गाड़ी पर भी ईंट से हमला बोल दिया। गनीमत यह रही कि पुलिस गाड़ी के अंदर थी इसलिए किसी तरह की चोट नहीं लगी। इस सम्बन्ध में शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे बाढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। डॉ अभिमन्यु ने बताया कि ये लड़के नशा इत्यादि करते हैं उसी के प्रभाव में आकर ऐसी घटना की है। उससे किसी भी प्रकार का विवाद नहीं था। उन्होंने बताया कि मरीज के परिजनों के साथ भी मारपीट की है और उसके गाड़ी का इंडिकेटर वगैरह तोड़ दिया है। इस बाबत डॉ अभिमन्यु ने बाढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि जो दोषी है उसपर कार्रवाई की जा सके।

### दो साल में ही दम तोड़ने लगा सामुदायिक भवन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड अंतर्गत वराह गांव के वार्ड संख्या 12 में 15 में वित्त आयोग के द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण करीब 10 लाख की लागत से किया गया। जिसका योजना संख्या- 07/2022-23 है निर्माण कार्य के महज 2 साल में ही दो बार भवन क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की मुखिया पिंकी देवी के पल पर यह निर्माण कराया गया था लेकिन पंचायत सचिव मिट्ठू कुमारअभिकर्ता थे। जिन्होंने घटिया सामग्री का उपयोग कर भवन तो बना दिया लेकिन भवन के आगे का पोर्शन दो बार खराब होकर धंस गया। जिसके चलते स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार इसकी शिकायत प्रखंड कार्यालय में की गई लेकिन आज तक इसमें सुधार नहीं हुआ है। मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने संज्ञान लेते हुए तथा शीघ्र ठीक करवाने की बात कही है।

### अनुमंडलीय अस्पताल बना रणक्षेत्र

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अचूवारा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमीन मापी के वक्त जमकर मारपीट हो गई इस दौरान दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर लाठी से प्रहार किया और दोनों पक्ष के दो लोग जख्मी होकर अनुमंडल अस्पताल पहुंच गए। जिसमें एक पक्ष के सर्विंद सिंह तो दूसरे पक्ष के दीपक कुमार जख्मी हो गए दोनों पक्ष अपने-अपने परिजन को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में लाया लेकिन अस्पताल में भी तनाव की स्थिति दोनों के बीच बन गई और देखते ही देखते पूरा अस्पताल परिसर रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। अस्पताल प्रबंधन को मामला को शांत करवाने के लिए 112 पुलिस को भी बुलाने पर बाद में पुलिस मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाने बुझाने का काम करने के बाद मामले को शांत करवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्ष पढ़े-लिखे लोग हैं इसके बावजूद भी पुरानी विवाद को लेकर एक दूसरे पर लाठी चलाने को तैयार हैं। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है फिलहाल एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जाती है।

### मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गोला रोड स्थित नेत्रदान समिति भवन में रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना से कई चिकित्सा विशेषज्ञों का आगमन हुआ जिनके नेतृत्व में सैकड़ों नेत्र रोगियों की जांच की गई। इस शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन तथा आंखों में लेंस प्रत्यारोपण भी किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन आई एम ए के अध्यक्ष डॉ सहजानंद सिंह ने किया। मौके पर डॉ पंकज कुमार, डॉ अंजेश कुमार, डॉ अशोक कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ अरुण कुमार सिंह, सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहे। इस अवसर पर नेत्रदान समिति के सचिव संजीव कुमार मुन्ना ने डॉ सहजानंद सहित सभी आगंतुक डॉक्टरों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर सैंकड़ों मरीज इलाज और जांच के लिए पहुंचे। नेत्र सहित इस शिविर में हृदय रोग, शिशु रोग, स्त्रीरोग सहित अन्य रोगों से संबंधित भी जांच और इलाज की व्यवस्था की गई थी।

### लाश जलाने आए लोगों से स्थानीय लोगों ने की मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार की दोपहर शेखपुरा जिला के काशी बीघा गांव से कुछ लोग लाश जलाने के लिए आए हुए थे। लाश जलाने के बाद जब गंगा घाट पर स्नान कर रहे थे उसी वक्त स्थानीय लोगों से कपड़ा हटाने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष में विवाद इतना बढ़ गया की मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान लाश जलने वाले होटल में जाकर खाना खा ही रहे थे की स्थानीय लोग करीब एक दर्जन की संख्या में होटल में घुस गए और जमकर लोगों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान दो लोगों का सर फट गया लेकिन लोग बाहरी होने के चलते अनुमंडल अस्पताल में इलाज नहीं करवाया और प्राइवेट में इलाज करा कर फिर डर के चलते गांव वापस लौट गए। इस दौरान 112 पुलिस भी आई लेकिन कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की गई।

### करंट लगने से दो मजदूर जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अकबरपुर गांव में मकान की ढलाई के दौरान तैयारी चल रही थी सभी तभी नंगा तार शंटिंग के सरिया में सट जाने से पूरा बिल्डिंग में करंट आ गया। जिसके चलते दोनों मजदूर ऊंचाई से गिर कर जख्मी हो गया। मोहम्मद राजा कुमार मीर मोहल्ला निवासी और सविता सिनेमा हॉल के पास का अरविंद कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सभी को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद राजा को बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की चिकित्सकों में नसीहत दी है।

### छत से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र के शीलदही गांव निवासी सोमदत्त नामक 35 वर्ष के व्यक्ति की हालत में अपने घर के छत पर चढ़ गया और नियंत्रण बिगड़ने से छत से नीचे गिर गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जल्दबाजी में उसे इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने इलाज से पहले जांच की और घायल को मृत घोषित कर दिया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### घर लौट रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुलाब बाग राष्ट्रीय उच्च पथ पर ट्रेन से उतरकर घर लौट रहे पिता पुत्र पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। इस मामले में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दो हमलावर राजेश कुमार और संजीत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गंभीर रूप से जख्मी पीड़ित लक्ष्मण कुमार को एनएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एनटीपीसी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर महाराजगंज निवासी छबीला राम ने बताया कि वह ट्रेन से उतरकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गुलाब बाग के पास 6-7 लोगों ने मिलकर उस पर पिस्टल दिखाते हुए हमला कर दिया ।इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है ।

### आपसी विवाद में पथराव

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भागा बीघा गांव में आपसी विवाद में कुछ लोगों ने ऋषि कुमार के घर पर पथराव किया। पीड़ित के अनुसार उसके पड़ोसी राकेश पासवान के साथ कुछ लोगों द्वारा विवाद हो रहा था। इसी दौरान वह समझाने के लिए गया था। इससे नाराज लोगों ने उसे पर हमला कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव से पुरानी रंजिश में घेरकर मारपीट करने के मामले में फरार अभियुक्त कारु मांझी पिता कपिलदेव मांझी को पुलिस ने रघुनाथपुर गांव से गिरफ्तार किया है।दरअसल धनरूआ थाना कांड संख्या 547/ 25 के तहत बीते 10 अक्टूबर 2025 को 7 लोगों ने मिलकर रौशन कुमार पिता लखेनदार मांझी को लाठी डंडा से मारपीट कर जख्मी कर देने की घटना हुई थी।इस मामले में सात नामजद आरोपी बनाया था,ऐसे मे इस कांड में फरार चल रहे ललन मांझी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है।

# फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर का बेटा प्रीतम और किसान का बेटा आनंद जिला टॉपर

## प्रीतम बनेगा टीचर और आनंद का है आईएएस बनने का सपना



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम आ चुका है, ऐसे में इस बार भी छात्राओं की काफी संख्या में अच्छा परिणाम देखने को मिला है, मसौढ़ी में एक फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले का बेटा जिला टॉपर में स्थान प्राप्त किया है, जिसका नाम प्रीतम कुमार पिता धनेश्वर प्रसाद माता का नाम गीता देवी है। प्रीतम कुमार के माता-पिता सूरत में साड़ी फैक्ट्री में पेंटिंग का काम करते हैं। प्रीतम यहां अपने मसौढी के भैंसवां गांव में दादा दादी के यहां रहकर की पढ़ाई करता है और भैंसवा के जगपुरा उच्च माध्यमिक हाई स्कूल का छात्र है ।प्रीतम कुमार बिहार बोर्ड की परीक्षा में 479 अंक लाकर जिला में तीसरा स्थान लाया है। प्रीतम कुमार ने बताया कि मुझे टीचर बनने का सपना है इंटर में साइंस का विषय लेकर आगे की तैयारी करेंगे और इस समाज में टीचर बनकर आगे बढ़ेंगे प्रीतम कुमार का साइंस विषय में 100 में 100 अंक आया है। इसके अलावा पुनपुन स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र आनंद कुमार पिता उपेंद्र राम, माता संगीता कुमारी ने भी जिला में टॉप 3 स्थान लाया है।जो नालंदा जिले के बड़े निशियां, सरमेरा का रहने वाला है आनंद किसान का बेटा है इसके पिता पट्टा पर खेती करते हैं, जिले में तीसरा स्थान लाया है। इसकी माता संगीता देवी ने बताया कि मेरा बेटा आईएएस बनेगा। गौरतलब की आनंद कुमार के शिक्षक शैलेंद्र दुबे ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रीतम कुमार की तैयारी करने वाले शिक्षक इस एसके राय ने बताया कि काफी हर्ष की बात है। हम इसकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। वहीं पंचायत के मुखिया साधु पासवान ने कहा है कि हमारे गांव के लिए खुशी की बात है इसके आगे की पढ़ाई के लिए सारा खर्चा हमारे तरफ से रहेगा, इस घोषणा पर गांव के लोगों ने काफी सराहना की है।

## अथमलगोला के सूरज ने बढ़ाया जिले का मान, मैट्रिक परीक्षा में पाया द्वितीय स्थान



**अथमलगोला/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत बाबू छेदी सिंह टोला निवासी मनोहर साव एवं माता झुन्ना देवी के द्वितीय सुपुत्र सूरज कुमार ने पटना जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय उस्मानपुर में अध्ययनरत सूरज कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में 480 अंक लाकर जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। संक्षिप्त साक्षात्कार में सूरज कुमार ने बताया कि मैं रोज 9 घंटे से ऊपर पढ़ाई करता था। स्कूल के अलावा बख्तियारपुर में ब्रिलिएंट और एक्सीलेंट क्लासेस में कोचिंग पढ़ने जाता था और मोबाइल में दिशा ऑनलाइन क्लासेस की मदद लेता था। भविष्य के करियर के बारे में सूरज ने बताया कि खए का एग्जाम देकर इंजीनियर बनना चाहता हूं। मेरे पिताजी छोटे व्यवसाय हैं। दुकान चलाते हैं और माताजी गृहणी है। इस सफलता में मेरे माता-पिता मेरे गुरूजन और मेरे भाई बहन का काफी हाथ है। मैं दो भाई हूं जिसमें मैं छोटा हूं और मेरी तीन बहने हैं। उसने छात्रों को संदेश देते हुए बताया कि आपने जो लक्ष्य चुना है उसके लिए पढ़ाई कीजिए आपको सफलता जरूर मिलेगी।

## गोदाम में सड़ा हुआ चावल के बारे में पूछने पर भड़के गोदाम मैनेजर



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार की संध्या बाढ़ के बाजार समिति स्थित पीडीएस दुकानदारों को अनाज भेजने वाले गोदाम में सड़ा हुआ चावल रखा हुआ था और कई दुकानदारों के द्वारा अक्सर सड़ा हुआ चावल गोदाम से भेजे जाने की शिकायत मिल रही थी। जब गोदाम का जायजा लिया गया तो गोदाम में कई बोरा चावल सड़ी हुई अवस्था में देखने को मिला मामले पर जब गोदाम के मैनेजर अभिषेक कुमार से पूछने का प्रयास किया गया तो वह अपनी कमी को छुपाने के लिए भड़क गए और गोदाम के पास आने की अनुमति के बारे में बात करने लगे उनसे जब दुकानदारों की समस्या के बारे में बताया गया तो वह बेकाबू हो गए और झगड़ा करने पर उतारू हो गए। हालांकि बाद में उन्होंने फोटो डिलीट करने की बात करते हुए आग्रह करने लगा।बताते चलें कि जन वितरण दुकानदारों कि अक्सर शिकायत है कि गोदाम के मैनेजर की मनमानी खुलेआम चलती है बोडा लूज होने के बाद भी उसे 52 केजी वजन के एवरेज पर मुहैया कराया जाता है साथ ही अनाज दुकान तक नहीं पहुंचाया जाता है और दुकान के पास अनाज ट्रैक्टर से दुकान तक पहुंचाने के बदले में अलग से दुकानदारों को मजदूरी देनी पड़ती है। कई बार दुकानदारों को खराब अनाज लौट गोदाम लौटने की नौबत आ जाती है।

## जानलेवा हमले के फरार चार अभियुक्तों ने किया सरेंडर

### 14 फरवरी को साटा गया था इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में बीते 15 जनवरी की देर शाम को गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे अपराधियों के घर पर मासौढी पुलिस ने 14 फरवरी को मीरापुर और तुलसीचक गांव में विधिवत तौर पर इश्तेहार साट कर फरार अपराधियों को सरेंडर करने की चेतावनी दी थी, इसी आलोक में सरेंडर होते नहीं देख मसौढी पुलिस रविवार को कुर्की जब्ती की कारवाई करने तुलसीचक और मीरापुर गांव में गई हुई थी, जहां कुर्की के भय से सभी कर फरार अपराधीयों में एक अगम कुआं थाना में सरेंडर किया उसके अलावा गर्दनीबाग में सरेंडर किया है।जिसमें गुड्डू यादव पिता चन्दर यादव साङ्क मीरापुर, पप्पू कुमार पिता रामलखन राय साङ्क मीरापुर,नन्द कुमार पिता पहलवान राय साङ्क मीरापुर ये सभी अभियुक्त कुर्की के भय से गर्दनीबाग थाना एवं दुल्हिन बाजार थाना में आत्मसमर्पण किया है। वहीं पिंटु सिंह पिता यमुना सिंह साङ्क तुलसीचक जो कांड के अंतिम अभियुक्त कुर्की के भय से अगमकुंआ थाना में आत्मसमर्पण किया । बहरहाल मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि बीते 15 जनवरी की देर शाम को रितिक रोशन पिता संतोष कुमार एवं उसके दोस्त बिट्टू कुमार पर जानलेवा हमला कर गोली चलाकर गंभीर रूप में जख्मी कर दिया था, इस मामले में सात नामजद चार अज्ञात पर जख्मी रितिक रोशन के पिता संतोष कुमार पिता स्वर्गीय राजेश्वर सिंह शाहाबाद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इस आलोक में फरार 5 अपराधियों के घर पर विद्धिवत पर जाकर इश्तेहार साटा गया था, ससमय में सरेंडर नहीं होने पर घर की कुर्की कार्रवाई की जा रही थी जहाँ सभी फरार अपराधियों ने सरेंडर कर दिया है,जिसे गिरफ्तारी कर जेल भेजा रहा है।

**अपराधियों के घर पर पुलिस कर रही थी कुर्की, भय से लोगों ने आनन फानन मे किया सरेंडर**



## सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा भतीजी की हुई मौत

### एक गंभीर रूप में जख्मी, बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक में मारी ठोकर




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया फोरलेन के बगल में धनरूआ थाना क्षेत्र के दमडीचक गांव के समीप रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां उसेहादसे में बाइक पर सवार चाचा और भतीजी की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक 10 वर्ष की भतीजी अभी गंभीर रूप में जख्मी है जो जीवन मौत से जूझ रही है दरअसल बताया जा रहा है कि एक अज्ञात बेकाबू स्कॉर्पियो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी इस मामले में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मसौढ़ी की ओर से आ रही एक अज्ञात स्कॉर्पियो ने सामने से आ रहे बाइक सवार को ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तिन लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान रणधीर कुमार ( 28 वर्ष), पिता रामदयाल प्रसाद, और अनन्या कुमारी ( 08 वर्ष ), पिता सुधीर कुमार, ग्राम अगरपुरा,वहीं एक गंभीर रूप में जख्मी हुई वैष्णवी उम्र 10 साल का इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। दर शअसल बताया जा रहा है कि अगरपुर गांव में हो रहे छठ में शामिल होने के लिए यह सभी बच्चे गए हुए थे, उसके बाद छठ पर्व खत्म होते ही मसौढ़ी जो पुरानी बाजार में किराए के मकान में रहते हैं वही जा रहे थे इसी दौरान दमड़ीचक पास में यह हादसा हुआ है। वही रणधीर कुमार का पटना में रविवार के दिन परीक्षा भी थी।बहरहाल सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन समेत फरार हो गया।पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। थाना ध्यक्ष ने बताया कि आरोपी वाहन चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवार में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मसौढी के हसनपुरा श्री विष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद उर्फ चंदन हत्याकांड में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना के हसनपुरा श्रीविष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद कुमार उर्फ चंदन उर्फ चंद्रमा हत्याकांड के मामले में घटना के पांच दिन बाद मृतक के पिता रिटायर्ड दरोगा रामप्रवेश पासवान के बयान पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।दरअसल इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम तकरीबन 4:00 बजे इलाज के दौरान पटना इशवर दयाल अस्पताल में मौत हो गई है। दरअसल बताया जाता है की चैती छठ महापर्व के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध संपन्न होने के बाद बाईक सवार अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर भाग निकला था,गोली कमर की निचले हिस्से में लगी थी, जिसे आनन फानन में पटना निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, हालांकि अस्पताल में समय रहते गोली निकाल दी गई थी और उसे वक्त होश भी आने की उम्मीद थी लेकिन शुक्रवार की शाम को आईसीयू में भर्ती आजाद उर्फ चंदन की मौत हो गई है। पूरे मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक पिडित परिजनों की ओर से आवेदन अज्ञात पर दिया गया है, पुलिस पूरे मामले में बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी हैं।बहरहाल इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।गौरतलब है की मृतक लोदीपुर पटना डाकघर में डाकपाल का काम करता है। इसके पिता रामप्रवेश पासवान रिटायर्ड दरोगा है। आजाद फिलहाल मसौढी में किराए के मकान में रहते हैं। इसके अलावा हसनपुरा सूर्य मंदिर कमेटी में सचिव के पद पर था,जो छठ पूजा के अवसर पर आया हुआ था।

## ऑपरेशन देसी शराब के तहत मसौदा पुलिस ने दो दर्जन शराब भट्ठियां धवस्त, हजारों लीटर महुआ घोल नष्ट



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान रविवार को मसौढी पुलिस ने नदौल समेत कई मुसहरी में तवातोड़ छापेमारी करते हुए दो दर्जन से अधिक भट्ठियों को ध्वस्त किया है जहां इस दौरान सैकड़ो लीटर महुआ गुड को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि नदौल मुसहरी में सुबह सवेरे जैसे शराब बनाने का कार्य किया जाता है ठीक उसी समय मसौढी पुलिस ने टीम गठित करते हुए छापेमारी की जहां शराब बनाने वाले धंधेबाज तो भाग निकले लेकिन उसे वक्त भठ्ठियां धधक रही थी, शराब चुलाई जा रही थी ,जिसे शराब के उपकरण को ध्वस्त किया गया है एवं कई जगहों पर महुआ फूल भी सडाया जा रहा था, उसे नष्ट कर दिया गया है थाना अध्यक्ष ने बताया कि तकरीबन दो दर्जन से अधिक भट्ठी को धवस्त करते हुए 1000 से अधिक जावा महुआ घोल को नष्ट किया गया है। वहीं जिन जिन घरों में शराब बनाई जा रही थी उन्हें चिन्हित कर उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### पुनपुन में पूर्व से चले आ रहे विवाद में दो गुटों में हिसक झडप, कई लोग हुए जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में पूर्व से चली आ रही विवाद को लेकर रविवार की दोपहर में दो गुटों में जमकर मारपीट हो गए, जहां दोनों गुटों की ओर से लाठी डांटे चलने लगे, इस झडप में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है जहां दोनों पक्षों की ओर से आवेदन लिया गया है और कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया यह दोनों पड़ोसी हैं और पहले से भी इन दोनों के बीच विवाद चल रहा है हमेशा से मारपीट होते रही है रविवार के भी दिन किसी बात को लेकर लाठी डंडे से मारपीट हो गई है दोनों तरफ से आवेदन लेकर कार्रवाई की जा रही है।प्रथम पक्ष की ओर से चंदन कुमार पिता सुरेंद्र यादव दुसरे पक्ष की ओर से रंजीत कुमार जख्मी हुआ है बहरहाल मामले मे जांच की जा रही है।

### दो गुटो में मारपीट का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में बिते 20 मार्च को दीवाल पर गोईठा ठोकने को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई थी, मामले मे फरार प्राथमिकी अभि० राहुल कुमार पिता रामाधार प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है।दरअसल इस मामले में पीड़ित विवेक ने छह लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए मारपीट छिनतई की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। थाने में दिए गए आवेदन में विक्की कुमार पिता विद्याभूषण प्रसाद ने बताया की घर की दीवाल के पीछे इंद्रमणि देवी पति रामाधार प्रसाद गोईठा को गोईठा ठोकने के लिए मना किया गया तो वहां से वह चली गई है उसके बाद पूरे घर परिवार मिलकर आए

## दो पक्षों में भिड़ंत, पथराव, मारपीट के साथ हुई फायरिंग

### तनाव व बवाल को देखकर पुलिस ने किया हल्के बल का प्रयोग, चार लोग घायल



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किता चौहत्तर मध्य पंचायत के इस्लामगंज गांव में पूर्व के विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प के साथ मारपीट व पत्थराव हुए। झड़प व मारपीट के दौरान चार लोग घायल हो गए हैं। वही वर्चस्व को कायम करने को लेकर आधा दर्जन राउंड हवाई फायरिंग भी की गई। मामले की सूचना पर पहुँची पुलिस ने पत्थराव व भीड़ का उग्र रूप को देखते हुए हल्के बल प्रयोग करते हुए लोगों को शांत कराया। अगर पुलिस कड़े रुख अख्तियार नहीं करती तो घटना बड़ी हो सकती थी। हालांकि ग्रामीणों ने सिटी एसपी पश्चिमी को पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने का शिकायत की है। बताया जाता है कि इस्लामगंज गांव में देर रात पुराने विवाद को लेकर अंचन साहनी व दिलीप साहनी के बीच भिड़ंत हो गई। ग्रामीणों ने इसके बारे में बताया कि दोनों का नदी से मछली पकड़ने का व्यवसाय है। होली के पूर्व मछली पकड़ने के दौरान ही नाव में जाल के साथ पकड़ी गई मछली की चोरी होने को लेकर दोनों लोगो के बीच विवाद हो गया था। नदी से इस्लामगंज गांव लौटने के बाद उस समय भी दोनों पक्ष में भिड़ंत व जमकर रोड़े बाजी भी हुई थी। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हो गया था। इसके बाद शनिवार की देर रात पुनः दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्ष की ओर से पथराव के साथ मारपीट और हवाई फायरिंग हुई। दोनों पक्ष के लोग जमकर बवाल भी करने लगे। गांव में तनावपूर्ण माहौल और भगदड़ की स्थिति बनी रही। मामले की सूचना पर पुलिस की एक गाड़ी पहुंची तो लोगों को उग्र व भिड़ंत देख कर थाने से अतिरिक्त पुलिस को बुलाया गया। पुलिस की करीब 4 से 5 गाड़िया व पुलिस बल के पहुँचने पर मामला नियंत्रित हुआ। इस मारपीट के दौरान करीब चार लोग घायल हो गए। इधर सूचना पर एफएसएल की टीम ने पहुंच कर जांच की। इधर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने गोलीबारी की पुष्टि नही करते हुए पुलिस की ओर से बल प्रयोग के मामले को बेबुनियाद बताया है। वही उन्होंने ने दोनों ही पक्ष से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए प्राथमिकी हेतु आवेदन देने की बात कही है। वही एक पक्ष से 11 व दूसरे पक्ष से 12 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। कल रात से ही पुलिस नामजदो को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। किसी भी सूरत में विधि व्यवस्था बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

CMYK

# चंडीगढ़ : आधुनिकता और प्रकृति के संतुलन का जीवंत स्वप्न

भूपेंद्र नारायण सिंह







भारतवर्ष के सबसे खूबसूरत शहरों में शुमार चंडीगढ़ केवल एक शहर नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की कल्पनाशीलता, अनुशासन और सौंदर्यबोध का साकार रूप है। पंजाब और हरियाणा की साझा राजधानी के रूप में प्रतिष्ठित यह नगर अपने स्थापत्य, नियोजन और जीवनशैली के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। इस शहर की बुनियाद वर्ष 1952 में रखी गई। पंजाब के पुनर्गठन और हरियाणा राज्य के गठन के समय चंडीगढ़ को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद 1 नवंबर 1966 को इसे केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया और इसे दोनों राज्यों की राजधानी बनाया गया। इससे पहले 7 अक्टूबर 1953 को पंजाब को इसकी नई राजधानी के रूप में यह शहर मिला, हालांकि तब तक इसका नाम निर्धारित नहीं हुआ था। नामकरण की कथा भी उतनी ही रोचक है—स्थापना दिवस समारोह में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कालका मार्ग के समीप स्थित चंडी माता मंदिर के पुजारी से परामर्श लिया, जिन्होंने देवी चंडी के नाम पर ह्यचंडीगढ़ह्न नाम सुझाया। यह उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश काल से ही चंडी माता के नाम पर चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन अस्तित्व में था। प्रशासनिक दृष्टि से चंडीगढ़ एक विशिष्ट केंद्र शासित प्रदेश है, जहाँ कोई विधानसभा या निर्वाचित सरकार नहीं है। वर्तमान व्यवस्था में पंजाब के राज्यपाल ही इसके प्रशासक की भूमिका निभाते हैं। प्रारंभिक दौर में मुख्य सचिव इस प्रदेश के स्वतंत्र प्रशासक हुआ करते थे, किन्तु 1 जून 1984 से लागू परिवर्तनों के बाद यह जिम्मेदारी राज्यपाल को सौंप दी गई और मुख्य सचिव सलाहकार की भूमिका में आ गए। जहाँ आज चंडीगढ़ अपनी भव्यता के साथ खड़ा है, वहाँ कभी दलदली झील का विस्तार हुआ करता था। आधुनिक राजधानी के निर्माण का सपना साकार हुआ स्विट्जरलैंड मूल के फ्रांसीसी वास्तुकार ली कार्बोजिए की दृष्टि से। उन्होंने इस शहर को 60 सेक्टरों में विभाजित कर मानव शरीर की संरचना के अनुरूप इसका मास्टर प्लान तैयार किया—सेक्टर 1 को सिर, सेक्टर 17 को हृदय और हरित पट्टियों को फेफड़ों के रूप में परिकल्पित किया गया। सेक्टर 17 को शहर का जीवंत केंद्र बनाया गया, जहाँ वाणिज्यिक गतिविधियाँ, बस अड्डा, परेड ग्राउंड तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय स्थित हैं। वहीं सेक्टर 10, 11, 12, 14 और 26 में शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों का विकास किया गया। प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो, बिहार के सौजन्य से हुए भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि लगभग 114 वर्ग किलोमीटर में फैले इस शहर में 2000 एकड़ से अधिक क्षेत्र हरित पट्टियों और पार्कों के लिए सुरक्षित रखा गया है। हर सेक्टर में थाना, डाकघर, विद्यालय, अस्पताल और दैनिक आवश्यकताओं के छोटे बाजार सुव्यवस्थित ढंग से स्थापित हैं। चंडीगढ़ की सबसे अनोखी विशेषता यह है कि यहाँ किसी भी मकान का मुख्य द्वार सीधे मुख्य सड़क पर नहीं खुलता और न ही बाजार या दुकानें परिवहन मार्गों के सामने स्थित हैं। चौड़ी सड़कों और सुव्यवस्थित यातायात के कारण यहाँ जाम की समस्या लगभग न के बराबर है। यातायात नियमों के प्रति नागरिकों की सजगता दुर्घटनाओं को न्यूनतम कर देती है। यह शहर साइकिल चालकों के लिए भी स्वर्ग समान है—अलग साइकिल ट्रैक और सुरक्षित यातायात व्यवस्था इसे पर्यावरण के अनुकूल और मानवीय बनाती है। यहाँ का एक साधारण परिवार भी अपने बच्चे को साइकिल से विद्यालय भेजते समय पूरी तरह निश्चिंत रहता है। पर्यटन की दृष्टि से भी चंडीगढ़ अत्यंत आकर्षक है। रॉक गार्डन यहाँ का सबसे अनूठा स्थल है, जो लगभग 35 एकड़ में फैला हुआ है। यह उद्यान घरेलू और औद्योगिक कचरे—जैसे चूड़ियाँ, टाइलें, बोतलें और विद्युत अवशेष—से निर्मित कलाकृतियों का अद्भुत संसार प्रस्तुत करता है। यह सृजनशीलता और पुनर्चक्रण का जीवंत उदाहरण है। इसी प्रकार रोज गार्डन लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जहाँ 1600 से अधिक प्रजातियों के फूल, विशेषकर गुलाब, मन को मोह लेते हैं। यहाँ 32,500 से अधिक वृक्ष और औषधीय पौधे हैं, जो इस स्थल को प्राकृतिक समृद्धि का प्रतीक बनाते हैं। सुखना लेक चंडीगढ़ की आत्मा कही जा सकती है। शिवालिक पहाड़ियों से आने वाली धारा पर 1998 में बाँध बनाकर निर्मित यह झील लगभग तीन किलोमीटर में फैली है। यहाँ नौकायन, शिकारा और सौर क्रूज जैसी गतिविधियाँ सैलानियों को आकर्षित करती हैं। झील के किनारे बैठे कलाकारों द्वारा बनाए गए रेखाचित्र इस अनुभव को और भी जीवंत बना देते हैं। सुखना वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण केंद्र है, जो इस शहर के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखता है। अंततः, चंडीगढ़ केवल ईंट-पत्थरों का शहर नहीं, बल्कि एक सुविचारित जीवनशैली का प्रतीक है—जहाँ आधुनिकता और प्रकृति का अद्भुत संतुलन देखने को मिलता है। यहाँ की स्वच्छता, अनुशासन, हरियाली और कलात्मकता मन को इस तरह स्पर्श करती है कि लौटते समय स्मृतियों में एक सुकून भरी छाप छोड़ जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार भविष्य में उद्योग के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा यमुना सिकारिया



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति यमुना कुमार सीकरीया द्वारा चंपारण एक्सपो 2026 में बिहार सरकार उद्योग मंत्री श्री दिलीप कुमार जायसवाल जी के आगमन पर उन्होंने बिहार में उद्योग बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए, और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर यमुना सीकारीया ने कहा की उद्योग मंत्री के यहां आने से हम उद्योगपतियों का मनोबल में काफी बढ़ोतरी हुई है, आने वाले समय में बिहार सरकार के योजनाओं से लगता है की बिहार भविष्य में उद्योग के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनेगा। साथ ही सभी जिलों में लोकल फॉर वोकल मार्केट बनाने का सुझाव दिया। जिसमें लोकल निर्मित वस्तु ही बेची जाएगी।

### मैट्रिक की परीक्षा में आयुष ने लाए 479 अंक और अवनीश ने 478।



**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के गोला पकड़िया पंचायत के गोला पकड़िया निवासी शिक्षक राजेश कुमार का पुत्र आयुष कुमार और मजीरवा गाँव के अजय कुमार गुप्ता के पुत्र अवनीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर अपने पूरे प्रखंड सहित जिले वासियों का नाम रोशन किया आयुष और अवनीश ने मैट्रिक की पढ़ाई गांव के ही राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय से ही पढ़ कर परीक्षा में 479, 478 अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरु को को बताया.और आयुष ने कहा जी आगे की पढ़ाई कर हम डीएम बनना मेरा सपना हैं. वही अवनीश ने आई आई टी के क्षेत्र मे जाने का मन बनाया।

### सारथी क्लासेज एवं लाइब्रेरी, बेतिया में शुरू हुई हॉस्टल सुविधा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अब बेतिया के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा, अनुशासन और बेहतर रहने की व्यवस्था एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो गई है। सारथी क्लासेज एवं लाइब्रेरी ने दूर-दराज के छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई हॉस्टल सुविधा शुरू कर दी है। सारथी क्लासेज के संचालक नीरज कुमार ने बताया कि संस्थान 5 वीं से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग प्रदान करता है। यहां अनुभवी शिक्षक कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाने की गारंटी देते हैं। संस्थान में आधुनिक लाइब्रेरी भी उपलब्ध है, जहां शांत वातावरण में विद्यार्थी स्वाध्याय कर सकते हैं। लाइब्रेरी में किताबों का विशाल संग्रह छात्रों को ज्ञान की गहराई तक ले जाने में मदद करता है। नई शुरू की गई हॉस्टल सुविधा सबसे महत्वपूर्ण कदम है। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले छात्र अब सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित छात्रावास में रह सकेंगे। हॉस्टल में घर जैसा माहौल, पौष्टिक भोजन और उत्तम रहन-सहन की व्यवस्था की गई है, ताकि छात्र पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। संचालक ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। शिक्षा के साथ अनुशासन और अच्छी रहने की व्यवस्था बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।

### मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्लॉक रोड अवस्थित एलीट कोचिंग सेंटर के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा 2026 में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया है। कोचिंग से तैयारी करने वाले छात्र- छात्राओं में नितिन कुमार ने 448 अंक लाकर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही हरीश कुमार कुशवाहा 428, नैन्सी कुमारी 421, शिवम कुमार साह 419, हिमांशु कुमार बैठा 416 , खुशबू कुमारी 403 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा मणि कुमार 397, सत्यम गिरी 396, अनु कुमारी 392, राम पाण्डेय , ऋतिक कुमार और हिमांशु चौधरी 387, सुमित पटेल 386, आतिश प्रीतम 386, अंकित कुमार 377 तथा अंशु कुमारी 374 अंक लेकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। संस्थान के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि कोचिंग के अधिकांश छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की मेहनत और लगन तथा संस्थान के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में परिणाम प्रतिवर्ष बेहतर हो रहे हैं। छात्र छात्राओं के आशातीत परिणाम पर कोचिंग के मेंटर प्रकाश कुमार, शिक्षक चन्द्र भूषण तिवारी, अरविंद गुप्ता, सतीश सिंह, रितेश मिश्रा , जोखू कुमार तथा पवन कुमार ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। शिक्षकों ने उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### मझौलिया के होनहारों ने रचा इतिहासः मन्नत और ज्योति की शानदार सफलता से क्षेत्र गौरवान्वित

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल परसा बहुरअवा के छात्र मन्नत पराशर ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 466 अंक (93.2 प्रतिशत) प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे मझौलिया का मान बढ़ाया है। वहीं, मोतीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ज्योति कुमारी ने भी 426 अंक (85 प्रतिशत) लाकर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मन्नत पराशर के पिता सतेन्द्र सिंह ने बताया कि मन्नत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहा है। बेटे की इस उपलब्धि पर उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए मिठाई खिलाकर उसका उत्साह बढ़ाया। मन्नत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।इधर, ज्योति कुमारी की सफलता ने भी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। उनके पिता प्रदीप यादव ने बताया कि ज्योति प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। उसकी शुरूआती शिक्षा मझौलिया के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय से हुई, जहां उसने मजबूत शैक्षणिक नींव रखी। इसके बाद उसने मोतीलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दाखिला लेकर निरंतर मेहनत जारी रखी।विद्यालय के शिक्षकों ने ज्योति को अनुशासित और परिश्रमी छात्रा बताते हुए कहा कि उसकी सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। दोनों होनहारों की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है।

### सुनीता ने बिहार में 7वां स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी चम्पारण जिले के बैरिया प्रखंड अंतर्गत स्थित +2 केदार पाण्डेय प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, पूजाहां पटजिरवा के लिए यह अत्यंत गौरव एवं ऐतिहासिक क्षण है कि विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा सुनीता कुमारी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टॉप-10 मेरिट सूची में 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। सुनीता कुमारी ने कुल 484 अंक (96.8 प्रतिशत) अर्जित कर अपनी असाधारण प्रतिभा, अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं निरंतर अध्ययनशीलता का परिचय दिया है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है।

# पांच दिवसीय चंपारण एक्सपो 2026 आयोजित

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ : राधा मोहन सिंह



**उद्योग लगेगा बिहार बढ़ेगा कार्यक्रम को संसद ने किया संबोधित**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी टाउन हॉल मैदान में 26 से 30 मार्च, 2026 तक मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स और उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 5 दिवसीय 'चंपारण एक्सपो-2026' उद्योग लगेगा, बिहार बढ़ेगा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 31.1% और निर्यात का 48.58% हिस्सा है, जिसमें 7.47 करोड़ से अधिक ईकाइयां योगदान देते हैं और करोड़ों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। ये आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। श्री सिंह ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र का महत्त्व इस बात से समझा जा सकता है कि ये न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास ला रहे हैं, बल्कि महिलाओं और युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर भी दे रहे हैं। भारत सरकार की विभिन्न योजनाएं, जैसे 'पीएम विश्वकर्मा योजना' और 'आत्मनिर्भर भारत कोष', इस क्षेत्र को तकनीकी रूप से सक्षम और मजबूत बना रही हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि, आज हमारे एमएसएमई उद्यमियों के सामने फाइनेंसिंग, डिजिटल तकनीक को अपनाने और मार्केटिंग जैसी कुछ चुनौतियां भी हैं। हमें इन चुनौतियों का सामना करने के लिए क्लस्टर-आधारित विकास और 'जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट' प्रमाणीकरण को अपनाना होगा। मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, उप महापौर सहित, उत्तर बिहार वाणिज्य उद्योग परिषद और चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## डीआरडीओ की भूमिका देश ने अपरेशन सिंदूर में देखी : राधामोहन सिंह



**15 से 18 अप्रैल तक डीआरडीओ ब्रह्मोस, पृथ्वी, आकाश एवं अग्नि मिसाल के मॉडल की प्रदर्शनी लगाएगा**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शौर्य स्तम्भ स्थल पर शनिवार को सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के मुख्य अभियंता डॉ बी के सिंह, डीआरडीओ के अपर निदेशक बृजेश कुमार,जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण ने संयुक्त किया । निरीक्षण के बाद इसके विकास पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के चीफ इंजीनियर ने कहा कि सांसद राधा मोहन सिंह के प्रयास से विद्यार्थियों और नौजवानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा 15 से 18 अप्रैल तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के मॉडल और उत्पाद की प्रदर्शनी महात्मा गांधी ऑडिटोरियम परिसर में लगाई जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि डीआरडीओ देश की अति महत्वपूर्ण संस्था है। ऑपरेशन सिंदूर में इसकी भूमिका देश चुकी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा उनके मॉडल और उत्पाद की प्रदर्शनी एक बड़ा काम है। प्रदर्शनी में ब्रह्मोस मिसाइल, पृथ्वी मिसाइल,आकाश मिसाइल एवं अग्नि मिसाइल के अतिरिक्त रडार सहित अन्य उत्पाद प्रदर्शनी में शामिल रहेंगे।इससे युवाओं और नौजवानों को प्रेरणा मिलेगी और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के वैज्ञानिक बन कर देश की सेवा करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि भविष्य में इन मॉडल और उत्पादों को स्थाई रूप से कैसे शौर्य स्तम्भ परिसर में लगाया जाएगा, इसकी भी योजना बन रही है। मौके पर उप महापौर डॉ लालबाबू प्रसाद,भाजपा मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, निगम पार्षद संजू निषाद, राय रोहित शर्मा, रोचक झा, ऋषभ झा, दिव्यांशु भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## तृतीय कैडेट बिहार राज्य भारोत्तोलन चैम्पियनशिप का उद्घाटन पूर्व विधायक द्वारा किया गया

**कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा**

**मोतिहारी/सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेल विभाग बिहार सरकार के तत्वावधान में तृतीय कैडेट बिहार राज्य भारोत्तोलन चैम्पियनशिप 2025-26 (बच्चे एवं बच्चियों) 9 -13 वर्ष का आयोजन नन्द हाई स्कूल, सुगौली के सभागार में 29-30 मार्च 2026 का विधिवत उद्घाटन भूतपूर्व विधायक ई. शशिभूषण सिंह, डॉ.सुधीर कुमार, समाजसेवी म.अलीहसन व राकेश कुमार झा एवं बिहार वेटलिफ्टिंग डेवलपमेंट कमिटी के अध्यक्ष अरुण केसरी, पूर्वी चंपारण जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार(गुड्डू जी) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। इस कार्यक्रम से बिहार के बच्चों को भारोत्तोलन के क्षेत्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने और अपना भविष्य संवारने का मौका मिलेगा।कार्यक्रम का संचालन जिला भारोत्तोलन संघ के कोषाध्यक्ष डॉ.पवन कुमार ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रुस्तम आलम, संयुक्त सचिव आरिफ एकबाल (छोटू) एवं प्रशांत कुमार (छोटू) का अथक परिश्रम सराहनीय है। इस कार्यक्रम में समाजसेवी संदीप कुमार मिश्रा, वार्ड पार्षद श्याम शर्मा, रेडियंट पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर हृषिकेश कुमार हर्ष, डॉ.चंद्रकिशोर कुमार गुप्ता, डॉ.भोला प्रसाद यादव की गरिमायी उपस्थिति सराहनीय रही।

## बसवारी में फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस



**रक्सौल बॉर्डर (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल प्रखंड के पंटोका पंचायत अंतर्गत भरतमही गांव के सरेह स्थित बसवारी में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव बांस के पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। घटना की खबर मिलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान एकडेरवा ग्राम निवासी पुनदेव दास के पुत्र जय दास के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुबह ग्रामीण दैनिक कार्य के लिए बसवारी की ओर गए थे, तभी उनकी नजर पेड़ से लटक रहे युवक पर पड़ी। यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हरैया थाना अध्यक्ष किशन कुमार पासवान तुरंत ही सदलबल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। इसके साथ ही घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा आसपास के लोगों से पूछताछ भी की गई। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई जल्द सामने लाई जाएगी।

# चिरैया पुलिस ने पांच वर्षीय मासूम बच्ची की गला रेतकर हत्या का किया उद्भेदन

**मृतिका की मां से बदला लेने पड़ोस की मुंहबोली दीदी ने घटना को दिया अंजाम**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हीरापट्टी गांव में बीते 20 मार्च को पांच वर्षीय आंशिका कुमारी की गला रेतकर हत्या मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। रविवार को चिरैया थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में सिकरहना एसडीपीओ उदय शंकर ने घटना का उद्भेदन करते हुए कहा कि मृतिका घटना के दिन शाम को आई आंधी में अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग पता नहीं चल पाया। जिसके बाद उसकी मां रागनी देवी ने थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई। वही ठीक उसके अगले दिन बच्ची का शव अभिमन्यु यादव के बकला के खेत से बरामद हुआ। इस दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने खुद घटना स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश भी दिया। मौके पर पहुंची डॉग स्कावर्ड एवं एफ. एस.एल. की टीम ने हर एक बिंदु पर छानबीन की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर गांव की ही 22 वर्षीय बीए की छात्रा शिल्पी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में शुरूआत में छात्रा पुलिस को गुमराह करती रही। लेकिन सख्ती से पूछताछ के बाद उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। एसडीपीओ उदय शंकर ने बताया है आरोपी इतनी शातिर है कि हत्या को हादसा बना लोगों को गुमराह कर देती थी। अंशिका की हत्या के पीछे की वजह अभियुक्त शिल्पी का प्रेम प्रसंग उसके गांव के ही नीतीश कुमार नाम के युवक के साथ चल रहा था। जो शिल्पी और नीतीश के घर वाले को पसंद नहीं था। घर वालों के विरोध से दोनों का प्यार टूट गया। जिसके कारण वह बदला लेने की रणनीति बनाने लगी। जिसकी शुरूआत उसने अपने ही घर से की। फिर एक - एक कर उसने अगलगी और हत्या सहित 18 घटनाओं को अंजाम दिया। लेकिन वह पूर्व के किसी भी कांड में पकड़ी नहीं गई। इस दौरान उसने नीतीश के दादा को सोए अवस्था में पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इतना शातिर अंदाज से घटना को अंजाम दी थी कि घर वाले को शक नहीं हु एसडीपीओ उदय शंकर ने बताया कि बदला लेने के लिए घटना को अंजाम दिया है। आरोपी ने बताया कि अंशिका की मां ने मेरे प्रेमी को भड़का कर मुझ से अलग की थी। और अंशिका की बड़ी मां चोरी का आरोप लगा कर मुझे मेरे घर वालो से पिटाई खिलवाई थी। इस लिए एक तीर से दो शिकार करना था। पहला की अंशिका की हत्या करना और उस हत्या में उसकी बड़ी मां को फसाना। अंशिका के हत्या से पहले बड़ी मां के नाम से हत्या करने का कई ऑडियो रिकॉड कराया और हत्या के बाद उसे वायरल कर दिया। ताकि पुलिस और आम लोगों को मृतका की बड़ी मां पर शक हो जाए और उसे जेल हो। लेकिन पुलिस अनुसंधान ने उसके पूरे मंसूबे पर पानी फेर दिया है। अंशिका के हत्या के आरोप में शिल्पी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। छापामारी टीम में सिकरहना एसडीपीओ उदय शंकर, इंस्पेक्टर एस एन पांडे, थानाध्यक्ष महेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष खगेश झा व कोमल कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

### फ्लिपकार्ड से मंगाया था हत्या में प्रयुक्त चाकू

शिल्पी ने हत्या में इस्तेमाल करने के लिए फ्लिप कार्ड से चाकू मंगाई थी। चाकू अपनी भाभी के बहन के फोन से बुक की थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए शव के पास उसने बिना खून लगा चाकू डाला और हत्या जिस चाकू से की थी उसे अपने घर में छुपा कर रखा था। जिसे पुलिस बरामद कर ली थी। जांच के दौरान पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू, ऑडियो वायरल करने वाला मोबाइल, सिम सहित अन्य सामान को बरामद कर लिया है।

# विकास कार्यों में अनिमितता की निष्पक्ष जांच की मांग

**भ्रष्टाचार के विरुद्ध फूटा जन-आक्रोश,आमरण अनशन की दी चेतावनी**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद द्वारा विकास कार्यो में अनिमितता और प्रशासनिक उदासीनता के विरुद्ध रविवार को शहर के पोखरा चौक स्तिथ राम जानकी मंदिर परिसर में शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश राज ने किया वही संचालन सागर श्रीवास्तव ने की। बैठक में नगर प्रशासन की कार्यशैली पर कई गंभीर सवाल उठाए गए। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार के मामलों की शिकायत जब एसडीएम या उच्च अधिकारियों से की जाती है, तो जांच की जिम्मेदारी उन्हीं अधिकारियों को सौंप दी जाती है जिनके विरुद्ध शिकायत होती है। वक्ताओं ने इसे रक्षक ही भक्षक वाली स्थिति बताया।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर जिलाधिकारी से मिलकर स्वतंत्र जांच का आग्रह किया जाएगा। वावजूद यदि पारदर्शिता के साथ जांच शुरू नहीं हुई, तो शहरी एवं ग्रामीण विकास मंच आम जनता के सहयोग से मुख्य चौक पर आमरण अनशन शुरू करेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही जिला एवं नगर प्रशासन की होगी। इस बैठक में हाईकोर्ट के अधिवक्ता व विधि सलाहकार राजेश गुप्ता, पूर्व उपसभापति गुड्डू अग्रवाल, जाहिद हुसैन, गौरीशंकर दुबे, सुधीर कुमार, राजेश प्रसाद, वीरेंद्र श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, अफान हसन, जावेद आलम, जाकिर हुसैन, शेखर गुप्ता, शेख भोला, कन्हैया कुमार, द्वारिका सराफ, देवाशीष चौबे, राज नारायण राय, सदरे आलम, विनोद जायसवाल, रंजन तूफानी, रिंटू पटेल, पलख यादव समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जितना थाने में जब्त शराब विनष्टीकरण, 17 मामलों में बरामद की गई 1200 लीटर देसी-विदेशी शराब नष्ट

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाने में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया गया। थाने में 17 मामलों में जब्त की गई लगभग 1200 लीटर देसी और विदेशी शराब को नष्ट किया गया। विनष्टीकरण की प्रक्रिया के दौरान थानाध्यक्ष सुधीर कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी श्याम कुमार भी मौजूद रहे।थानाध्यक्ष ने बताया कि यह शराब 17 मामलों में जब्त की गई थी। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शराब माफियाओं और पियक्कड़ों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे तस्करों और पियक्कड़ों में दहशत का माहौल है।थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उनके थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों और माफियाओं के लिए कोई जगह नहीं है। अगर कोई ऐसी गतिविधियों में पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि अगर उनके गांव में कहीं भी अवैध शराब की बिक्री की जा रही है या तस्करी हो रही हो, तो इसकी सूचना तुरंत जितना थाना की पुलिस को दें।

# प्रशिक्षण महाभियान में संगठन की रणनीति व विचारधारा पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत रविवार को कुटुंबा पूर्वी मंडल में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा संचालन विधानसभा प्रभारी अशोक पाण्डेय ने किया। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन की मूल विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को आगामी सांगठनिक विस्तार के लिए तैयार करना है। उन्होंने शिविर में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और कार्यकर्ताओं के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान 'अंत्योदय' के लक्ष्य को दोहराया गया। जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होगा और वे 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सुनील शर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, जिला मंत्री सुबोध सिंह, एससी एसटी मोर्चा अध्यक्ष अरविंद पासवान, विधानसभा संयोजक परमेश्वर बैठा, जिला प्रवक्ता विजय प्रसाद निराला, दीपक सिंह, विवेक सिंह, अभय पासवान, सोनू पासवान, संतोष सिंह, गौतम वर्मा, राम प्रवेश सोनी, प्रेम चंद्रवंशी, कंचन गुप्ता, विवेक सिंह भगवा, अवध शर्मा, मृत्युंजय पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मैट्रिक परीक्षा में शंकर उपाध्याय ने 435 अंक लाकर किया गांव का नाम रोशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत तेयाप गांव के होनहार छात्र शंकर उपाध्याय ने मैट्रिक परीक्षा में 435 अंक प्राप्त किया है। शंकर ने अपनी इस सफलता से न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे गांव का नाम भी गौरवान्वित किया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। बता दें कि शंकर उपाध्याय गोह के उच्च विद्यालय हमीदनगर, तेयाप के छात्र हैं। शंकर ने मैट्रिक परीक्षा में गांव में सर्वाधिक अंक हासिल कर एक मिसाल पेश की है। उनकी इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि अगर मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी कार्य को किया जाए तो अवश्य सफलता मिलती है। वहीं शंकर के पिता मृत्युंजय उपाध्याय एक साधारण किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने पुत्र की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। शंकर की सफलता उनके परिवार के संघर्ष, समर्पण और उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इधर शंकर की सफलता पर गांव के लोगों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने शंकर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। माता शोभा उपाध्याय, भाई शंभु उपाध्याय, हिमांशु उपाध्याय, पूर्णानंद उपाध्याय, संपूर्णानंद उपाध्याय का कहना है कि शंकर की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## एक नजर

### मारपीट की प्राथमिकी दर्ज,16 नामजद

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के खरांटी गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी। इस मामले में दुर्गावती देवी ने गांव के ही धर्मेंद्र ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, सिकंदर ठाकुर सहित 16 लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए यह उल्लेख किया है कि विगत रात्रि दरवाजे पर बैठे हुए थे सभी उक्त आरोपित आकर गाली गलौज करते हुए हाथ में लिए रॉड ले मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की तहकीकात की जा रही है।

### मैट्रिक परीक्षा में कुंदन ने पाई शानदार सफलता

**औरंगाबाद।** शहर के वार्ड नंबर 32 अंतर्गत रजवारी गांव के रहने वाले कुंदन कुमार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शानदार सफलता पाई है। कुंदन ने 433 अंक (86.6 प्रतिशत) लाकर गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। कुंदन ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता कौशलेंद्र यादव, माता, भाई-बहन सहित गुरुजनों को दिया है। कुंदन के पिता कौशलेंद्र यादव एक पत्रकार है। कुंदन को हमेशा से घर में पढ़ाई-लिखाई का माहौल मिला। माता-पिता ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और साथ ही पिता ने पढ़ाई में मदद की। पिता कौशलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कुंदन गांव में रह कर पढ़ाई किया। यह सफलता उसके कड़ी मेहनत का परिणाम है। कुंदन की इस सफलता पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, पूर्व विधायक ऋषि कुमार सिंह, डॉ रमेश यादव, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार, ई. सुबोध कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य सविता देवी, जिला पार्षद अनिल यादव, शहजादा शाही, राजद नेता रामेश्वर कुमार रोशन, प्रदेश महासचिव युसूफ आजाद अंसारी, राजद नेता सुनील कुमार यादव, उदय भारतीय समेत अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### भक्तिमय माहौल में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

**कौआकोल।** कौआकोल मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप में स्थापित मां चैती दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शनिवार की देर रात्रि को पूरे विधि-विधान और भारी मन से किया गया। नौ दिनों के भव्य आयोजन के बाद दसवें दिन जब मां की विदाई की घड़ी आई,तो वहां मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। विसर्जन से पूर्व महिलाओं ने मंगलगान कर मां से सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना की। इस दरम्यान माता के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। वहीं विसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद दिखे। जैसे ही प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया,श्रद्धालुओं का उत्साह और दुख का मिला-जुला संगम देखने को मिला। पूजा समिति के सदस्य अजित कुमार वर्मा ने बताया कि चैती नवरात्र के दौरान क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने मां से अगले वर्ष पुनः जल्दी आने की प्रार्थना की।

### मामूली बहस में मारपीट

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** थाना अंतर्गत शहर के बस स्टैंड में दो पक्षों में बहस के बीच मारपीट हुई। मारपीट में कई लोग घायल भी हुए है लेकिन किसी का इलाज सीएचसी में नहीं हुआ। इस मामले में खंडवा गांव के प्रथम पक्ष से सुधीर सिंह ने खैरी गांव निवासी कृष्ण यादव, राहुल कुमार, सुमित कुमार, जितेंद्र यादव उर्फ पंडित जी, नॉलेज यादव की बेटा को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया कि मेरे बच्चे घर से रफीगंज सुबह कोचिंग के लिए आ रहे थे, सभी उक्त व्यक्ति मेरे बेटे एवं उसके दोस्त के साथ मारपीट करने लगे, वहीं दूसरे पक्ष से खैरी गांव निवासी राहुल कुमार ने खड़वा गांव निवासी गोलू कुमार, गौरव कुमार, आयुष कुमार, आकाश कुमार, अमर कुमार सिंह, सुशांत कुमार सिंह, पवन कुमार ,अंकुश कुमार को नामजद आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया की बस स्टैंड में सभी व्यक्ति लेकर लाठी डंडा लेकर जान से मारने के नियत से मारपीट करने लगे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के तरफ से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

# किसान के बेटे ने बिहार में लाया आठवां स्थान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** देव प्रखंड के दुलारे पंचायत के वन मंझौली गांव के निवासी किसान बृजमोहन यादव के पुत्र आकाश कुमार ने बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में पूरे राज्य में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जैसे ही बिहार सरकार द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, टॉपर्स की सूची में आकाश का नाम सामने आते ही स्वजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। आकाश, देव प्रखंड स्थित हाई स्कूल डुमरी का छात्र है। साधारण किसान परिवार से आने वाले आकाश ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बन गया है। परिणाम की जानकारी मिलते ही दुलारे पंचायत के मुखिया सह पक्ष अध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक धनंजय गुप्ता, चंदन कुमार यादव, प्रदीप कुमार, गुड्डू कुमार, अनिल कुमार यादव और समाजसेवी संतोष यादव सहित कई गणमान्य लोग आकाश के घर पहुंचे। सभी ने मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दुलारे पंचायत के मुखिया विजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि अब हमारा क्षेत्र पिछड़ा नहीं रहा। यहां शिक्षा की ज्योत जल चुकी है। आने वाले समय में हमारे क्षेत्र से और भी प्रतिभाशाली छात्र निकलेंगे, जो देश स्तर पर नाम रोशन करेंगे।

# तेजाब हमला पीड़ितों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा तथा प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविन्द कुमार के मार्गदर्शन में 29 मार्च 2026 को काशीचक प्रखंड के बेलड़ सामुदायिक भवन, जिला नवादा में तेजाब हमला पीड़ितों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा अमन जैन ने कहा कि तेजाब हमला पीड़ितों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना जिला विधिक सेवा प्राधिकार का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने बताया कि पीड़ित अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उनका समुचित उपयोग कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने जानकारी दी कि तेजाब हमला पीड़ितों के पुनर्वास हेतु पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता का प्रावधान है, जिसे न्यायालय की अनुशंसा पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

# शहीद छोटू मुखिया की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** प्रखंड के पचरुखिया बाजार स्थित धमनी रोड के शहीद स्मारक परिसर में रविवार को शहीद देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटू मुखिया की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आगत अतिथियों द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर की गई, इसके बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। सभा की अध्यक्षता श्याम किशोर सिंह ने की, जबकि संचालन पत्रकार संजय श्याम ने किया। मुख्य अतिथि गोह विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि छोटू मुखिया केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की हत्या की जा सकती है, लेकिन विचारों को समाप्त नहीं किया जा सकता। गोह-हसपुरा की धरती बलिदानियों की रही है और क्षेत्र की जनता द्वारा सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने संकल्प लिया कि वे भी छोटू मुखिया की तरह गरीबों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। विशिष्ट अतिथि अरवल के पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी व्यक्तित्व हमेशा सामंती सोच के लोगों को खटकता है। छोटू मुखिया जीवन भर गरीबों और वंचितों के पक्ष में खड़े रहे, इसी कारण वे विरोधियों की आंखों में खटकने लगे और अंततः उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि अब समय है कि उनके अधूरे सपनों को पूरा किया जाए। अन्य वक्ताओं में पूर्व जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार बबलू, अजय कुशवाहा, विकास कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, मुखिया वीरेंद्र सिंह, श्रीकांत वर्मा, विनोद कुमार सिन्हा, रामजीत राम, भगवान सिंह और भोला कुरैशी सहित कई लोगों ने उनके जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि छोटू मुखिया का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संघर्ष के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम की देखरेख करते हुए शहीद छोटू मुखिया की पत्नी सोनम कुशवाहा ने उनके संघर्ष के साथियों को याद करते हुए आभार व्यक्त किया।

# सुविख्यात गायक दीपक जैन के भक्तिमय तरानों से गुलजार होगा कुण्डलपुर महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं नालंदा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कुण्डलपुर महोत्सव, 2026 में भक्तिमय प्रस्तुति देने के लिए मुख्य रूप से जाने-माने गायक कलाकार दीपक जैन (नवादा) को आमंत्रित किया गया है। अहिंसा एवं शांति के विश्व उद्घोषक जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के अवसर पर बिहार सरकार के पर्यटन मंत्रालय एवं नालंदा जिला प्रशासन के तत्वावधान में उनकी जन्म स्थली कुण्डलपुर (नालंदा) में प्रत्येक वर्ष "कुण्डलपुर महोत्सव" का आयोजन होता है। वर्ष 2026 में भगवान महावीर की 2625वीं जयंती है। इस अवसर पर आयोजित दो दिवसीय "कुण्डलपुर महोत्सव" के दौरान पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं नालंदा जिला प्रशासन की पहल पर आगामी 30 मार्च को सांध्यकालीन बेला में सुविख्यात भजन गायक दीपक जैन (नवादा) भगवान महावीर व जैन धर्म पर आधारित अपनी भक्तिमय तरानों से कुण्डलपुर की वादियों को गुलजार करेंगे।

# औरंगाबाद की महिलाएं लिख रहीं आत्मनिर्भरता की महा गाथा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले की वे महिलाएं, जो कभी अपनी पहचान के लिए दूसरों पर निर्भर थीं और बैंक तक का रास्ता नहीं जानती थीं, आज आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं। कभी अंगूठा लगाने वाली ये महिलाएं अब हस्ताक्षर कर रही हैं, अपने व्यवसाय चला रही हैं और परिवार की आर्थिक रीढ़ बन चुकी हैं। इस बदलाव के केंद्र में है जीविका, जिसने महिलाओं को संगठित कर स्वरोजगार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाने का अवसर दिया है।

छोटी पूंजी और बड़े हौसले के साथ इन महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि सफलता के लिए न तो ऊंची पढ़ाई जरूरी है और न ही बड़ी पूंजी। जरूरत है तो सिर्फ आत्मविश्वास और अवसर की। आज जिले की सैकड़ों महिलाएं घर की चारदीवारी से निकलकर अपना व्यवसाय चला रही हैं। कोई बकरी पालन कर रही है, तो कोई श्रृंगार दुकान के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है।

**श्रृंगार दुकान से संवार रही भविष्य**

मदनपुर प्रखंड के मंजरेठी गांव निवासी कुंदन चौधरी की पत्नी तेतरी देवी की कहानी संघर्ष और सफलता का जीवंत उदाहरण है। तेतरी बताती हैं कि एक समय ऐसा था जब परिवार को दो वक्त का भोजन जुटाना भी मुश्किल होता था। बच्चों की पढ़ाई और पहनावे की स्थिति बेहद खराब थी।

वर्ष 2019 में जीविका समूह से जुड़ने के बाद तेतरी देवी ने 10 हजार रुपये की सहायता से एक श्रृंगार दुकान की शुरुआत की। आज उनकी दुकान अच्छी आमदनी का जरिया बन चुकी है और वे हर महीने 10 से 15 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इसी आमदनी से वे अपने चार बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठा रही हैं। उनका सपना है कि बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार की गरीबी को पूरी तरह समाप्त करें। भविष्य में वे कपड़े की दुकान खोलने की योजना भी बना रही हैं।

**बकरी पालन से उभरी आत्मसम्मान की राह**

इसी गांव की सुनीता देवी ने भी जीविका से जुड़कर अपनी जिंदगी को नई दिशा दी है। उन्होंने 10 हजार रुपये की सहायता से बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया। आज वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं।

सुनीता बताती हैं कि पहले आर्थिक तंगी के कारण उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और इलाज जैसी जरूरतें पूरी करना कठिन था। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और वे अपनी सभी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। आगे वे इस व्यवसाय को और विस्तार देने की योजना बना रही हैं।

**स्वरोजगार से बदल रहा समाज का नजरिया**

जीविका के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ी है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति नजरिया भी सकारात्मक रूप से बदला है। महिलाएं अब परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही हैं और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी आवाज उठा रही हैं।

मदनपुर प्रखंड सहित जिले के कई क्षेत्रों में दर्जनों महिलाएं जीविका समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। यह बदलाव न केवल उनके जीवन को संवार रहा है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनता जा रहा है।

# अम्बेडकर जयंती को लेकर शिक्षा सेवकों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के डाकबंगला मिडिल स्कूल में शिक्षा सेवक तामिलि मकरज रफीगंज संघ द्वारा आगामी अम्बेडकर जयंती समारोह को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमे अध्यक्षता हरेन्द्र कुमार, संचालन लालदेव पासवान ने किया। बैठक में रफीगंज प्रखंड परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में झांकी, जागरुकता रैली एवं सामाजिक एकता को बढ़ावा देने वाली विभिन्न गतिविधियां शामिल होगी। इस अवसर पर रामाशीष राम, भोला चौधरी, राजेन्द्र कुमार उर्फ राकेश,सुरेंद्र पासवान ने शिक्षा सेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव बैजनाथ रजक, मनीष कुमार, मंजू कुमारी, तलत परवीन, तरन्नुम परवीन, गुलराज अहमद, फखरुल रहमान, उमेश चौधरी, दिलीप कुमार सहित कई शिक्षा सेवक उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, जागरूकता अभियान तथा समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# डॉ अंबेडकर जयंती पर निकाली झांकियां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय की धर्मशाला परिसर में रविवार को अंबेडकर विकास मंच मदनपुर प्रखंड इकाई के तत्वावधान में बैठक सेवानिवृत्त शिक्षक नरेश गहलौत की अध्यक्षता में की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं भव्य जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाए। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय से एक भव्य झांकी एवं शोभायात्रा निकाली जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील की गई वे जायदा से ज्यादा संख्या में सहभागी बने। जयंती के अवसर पर झांकी में शामिल होने वाले लोगों के लिए समुचित व्यवस्था करने, लोगों को जागरूक करने के लिए भ्रमण दल का गठन किया जाए। बैठक में अध्यक्ष नरेश गहलौत ने कहा कि संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर समाज के उपेक्षित, पीड़ित वर्ग के लोगों को एक रुपता, समानता और आर्थिक सामाजिक रुप से विकसित करने के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। उन्होंने हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। बैठक में शिक्षक तापेश्वर कुमार ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर नहीं होते तो समाज के अंतिम पंक्ति में रहने वाले उपेक्षित लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं मिलता। इस अवसर पर संजय कुमार, कामेश्वर कुमार, उदय शिकारी, राम केवल रजक, भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष रवि पासवान, गुलशन चंद्रकांत, जनेश्वर राम, विजय पासवान, महाराजा कुमार वीरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# टॉपर छात्र-छात्रा सह पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** रफीगंज के न्यू एरिया स्थित रेनबो साइंस क्लासेस द्वारा इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों एवं पत्रकारों को भी अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक रंजीत कुमार यादव ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने से उनका हौसला बढ़ता है और वे आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# नूतन उन्नति फाउंडेशन संस्था ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया सेवा शिविर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रामनवमी पर नवादा नगर में निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट जलपान व्यवस्था की गई। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह स्टॉल लगाकर शीतल जल शरबत फल एवं अन्य हल्के नाश्ते का वितरण किया गया। वहीं महिलाओं के उत्थान को समर्पित स्थानीय नूतन उन्नति संस्था महावीर मार्केट में के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण की सराहनीय व्यवस्था की गई। तेज धूप और गर्मी को देखते हुए संस्था के सदस्यों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर यात्रियों और श्रद्धालुओं को ठंडा शरबत पिलाया गया। यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालियों ने इस व्यवस्था का लाभ उठाया और संस्था के इस सेवा भाव की सराहना की। संस्था के महिला सदस्यों ने पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ-साथ जलपान वितरण का कार्य संभाला। जिसे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शरबत ग्रहण कर संस्था के इस सेवा भाव की प्रशंसा की। संस्था के निदेशक नूतन बिहारी ने बताया कि इस प्रकार की सेवा से लोगों को राहत मिलती है। ऐसे धार्मिक आयोजनों में सेवा करना पुण्य का कार्य है और इस समाज में आपसी सहयोग एवं सद्भावना का संदेश मिलता है। कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारी एवं सभी सदस्य पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहे और सेवा कार्य को सफल बनाया । स्थानीय लोगों ने इस पहल को सामाजिक एकता और सहयोग का उत्तम उदाहरण बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के राखी बरनवाल, राखी गुप्ता, अनीता, समता, सोनी, बबीता, तरुण चौरसिया, बंटी सिंह, अर्चना, सीमा, रीना, सुमन, पुनीता, अंजू ,बबली, डॉक्टर बिन्नी, हेमलता, ममता, प्रियंका, पूनम, पुनीता, सुमन, तान्या, ममता, अलीशा, अंजू, भवानी, पूनम गुप्ता, रीना वर्मा, संगीता देवी, सविता ,स्नेहा, सुषमा ,अर्पण, एवं वीणा ,के साथ-साथ कंचन जी आरती तर्व, माधवी कपूर के साथ-साथ संस्था के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। भगवान श्री राम इन महिलाओं को बहुत सारा आशीर्वाद दें ताकि ऐसा सराहनीय कार्य आगे भी करती रहे एवं संस्था के संरक्षक पवन कुमार सिन्हा ने इन सभी महिलाओं को शुभकामना और आशीर्वाद दिए।

# मैट्रिक परीक्षा में रजौली की कोमल ने चौथा व हसनैन ने पाया पांचवां स्थान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार बोर्ड द्वारा रविवार को मैट्रिक 2026 की परीक्षा के परिणाम की घोषणा किए जाने के बाद रजौली क्षेत्र के मेधावी बच्चों में अपने-अपने परिणाम देखने की होड़ मच गई। हालांकि टेक्निकल एरर के कारण परिणाम देखने में लोगों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। परिणाम के घोषणा के नवादा जिले के टॉप-10 लिस्ट में रजौली की एक छात्रा एवं एक छात्र शामिल है। रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के जगदीश मार्केट निवासी सुजीत कुमार व नीलम देवी वर्णवाल की पुत्री कोमल कुमारी ने 500 अंकों में 480 अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त की। कोमल के पिता रजौली में ही किराना दुकान से अपने परिवार का परवरिश कर रहे हैं एवं माता गृहणी है। कोमल के माता-पिता ने बताया कि उनके दो बेटे और एक मात्र बेटी है। उनकी बेटी बचपन से पढ़ने में काफी तेज थी और मैट्रिक के परिणाम से पूरा परिवार खुश है। परिजनों ने कहा कि मेरी बेटी जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती है,उसे हमलोगों से पूरा सहयोग मिलेगा। वहीं कोमल ने बताई कि वह यूपीएससी की परीक्षा को पास करके जनसेवा में जुड़ना चाहती है। साथ ही कही कि उसके सफलता के पीछे माता-पिता के अलावे प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार समेत अन्य शिक्षकों का हाथ है। वहीं महसई मोहल्ला निवासी कौशर अली के पुत्र हसनैन आलम ने 479 अंक लाकर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। हसनैन ने बताया कि उनके पिता कपड़े सीने का काम करते हैं और उन्हें मामू घर से पढ़ाई हेतु काफी सहयोग मिला है। हसनैन ने भविष्य में इंजीनियर बनने की इच्छा जताई है। मैट्रिक के परिणाम के घोषणा के बाद सफल छात्र व छात्रा के परिजन एवं पड़ोसियों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया एवं बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# सब्जी विक्रेता की बेटी माही बनीं कौआकोल प्रखंड टॉपर, सुजीत को दूसरा स्थान





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** रविवार को बिहार मैट्रिक बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही कौआकोल प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्रों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। कौआकोल बाजार के सब्जी विक्रेता संजय लाल की पुत्री माही ने 477 अंक प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम और जिले में 7वां स्थान हासिल किया है। वहीं तरौन गांव के मजदूर गुड्डू शर्मा के पुत्र सुजीत ने 471 अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान पाया है। दोनों विद्यार्थी उच्च विद्यालय कौआकोल के छात्र हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ-साथ ब्राइट फ्यूचर एकेडमी कौआकोल के विक्की सर और गोलू सर के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। इन बच्चों की सफलता यह बताती है कि अगर इरादे मजबूत हों,तो गरीबी लक्ष्य के बीच में कभी नहीं आती। इन दोनों बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय महुलियाटांड़ के छात्र सचिन कुमार, पिता-श्रवण पण्डित ने 470 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# रोजगार के लिए बिहार के नौजवानों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर : सम्राट चौधरी

- देश में अमन चैन बनाए रखना सरकार की पहली प्राथमिकता
- जनता के साथ उपमुख्यमंत्री ने सुनी मन की बात कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर (तारापुर)।** जिले के खैरा गांव में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम को आम लोगों के साथ सुनने के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में अशांति का माहौल है, लेकिन हम सब शांति प्रिय लोग हैं और देश में अमन-चैन बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। दरअसल, 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के खैरा गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने आम जनता के साथ बैठकर कार्यक्रम सुना और इसके बाद लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आने वाले पांच वर्षों में ऐसी व्यवस्था करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे राज्य के लोगों को रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत न पड़े और उन्हें अपने ही प्रदेश में काम मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने वैश्विक हालात का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों जैसे ईरान, इराक और दुबई में अशांति और हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे समय में हम सभी को अपने देश में शांति और सद्भाव बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत शांति की धरती है, जहां भगवान राम और गौतम बुद्ध ने मानवता को शांति का संदेश दिया। हम सबको उसी मार्ग पर चलते हुए समाज में भाईचारा बनाए रखना है। कार्यक्रम में विधान पार्षद सदस्य लालमोहन गुप्ता, पूर्व विधायक राजीव सिंह, डीएम एसपी सहित सैकड़ो जनता मौजूद थे।मन की बात कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री ने तारापुर सरकारी बस स्टैंड पर विभिन्न योजना का शुभारंभ करते हुए उद्घाटन किया।उपमुख्यमंत्री ने बलुआही गांव में आयोजित भंडारे का भी शुभारंभ फीता काट कर एवं प्रसाद वितरण कर किया।

# ब्रह्मपुत्र मेल से 119 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी धराया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आरपीएफ के सीआईबी इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा की टीम ने जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी ट्रेन ब्रह्मपुत्र मेल से अंग्रेजी शराब की बरामदगी करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब मामले की जानकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि सूचना मिली कि ब्रह्मपुत्र मेल से शराब की बड़ी खेप आने वाली है इसी सूचना पर आरपीएफ राजीव नयन की टीम एवं सीआईबी की टीम ने संयुक्त रूप से ट्रेन में छापामारी करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से काला एवं नीला रंग का दो बैग मिला। बैग की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 119 बोतल अंग्रेजी शराब का बरामद हुआ। बरामद शराब के बारे में गिरफ्तार शराब कारोबारी सागर कुमार ने अपना जुर्म को स्वीकारते हुए कहा कि हम गरीब हैं इसलिए इस तरह का अवैध कारोबार करते हैं। इंस्पेक्टर ने कहा कि शराब मामले में गिरफ्तार सागर कुमार कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर निवासी बताए गए हैं। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर मध्य निषेध विभाग जमालपुर मुंगेर को भेजा जा रहा है।

# रासलीला की मनमोहक प्रस्तुति से सराबोर हुआ पहसारा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंचमुखी हनुमत नौ दिवसीय रक्षा कवच यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर पहसारा में आयोजित भव्य रासलीला ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में लीन कर दिया। सिया जी बहनिया हमार हो३ राम लागे पहुँनवा जैसी मधुर धुनों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे और पूरा वातावरण आनंद विभोर रहा।रासलीला को देखने के लिए पहसारा, बभनगामा, महेशवाड़ा, रमौली, डफरपुर, वृन्दावन, इनैया, पीरनगर और गम्हरिया सहित आसपास के कई गांवों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।श्री गौरी आदर्श रासलीला एवं रामलीला मंडल, श्रीधाम वृंदावन (मथुरा) के बैनर तले प्रस्तुत कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत अभिनय और आकर्षक मंचन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्देशक गोपाल दास महाराज के निर्देशन में मंचित रासलीला में हर दृश्य पर दर्शकों की तालियां गूंजती रहीं। अयोध्या धाम से आए सांस्कृतिक दल के कलाकारों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित सान्या शर्मा एवं कृषा शर्मा ने दीवान की भूमिका में प्रभावशाली अभिनय किया। वहीं गोपाल दास महाराज ने कंस की भूमिका में दमदार प्रस्तुति पेश की। भगवान श्रीकृष्ण की भूमिका में सूरज सोनी ने दर्शकों का मन मोह लिया। तब हेमंत ब्रजबासी की प्रस्तुति भी सराहनीय रही।मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष टुन्नी सिंह, डॉ. विपिन कुमार, शिवम वत्स, मुकेश कुमार, राजन, गोलू, श्याम सिंह, चंदन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कोई बनना चाहता है डॉक्टर तो कोई इंजीनियर, दारोगा बनने की भी है चाहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक के रिजल्ट में हाई स्कूल बनवारीपुर की नाहिदा सुल्ताना ने सूबे में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। बनवारीपुर वार्ड संख्या 10 निवासी मो सोहराब आलम की पुत्री नाहिदा ने 489 अंक लाकर सूबे में दूसरा स्थान प्राप्त किया।उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सहित गुरुजन को दिया। नाहिदा के पिता सोहराब आलम बेंगलुरु में एक मस्जिद में इमाम हैं। माता नूर साबाह गृहणी है। उसने प्रखंड के सुदूर देहात बनवारीपुर हाई स्कूल में पढ़ाई की। उसका लक्ष्य डॉक्टर बन कर गांव में गरीबों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना है। उसने अपनी पढ़ाई गांव के ही शिक्षक के मार्गदर्शन में की। नाहिदा मोबाइल से सिर्फ ऑनलाइन क्लास करती। सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। बनवारीपुर हाई स्कूल के तीन बच्चे टॉप टेन में स्थान पाया। नाहिदा ने 489 अंक लाकर दूसरा, इसी विद्यालय की प्रेरणा ने 486 अंक लाकर पांचवां, अभिषेक ने 484 अंक लाकर सातवां स्थान पाया। इसी तरह उत्क्रमित हाई स्कूल ताजपुर की प्रीति कुमारी ने 482 अंक लाकर नौंवा स्थान पाया।

**डॉक्टर बनना चाहती है प्रीति**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक के रिजल्ट में उत्क्रमित उच्च विद्यालय ताजपुर की प्रीति कुमारी ने 482 अंक लाकर सूबे के टॉप टेन में 9वां स्थान पाया। प्रीति आगे पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है। डॉक्टर बनकर सुदूर देहात से गरीबों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना लक्ष्य है। प्रीति के पिता ताजपुर निवासी राजू कुमार पेशे से किसान हैं। माता रंजू देवी गृहणी हैं। दो बहन और एक भाई में प्रीति दूसरे नंबर पर है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता और शिक्षक को दिया। उसने बताया कि स्कूल के शिक्षक, गांव के एक भैया के मार्गदर्शन और सेल्फ स्टडी से सफलता पाई। वह हमेशा मोबाइल से दूरी बनाए रखी।

**दारोगा बनना चाहता है अभिषेक**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक के रिजल्ट बनवारीपुर हाई स्कूल के छात्र अभिषेक कुमार ने 484 अंक लाकर टॉप टेन में सूबे में सातवां स्थान पाया। अभिषेक मुख्तियारपुर पंचायत के मानोपुर गांव के वार्ड संख्या 8 निवासी मुकेश साह का पुत्र अभिषेक दो भाई में छोटा है। उसके पिता मुकेश साह चेन्नई में एक होटल में सेफ का काम करते है। माता गृहणी है। वह आगे पढ़ाई कर दरोगा बनना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, दादाजी, भैया और शिक्षक गण को देना चाहता है। उसने बनवारीपुर के एक कोचिंग संस्थान, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सेल्फ स्टडी से सफलता पाई। अभिषेक मोबाइल से सिर्फ ऑनलाइन क्लास करता था।सोशल मीडिया से दूर रहता था।

# मैट्रिक परीक्षा में राज्यभर में पांचवां स्थान लाई प्रेरणा

## सुबह-शाम 6 घंटे की पढ़ाई लाई रंग, 486 अंक के साथ प्रेरणा टॉप-5 में शामिल, इंजीनियर बनने का है सपना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड के बनवारीपुर वार्ड 12 की रहने वाली प्रेरणा ने 486 अंक लाकर टॉप 5 में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले इस गांव से टॉप 5 में वर्ष 2008 में छात्रा ने सफलता प्राप्त की थी। अब उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में खुशी का माहौल है। वजह है इसके पिता किराना दुकान चलाते हैं और रहने के लिए घर भी नहीं है फिर भी मेहनत से अपनी पहचान स्थापित कर ली है। प्रेरणा कुमारी ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई को लेकर शुरू से ही स्पष्ट रणनीति बनाई थी। उन्होंने प्राइवेट कोचिंग जीएसएस के साथ-साथ सेल्फ स्टडी पर खास ध्यान दिया। कोचिंग में सुबह करीब 4 घंटे और शाम में 2 घंटे की नियमित पढ़ाई होती थी। खास बात यह रही कि मैथ्स और साइंस जैसे विषयों के लिए कोचिंग में अलग-अलग तीन-तीन शिक्षक थे। जिन्होंने बेसिक से लेकर एडवांस तक मजबूत तैयारी करवाई। इसी का नतीजा है कि उन्होंने इन दोनों विषयों में 100 में 100 अंक हासिल किए। इन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ाई शुरुआत में ही छोड़ दिया था। प्रेरणा ने बताया कि शुरुआत में वह स्कूल जाती थीं। लेकिन बाद में पूरा फोकस तैयारी पर रखते हुए कोचिंग और सेल्फ स्टडी को प्राथमिकता दी। उन्होंने मैथ्स और सोशल साइंस पर विशेष ध्यान दिया, जिससे उनका ओवरऑल स्कोर मजबूत हुआ। प्रेरणा की सफलता में उनके परिवार और शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा। उनकी दादी नीलम कुमारी अपनी पोती की सफलता से बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि पोती जो बनना चाहती है, वही उनका भी सपना है। पिता परमेश कुमार एक जनरल स्टोर चलाते हैं और उन्होंने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। चाचा उमेश साह का सपना है कि प्रेरणा आगे चलकर भतीजी आईपीएस अधिकारी बने। कोचिंग शिक्षक विकास कुमार के मुताबिक, प्रेरणा शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और कोचिंग में भी हमेशा टॉप करती थीं। प्रेरणा कुमारी का सपना है कि वह आगे चलकर आइआइटी से पढ़ाई करें और एक सफल इंजीनियर बनें। उनकी यह सफलता न सिर्फ उनके लिए, बल्कि उन तमाम छात्रों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत और सही दिशा में प्रयास करके बड़े लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं।

## मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण इलाकों के छात्रों का रहा जलवा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड ग्रामीण परिवेशों के छात्र-छात्राओं ने भी एक बार फिर से विश्वास दिला दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में क्षेत्र के कई छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे इलाके का मान बढ़ाया है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, समसा के मानव कुमार ने 466 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। वहीं उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अकहा ररिऔना की शिवानी कुमारी ने 462 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि इसी विद्यालय की लता कुमारी ने 460 अंक अर्जित किए। बौधू सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पहसारा बभनगामा के रामकृष्ण कुमार ने 459 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा सिया लक्ष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के आशीष कुमार ने 458 अंक, सोनू कुमार ने 454 अंक, शिवम कुमार ने 446 अंक तथा सत्यम आनंद ने 445 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरोज कुमार महतो, प्रेम कुमार, रविशंकर, गणेश झा, अरूण कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर मोर्चा करेगा आंदोलन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर कारखाना एवं रेल से जुड़े सवालों के विकास को लेकर वर्षो से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा की एक अति आवश्यक बैठक मारवाड़ी धर्मशाला जमालपुर में एनसीपी के जिलाध्यक्ष मो जाबिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने किया। बैठक में मोर्चा अपने पुराने मांगों के साथ ही पीडब्ल्यूआई कर्मचारियों के सामूहिक स्थानांतरण रेलवे के निर्माण कार्यों में कथित रूप से जबरदस्त लूट खसोट स्टेशन पर महिला सुविधा का घोर अभाव पुराने हॉर्टिकल्चर एवं वर्तमान रेल नुकंज में पार्क निर्माण शारीरिक दक्षता की तैयारी कर रहे युवक एवं युवतियों के लिए गोल मैदान का गेट खोलने सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। मोर्चा के संयोजक सह सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि केंद्र के इशारे पर यहां के पदस्थापित अधिकारी कारखाना को नेस्तनाबूत करने का षड्यंत्र कर जमालपुर को बदनाम करने पर तुले हैं। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के महासचिव पप्पी कुमार उर्फ़ पप्पू यादव प्रवक्ता रविकांत झा सचिव पंकज यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति सहित कई अन्य नेताओं ने कहा कि यहां का रेल क्षेत्र लुट का सबसे बड़ा बड़ा केंद्र बन गया है। नेताओं ने कहा रेलवे स्टेशन पर महिला प्रतिक्षालय, शारीरिक दक्षता की तैयारी का केंद्र गोल्फ मैदान में युवक युक्तियां के लिए एक गेट हॉर्टिकल्चर जिसे लोग रेल निकुंज के नाम से जानते हैं उसमें पार्क का निर्माण आदि पर संज्ञान ले। वहीं बैठक के अंत में संघर्ष मोर्चा द्वारा मांगों से संबंधित विज्ञापन रेलवे अधिकारी को सौंपने एवं 15 दिनों के अंदर सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर आंदोलन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसके तहत मोर्चा पुतला दहन धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम की रणनीति बनाई गई। बैठक में वरिष्ठ नेता नकुल यादव, अमिताभ कश्यप, विपिन यादव, निरज यादव, राजकुमार शर्मा, दिनेश साहू, चन्दन राउत, तेजश चन्दन साव, अशोक शर्मा, सुरेन्द्र साह, विरेंद्र दास, कुणाल यादव, सदानन्द शर्मा आदि मौजूद थे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सदर बाज़ार स्थित वलीपुर रोड जमालपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम जमालपुर नगर अध्यक्ष पश्चिमी के शंकर कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य बिहार सरकार के लालमोहन गुप्ता जी थे लालमोहन गुप्ता जी ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के सिद्धांतों से अवगत कराया गया। बिहार प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश ठाकुर जी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन की विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुँचाना और कार्यकर्ताओं के कौशल का विकास करना था। भाजपा जिला मुंगेर के उपाध्यक्ष प्राण राजन विकास शंभू शरण राय एवं आनंद प्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा एक संगठन ही नहीं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान से तैयार किया गया उनके खून से खींचा गया विश्व का सबसे बड़ा संगठन है।कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनर में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के साथ-साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वरिष्ठ नेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए थे। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला मंत्री कृष्ण कुमार सिंह, नंदन कुमार, रूपेश कुमार, अनिल कुमार, चंद्रवंशी भोला रावत, अभिनव कुमार, सोनिका कुमारी, अमन कुमार, अमन, ध्रुव कुमार, शुभम कुमार, मोनिका कुमारी, जानवी कुमारी, आंचल कुमारी, प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार, छोटू कुमार, राकेश कुमार, पवन देव झा, डॉ अनिल कुमार, विमल कुमार यादव, विष्णु देव मंडल, नीतू कुमारी सहित कई उपस्थित रहे।

# मां शीतला धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** सिमरिया गांव स्थित मां शीतला धाम में मां शीतला महोत्सव के अवसर पर दूसरे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा परिसर जय माता दी के जयघोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर शनिवार की रात्रि मुख्य अतिथियों में सत्यप्रकाश (कार्यपालक निदेशक, बरौनी रिफाइनरी) रविभूषण (सीनियर एचआर, बरौनी रिफाइनरी) रजनीश कुमार (विधायक, तेघड़ा) बबीता देवी (मुख्य पार्षद, नगर परिषद बीहट) अवनीश कुमार (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बीहट) ऋषिकेश (उपमुख्य पार्षद, नगर परिषद बीहट) श्याम सहनी (जिला कला संस्कृति पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ भव्य झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। उत्सव के दूसरे दिन भगवान की भव्य झांकियां बंटी तिलकधारी ग्रुप के द्वारा निकाली गईं जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। इन झांकियों में भगवान राम-सीता, हनुमान और राधा-कृष्ण के स्वरूपों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पारंपरिक वाद्य और भजनों के बीच निकली इन झांकियों को देखने के लिए सड़कों पर लोगों का तांता लगा रहा। साथ ही मशदर कलाकार इशरत जहां के कार्यक्रम ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। मां शीतला धाम के महंत महेश दास महाराज ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि आयोजन को सफल बनाने में पुलिस कप्तान के द्वारा प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मां शीतला का आशीर्वाद हम सभी पर सदा बना रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासचिव अभिषेक कुमार राय उर्फ कन्हैया सिंह, बबलू सिंह, गौतम कुमार, संजय गौतम, हर्ष राज, प्रियम रंजन सिंह, निशांत कुमार, रामनरेश राय, मोहन झा, सभापति सिंह, पशुपति सिंह, माधव कुमार, रामहित सिंह, गणपति कुमार, विकाश, कमली भगत, रिकेश, गुलशन और चंदन सहित समस्त ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## चार दिवसीय दुर्गा मेला का समापन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित एपीएस+2 विद्यालय नावकोठी के खेल मैदान दुर्गा मंदिर में स्थापित मां दुर्गा सहित अन्य देवी, देवताओं के प्रतिमा का विसर्जन के साथ ही दस दिवसीय दशहरा का समापन हो गया। माँ भगवती सहित अन्य प्रतिमा को ट्रैक्टर ट्राली पर लेकर गाजे, बाजे, भजन, कीर्तन के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया। यह संपूर्ण गांव के मुख्य सड़क से गुजर कर बुढी गंडक नदी किनारे पर समापन हुआ। महिलाओं ने विदाई गीत गाकर भाव भीनी विदाई दी तो नवयुवक गीत के धून पर ठुमके भी लगाये। माँ दुर्गा सहित अन्य जयघोष से विसर्जन मार्ग गुंजायमान हो उठा। विसर्जन जुलूस में पेयजल तथा प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद लेने हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मार्ग में एक दूसरे को गुलाल लगाकर दशहरा की बधाई दी। बूढ़ी गंडक नदी तट पर श्रद्धा पूर्वक आरती की गई। श्रद्धा भक्ति के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्ति सागर में डूबे श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** चैत्र नवरात्रि के समापन और मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूबे नजर आए। जमालपुर के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में भव्य विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गईं। जहाँ ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। दुर्गा माता के विसर्जन के दौरान जहां जोगी बाबा दुर्गा स्थान की प्रतिमा को पहले पूरे रामपुर बस्ती में घुमाया गया जहां घर से बाहर निकाल कर माता की बहन मां के चरणों में अपना शीश झुकाए। वहीं विसर्जन के दौरान युवाओं एवं उत्साहित श्रद्धालु मां दुर्गे को भक्ति पूर्ण विदाई देते हुए नारे लगा रहे थे। अगले बरस तुम जल्दी आना'' के जयकारों के साथ नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इधर विसर्जन के दौरान जमालपुर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ताकि विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न हो। इसके पहले देर रात्रि दुर्गा स्थान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए पूजा समिति की ओर से आयोजित किया गया। जिसमें युवाओं के साथ श्रद्धालुओं ने भी मनोरंजन खूब लुप्त अनुशासित तरीके से उठाया। इधर विसर्जन के दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष किसान संजय सिंह, सचिव राजा कुमार, टुनटुन सिंह, अजय सिंह, विपिन सिंह, पप्पू, सन्नू, सौरभ, राहुल, गौरी साहिल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

## सिमरिया धाम में डूबने से युवक की मौत

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के गंगा घाट पर मुंडन संस्कार में आये युवक की स्नान के क्रम में डूबने से मौत हो गई। रविवार को गंगा स्नान के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गया। घटना के घंटों बीत जाने के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरौनी प्रखंड के केसाबे निवासी रामरतन पंडित का 18 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार अपने परिवार के साथ मुंडन संस्कार में शामिल होने सिमरिया घाट आया था। रविवार सुबह वह गंगा स्नान कर रहा था। तभी अचानक का पैर फिसल गया और वह तेज धारा में बह गया। एनडीआरएफ एवं स्थानीय गोताखोरों के द्वारा खोजबीन की जा रहा है। लेकिन समाचार लेखन कुछ पता नही चल पाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अनू रंजन ने बताया कि दो चिन्हित खतरनाक घाट पर फ्लेक्स लगाया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट तालाब पर चला स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत जिला गंगा समिति भोजपुर के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट तालाब परिसर में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रमदान कर तालाब एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम में महाराजा महाविद्यालय, जगजीवन महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय तथा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से जुड़े एनएसएस इकाइयों के स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता का संदेश दिया। यह महाअभियान जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा एवं जल स्रोतों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे अभियानों से समाज में जागरूकता बढ़ती है।उन्होंने कहा कि गंगा एवं अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस प्रकार के जनभागीदारी आधारित अभियान से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। अभियान के दौरान स्वच्छता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया तथा लोगों से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतीश कुमार सिंह, सुमंत, बिट्टू, साक्षी कुमारी अमित कुमार, सोनू कुमार गोंड, खुशी कुमारी विद्या निवास अन्य की महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## रामनवमी पर 72 घंटे के हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बड़ी भैसदीरा चौक स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में रामनवमी के पावन अवसर पर 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा नजर आया और जय श्रीराम व हरि नाम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। धार्मिक आयोजन का संचालन मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मलखन ऋषि, उपाध्यक्ष रंजीत ऋषि, कोषाध्यक्ष सरयुग ऋषि, मूर्तिकार संजय ऋषि, पुजारी गुरुदेव साह, पंचायत समिति सदस्य छोटेलाल ऋषि, फ़ेकन ऋषि, वार्ड सदस्य मुकेश कुमार, भाजपा युवा अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश मेहता, बिंद्रेश्वर सिंह, सिकंदर ऋषि, विजय झा, अक्षय साह, पंकज मेहता एवं नंदकिशोर ऋषि सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से किया गया।

# 'आओ प्रतिभा दिखाएं' शीर्षक पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** नंदलाल बसु इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट जमालपुर के तत्वाधान मे 'आओ प्रतिभा दिखाएं' शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता स्थानीय होली फ़ैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल नयागांव जमालपुर मे सम्पन्न कराई गई। प्रतियोगिता मे स्कूल के कक्षा प्रथम से वर्ग पंचम के बच्चो ने मुख्य रूप से भाग लिया। बच्चो ने आज प्रतियोगिता मे विभिन्न विषय पर चित्र उकेरे। जूनियर वर्ग के बच्चो ने कार्टून, पक्षी, प्राकृतिक दृश्य, जल, बिजली, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण दृश्य विषय पर चित्र बनाए। वही सीनियर वर्ग के छात्रो ने नारी सशक्तिकरण, साइबर क्राइम अवेयरनेस, मधुबनी चित्रकला, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मेरा आदर्श, धूम्रपान निषेध जैसे देश कि गंभीर समस्याओ को कागज पर उकेरकर उनके निराकरण का सराहनीय प्रयास किया। संबंधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार चौरसिया ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चो ने अपने मन के भावो एवम कल्पनाओ को कागज पर उकेरकर समाज की समस्याओ का निराकरण किया है। उक्त प्रतियोगिता मे सफल सभी प्रतिभागियो को जुन के अंत मे पुरस्कार वितरण समारोह मे पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगीता का सफल आयोजन मे कला संस्थान कि प्राचार्य आंशुलता, विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार चौरसिया, शिक्षक मनोरंजन कुमार, शिक्षिका शालिनी, अर्पिता, श्रुति, सरिता, बबीता, सोना कुमारी, साक्षी, रोजी, मेघा, माही सहित अभिभावक गण उपस्थित थे।



# मैट्रिक परीक्षा में अंशु प्रिया और अंकुश को मिला 7वां स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** जिले के कहलगांव प्रखंड की अंशु प्रिया और शाहकुंड के अंकुश कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर 7वां रैंक और भागलपुर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में अंशु प्रिया ने 484 अंक (98.6%) और अंकुश कुमार ने भी 484 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में 7 वां रैंक हासिल किया है। अंशु और अंकुश दोनों साधारण परिवार से हैं। दोनों की इच्छा आईएएस बनकर देश एवं समाज की सेवा करना है। शाहकुंड प्रखंड के सादापुर गांव निवासी अंकुश के पिता कपिल यादव मजदूर हैं। मां कबूतरी देवी गृहिणी है। अंकुश कुमार उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल पंचरुखी का छात्र है। अंशु के पिता ब्रह्मचारी टोला निवासी मनोज कुमार मंडल खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जबकि माता रूबी देवी गृहिणी है। अंशु ने बताया कि वह नियमित अध्ययन अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से सफलता हासिल किया वह ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिदिन 10 से 12 घंटे तक अध्ययन करती थी। उसने बताया उसे विश्वास था कि बेहतर प्रदर्शन करेगी। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देती है। वह रोजाना सुबह 4 बजे जगकर फिर से किताबों के साथ जुट जाती थी।



मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद से ही ब्रह्मचारी टोला में जश्न का माहौल है। भावुक मां रूबी देवी कहती हैं, अपनी बेटी पर मुझे गर्व हो रहा है। पिता ने कहा कि बेटी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। उसे आगे बढ़ाने के लिए कभी नहीं रोका। आज उसने हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

# आरंभ एकेडमी के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** आरंभ एकेडमी के सभी विद्यार्थियों ने आज बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2026 के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिस्टिंक्शन अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि में आरंभ एकेडमी का करण कुमार भोजपुर जिले में तृतीय स्थान हासिल करते हुए कुल 475 अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह परिणाम आरंभ एकेडमी की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और विद्यार्थियों पर केंद्रित शिक्षण पद्धति का प्रमाण है। करियर काउंसलर मनीष वत्स के साथ अमित सिंह बिट्टू, धनंजय कुमार सिंह तथा ऋषिकेश सूर्यवंशी, सोनू वर्मा सहित बिहार और भोजपुर जिले के टॉपर विद्यार्थी आज कोचिंग सेंटर में एकत्र हुए। इस अवसर पर सभी ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था के समर्पित शिक्षकों और अभिभावकों को दिया। आरंभ एकेडमी ने इस वर्ष भी अपनी प्रतिबद्धता सिद्ध की है, जो विशेष रूप से वंचित वर्गों के बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करती है। संस्था के निदेशक ने कहा, 'यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और हमारी टीम के अथक प्रयासों का फल है। हम भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए कटिबद्ध हैं।' सलोनी मिश्रा (454), सृष्टि यादव (445), प्रिंस शर्मा (452), बंटी यादव (447), काजल (446), रजनीश (435), जाहिदा (388), आशिया (328), अरबिया (418), रागिनी (421) दिव्यांशु (415), आयुष (450) फैयाज (404), आयुष, साना परवीन, वैष्णवी, असकना, सुरभि आदि गई थी।



## भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है शिवशक्ति

**पीरो (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा (मैट्रिक) 2026 में 483 अंक हासिल कर टाप टेन (8वीं रैंक) में शामिल पीरो प्रखंड के कटरियां निवासी मिंटू कुमार गुप्ता व पूनम देवी का पुत्र शिवशक्ति कुमार आगे कठिन परिश्रम व मेहनत की बूते आईएएस अधिकारी बनना चाहता है। वैसे शिवशक्ति कटरियां गांव के एक अति साधारण परिवार से आता है। शिवभक्ति के पिता मिंटू कुमार गुपता ने गांव में ही कपड़े की छोटी सी दूकान खोल रखी है जबकि माता पूनम देवी सामान्य गृहणी है। शिवशक्ति ने सीमित साधनों के बीच गांव में रहकर ही पढाई की है। वह अपनी प्रतिभा व मेहनत के बूते सफलता की नई इबारत लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। शिवशक्ति के अनुसार परिश्रम व दृढ़ निश्चय के बूते कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। शिवशक्ति ने प्रतिदिन 8 से10 घंटे स्वाध्ययन की बदौलत यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। शिवशक्ति ने अपनी सफलता का श्रेय खुद की कठिन मेहनत, माता-पिता व शिक्षकों से मिले प्रोत्साहन व उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कटरियां के शिक्षक अविनाश कुमार व चचेरे भाई नीरज गुप्ता से प्राप्त मार्गदर्शन को दिया है। शिवशक्ति का कहना है कि सफलता मेहनत व लगन से काम करने वालों की कदम चूमती है। सफलता के लिए मेहनत के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है।

# थानों में प्राइवेट ड्राइवर चला रहे गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**चांदन (बांका)।** थाना में इन दिनों प्राइवेट ड्राइवर रखने का प्रेम सिर चढ़कर कर बोल रहा है। वरीय पदाधिकारियों की मनाही के बावजूद प्राइवेट ड्राइवर बेधड़क चांदन थाना की गाड़ी सड़कों पर हुए चलाते दिख रहे हैं। थाना में आधा दर्जन से अधिक सरकारी ड्राइवर रहने के बावजूद थाना में प्राइवेट ड्राइवर कार्यरत हैं। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व मद्य निषेध चेक पोस्ट करूवा पत्थर के समीप एक मालवाहक मैजिक वैन के चालक के साथ प्राइवेट ड्राइवर द्वारा मारपीट करने को लेकर पीड़ित ने चांदन थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की थी। पीड़ित ड्राइवर को किसी तरह से समझा बुझाकर कर आवेदन को वापस करा लिया गया था। इसके बावजूद थानाध्यक्ष की मेहरबानी थाना में कार्यरत सभी प्राइवेट ड्राइवर पर बनी हुई है। सड़क पर चर्चा यह है कि बालू खनन, शराब तस्कर व ओवरलोडिंग गाड़ियों के लाइनर से इनकी सेटिंग अच्छी है। थाना के सेटिंग करने वाले सभी ड्राइवर यथावत लाभप्रद बने रहें। फिलहाल प्राइवेट ड्राइवर की अवैध बालू खनन, पशु तस्करी एवं शराब तस्करी कराने अहम भूमिका हैं। वहीं थाना में एक प्राइवेट युवक गोपनीय शाखा में कार्यरत हैं। जिसको लेकर लोग तरह-तरह के चर्चा कर रहे हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जलभरी शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** आरा शहर क्षेत्र के धनुपरा वार्ड नंबर 34 में श्री श्री सिद्धेश्वर नाथ भगवान का प्राण प्रतिष्ठा का 29 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक आयोजन किया गया है जिसमें आज धनुपरा से जल भारी यात्रा हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ निकाली गई जो गांगी से जल भरकर फिर धनुपरा लोग पहुंचे इस कार्यक्रम के आयोजक अमित बजरंगी ने बताया कि श्री श्री सिद्धेश्वर नाथ महाराज का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है इसमें बाहर से साधु संत पहुंच रहे हैं और 1 अप्रैल को भोले शंकर का आरा शहर में भ्रमण किया जाएगा शाम को 4:00 से प्रवचन का आयोजन किया गया है। इस महायज्ञ में भाग लेने वाले अतिथि बनारस से आए हुवे मुख्य आचार्य त्यज्ञचार्य वीरेश उपाध्याय/उपचार्य-पंडित गोलू कुमार शास्त्री, सहयोग में -पंडित सुमित कुमार, पंडित शिवम् कुमार। कथावाचक जो आए आचार्य श्री गौरव जी महाराज (श्री धाम वृंदावन मथुरा) मुख्य अतिथि जल भरी कलश यात्रा का विक्की सोनी पत्नी कोमल देवी विजय कुमार गुप्ता पत्नी प्रियंका गुप्ता ओम प्रकाश पांडेय पत्नी रेखा दुबे राकेश सिंह पत्नी रेणु देवी अनिल कुमार गुप्ता पत्नी चुनमुन देवी समस्त आरा वासियो कार्यकर्ता-शंकर ठाकुर (कृष्णा आरो वाटर), प्रिंस गुप्ता, मुकेश पांडेय, बीटू सोनी, अरुण कुमार, दयाशंकर ठाकुर, पंकज जी, अमित बजरंगी, टिशू, अंशु, कान्हा, प्रिंस, समस्त विश्राम नगरवासियो धनुपरा आरा भाग लिया। 2 अप्रैल को भव्य भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा।



## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के पूरब साइड का अप व डाउन लाइन के बीच ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात में युवक की मौत ट्रेन से गिरने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### पाठ्य और खाद्य सामग्री का वितरण

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रामेश्वर सिंह की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र छोटू सिंह लोहतमिया द्वारा चैराई महादलित टोला के बच्चे-बच्चियों एवं गभर्वतियों के बीच पाठ्य एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर छोटू सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से महादलित टोला के बच्चों एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच जाने के बाद अपनापन काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पिता जी सदैव हमसब को सीख देते थे कि जरूरतमंदों की मदद करने में कभी भेद-भाव मत करना। आज उन्हीं के बताए रास्तों पर चलकर काफी शकुन महशूस होता है। इस समाज के लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कुछ किया जाए इसी प्रेरणा से मैं इनके बीच जाकर खुशी का अवसर तलाशता हॅू। इस अवसर पर डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि छोटू सिंह लोहतमिया द्वारा पिछले कई वर्षों से अलग-अलग अवसरों पर उनके बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है। समाज को ऐसे लोगों की कृतियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर कुंदन कुमार सिंह, अमन कुमार, सुमित पाण्डेय एवं खुशी कुमारी आदि थे।

### मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना 4 को

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नागरिक संघर्ष समिति मनिहारी की ओर से 04 अप्रैल को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक अनुमंडल कार्यालय परिसर में विभिन्न जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है।समिति की ओर से प्रमुख मांगों में नगर पंचायत द्वारा मनिहारी, अमदाबाद के निवासियों से होल्डिंग टैक्स की वसूली हेतु धमकी भरे नोटिस दिए जा रहे हैं। जिसे तत्काल रोकने।होल्डिंग टैक्स की वसूली को पारदर्शी बनाने, इसकी दर एवं मापदंड सार्वजनिक करने। नगर पंचायत क्षेत्र के नालों की शीघ्र सफाई कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना में बढ़ती अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने, अंचल कार्यालय में नामांतरण के नाम पर बिचौलियों द्वारा हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने, हाल की आंधी एवं वर्षा से किसानों की फसल को हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिये जाने जैसी मांग शामिल है। साथ ही भूमि सुधार उपसमाहर्ता के यहां लंबित म्यूटेशन अपील मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाने एवं संबंधित पदाधिकारी की नियुक्ति करने, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में लंबित योजनाओं कन्या विवाह योजना, राशन कार्ड आदि का शीघ्र लाभ लाभुकों को देन व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग भी शामिल है। इस आशय की जानकारी नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष अंगद ठाकुर ने दी है।

### तीन सौ लीटर शराब बरामद

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी थाना कांड संख्या 284/25 का प्राथमिक आरोपित बालूटोला नवाबगंज निवासी जग्गा यादव ऊर्फ अमोद ऊर्फ कुमोद यादब को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल दिया। वमनिहारी थानाध्यक्ष ने विशेष टीम गठित कर मनिहारी थाना कांड संख्या 284/25 दि0 ऽ 16/11/25 के फरार प्राथमिकी अभियुक्त जग्गा यादव उर्फ अमोद कुमार यादव उर्फ कुमोद यादव (27) पिता जाबुन यादव उर्फ यमुना यादव नवाबगंज बालू टोला थाना मनिहारी जिला कटिहार को विधिवत रूप से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# वतन वापसी की आस : कंबोडिया में फंसे भोजपुर के दो युवक

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** रोजगार की तलाश में सात समंदर पार गए भोजपुर जिले के जगदीशपुर और सहार के दो युवक कंबोडिया की जेल में बंद हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें एजेंटों ने धोखे से वहां फंसाया है। अब पीड़ित परिवार ने भारत सरकार और राज्य सरकार से अपने बेटों की सुरक्षित वतन वापसी की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक अमरजीत कुमार के भाई सूरज कुमार ने बताया कि उनका भाई और उनके जीजा मनीष कुमार जो भोजपुर के सहार के रहने वाले हैं, बीते 29 जनवरी को बेहतर भविष्य के सपने लेकर कंबोडिया गए थे। एक एजेंट ने उन्हें होटल में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। लेकिन वहां पहुंचने के बाद स्थिति बिल्कुल उलट थी। उनसे साइबर अपराध जैसे गलत काम कराए जाने लगा। परिजनों के अनुसार, जब अमरजीत और मनीष ने इन गलत कामों को करने से मना किया और अपना पासपोर्ट वापस मांगा, तो एजेंटों ने उनसे 17 हजार रुपये की मांग की। किसी तरह पैसे का इंतजाम कर जब उन्होंने 19 फरवरी की वापसी की टिकट कराई, तो 18 फरवरी की रात को ही वहां की पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सूरज का कहना है कि एजेंटों ने ही साजिश रचकर उन्हें झूठे केस में फंसा दिया है ताकि वे भारत वापस न आ सकें। अरैला गांव निवासी अमरजीत के पिता हृदयानंद राम और माता प्रभावती देवी अपने लाल की सुरक्षित वापसी की राह देख रहे हैं। सूरज कुमार ने भावुक होते हुए कहा, हमें डर है कि वहां उनके साथ कुछ अनहोनी न हो जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से अपने पति को कंबोडिया से सुरक्षित लाने की मांग की है। महिला का आरोप है कि एजेंट के झांसे में आकर उसके पति वहां फंस गए हैं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर 6 लाख की मांग की है। महिला ने सरकार से जल्द मदद की अपील की है। अमरजीत की माँ प्रभावती देवी ने रोते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। हम बहुत डरे हुए हैं। अगर सरकार ने हमारे बच्चों को सुरक्षित वापस नहीं बुलाया, तो हम दिल्ली जाकर जान दे देंगे। पीड़ित परिवार ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है।

# शिविर में 40 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर के कला प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी के स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका के साथ साथ छात्राएं शामिल हुई। छात्राओं को सर्विकल सेंसर वैक्सिंग का दुसरा डोज डाक्टर अदिति ब्रिंद, खुशबू कुमारी ओफ्थालमिक असिस्टेंट, सुजामपादी देवी, मुकेश कुमार, दिपक कुमार, धर्मेन्द्र कुमार स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दिया गया। साथ में स्वास्थ्य संबंधित दवा भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सह संबोधन करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अजय राय ने कहा छात्राओं के स्वास्थ्य के लिए यह वैक्सीन बहुत जरूरी है। समय समय पर इस तरह का स्वास्थ्य परीक्षण व जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा होते रहना चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी इस प्रयास के लिए बधाई का पात्र है। तकरीबन 40 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच के साथ वैक्सीन का दूसरा डोज दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय शिक्षिकाओं ने भी बड़ी उत्सुकता से हिस्सा ले बारी बारी से शिविर को संबोधित किया। सामाजिक विज्ञान शिक्षिका अर्चना कुमारी, अंग्रेजी शिक्षिका अर्पिता यादव, मनोविज्ञान शिक्षिका रिंकल रिंकल कुमारी ने अपने संबोधन क्रम में ढेरों स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां छात्राओं को दिया। शिक्षिकाओं ने कहा कि छात्राओं में पढ़ाई-लिखाई के साथ खुद पर भी ध्यान रखना जरूरी है। शिक्षिका रिंकी कुमारी, रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी ने भी स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर छात्राओं को जागरूक किया। इस शिविर में दवा वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य संबंधित ढेरों जानकारियां स्वास्थ्य टीम के द्वारा दिया गया। गणित शिक्षक सुकेश कुमार, मनोज कुमार, चर्चिल टैगोर, शुभांशु शर्मा ने भी छात्राओं के बीच स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां अपने अपने संबोधन क्रम में दिया। सभा का विधिवत संचालन कला शिक्षक रौशन राय ने किया अपने संचालन क्रम में बोले कि छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित जानकारियां होनी चाहिए खुद को स्वस्थ्य रखने के लिए जागरूक रहना जरूरी है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन गणित शिक्षिका रिंकी कुमारी ने दिया और सार्थक विचारों के साथ सबसे अपील किया कि जीवन खुश व स्वस्थ रहने के लिए मिला है। खान पान

# महायज्ञ के समापन पर भजन संध्या का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** राजघाट अयोध्या में श्री जियर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के समापन के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश आदि जगहों से काफी संख्या में भजन गायक उपस्थित हुए। जिसमें भजन सम्राट भरत शर्मा विष्णु ओझा अंकुश राजा आर्यन बाबू गोलू राजा विनय तिवारी जियालाल ठाकुर सहित काफी संख्या में कलाकारों ने भजन गाकर लोगों को झुमाया. संचालन विक्की तिवारी ने किया। मंच पर उपस्थित वाद कलाकारों में झाल वादक छोटू बाबा की पूरी टीम मौजूद थी। मंच पर अंकुश राजा ने स्वामी जी के ऊपर भजन गाकर सब को झुमा दिया. अंकुश राजा के पिता लक्ष्मण दुबे सहित सभी कलाकारों को स्वामी जी के तरफ से अंग वस्त्रम तथा प्रसाद देकर विदाई दी गई। कार्यक्रम संध्या 7:00 बजे से लेकर मध्य रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम को देखने हेतु हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कमलेश सिंह बच्चा दुबे सहित काफी संख्या में लोग लगे रहे. कार्यक्रम का देखरेख श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज कर रहे थे. श्री दया शंकर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का महायज्ञ श्री जीयर और स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में करके हम सब धन्य हो गए. पूरे अयोध्यावासी हम सब श्री जीयर स्वामी जी महाराज के आभारी रहेंगे. जिन संतों को देखना संभव नहीं था. वे सैकड़ो की संख्या में एक मंच पर उपस्थित कर सबको दर्शन दिलाने का काम किया. हम सभी भक्तगण स्वामी जी महाराज के आभारी रहेंगे।



# मैट्रिक परीक्षा : औरंगाबाद के 14 छात्र-छात्राओं ने टॉप 10 में बनायी जगह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस वर्ष आयोजित मैट्रिक परीक्षा का परिणाम रविवार को जारी कर दिया। समिति द्वारा जारी परिणाम के अनुसार औरंगाबाद के सर्वाधिक 14 छात्र-छात्राओं ने टॉप 10 में जगह बनायी है। इस परिणाम से जिले में हर्ष का माहौल है। इस परीक्षा में रितु चौधरी ने मैट्रिक परीक्षा में 485 अंक लाकर पूरे राज्य में छठा स्थान हासिल की है। रितु को 98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। रितु अपग्रेड अपर सेकेंडरी स्कूल बैरिया, नबीनगर से पढ़ाई की है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामनगर, नबीनगर के रोहित कुमार चौधरी ने 485 अंक लाकर टॉप छह में जगह बनाया है। रोहित ने कुल 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। बारून हाई स्कूल के कुणाल कुमार ने 485 अंक प्राप्त कर टॉप छह में जगह बनाया है। उसने भी 98 प्रतिशत प्राप्त किया। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामनगर, नबीनगर की रिया सिंह ने 483 अंक लाकर आठवां स्थान प्राप्त किया है। रिया ने कुल 96.6 प्रतिशत प्राप्त कर परचम लहराया है। वहीं हाई स्कूल जोगिया, बारून के अमन कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान पर रहा। अमन ने 96.6 प्रतिशत प्राप्त किया। हाई स्कूल डुमरिया के आकाश कुमार ने 483 अंक प्राप्त कर आठवां रैंक प्राप्त किया। अमन ने 96.6 प्रतिशत प्राप्त किया। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामनगर, नबीनगर की रिना कुमारी 482 अंक प्राप्त कर नौवें स्थान पर रही। रिना ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। हाई स्कूल, कुटुंबा के प्रिंस कुमार को भी 482 अंक मिला है। प्रिंस ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। हाई स्कूल शमशेरनगर, औरंगाबाद के शिवम कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर नौवें स्थान पर रहा। शिवम ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। अपग्रेड हाई स्कूल रजोई बिजोई, औरंगाबाद के आयुष कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया। आयुष ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। वहीं अपग्रेड हाई स्कूल बेला, औरंगाबाद के दिव्यांशु कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल किया। दिव्यांशु को 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। वहीं बनवारी जनता मदन हाई स्कूल केरा, दाउदनगर के संजीत कुमार ने 482 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान पर प्राप्त किया। संजीत ने 96.4 प्रतिशत प्राप्त किया। छह छात्र-छात्राएं नौवें स्थान पर रहे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेह, बारून की सलोनी कुमारी 481 अंक प्राप्त कर दसवें स्थान पर रही। सलोनी को 96.2 प्रतिशत अंक मिला है। इसी प्रकार राजकीयकृत हाई स्कूल देव के शिव कुमार ने 481 अंक प्राप्त किया। शिव ने कुल 96.2 प्रतिशत हासिल किए। सभी टॉपरों के घरों पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्वजन अपने पुत्र-पुत्रियों की सफलता से काफी खुश है। बता दें कि पहली बार औरंगाबाद जिले के 14 छात्र-छात्राओं ने टॉप टेन में जगह बनाई है।

# सूबे में 287 महोत्सवों का आयोजन कर पर्यटन को दी जा रही नई गति : मंत्री

## औरंगाबाद में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और धार्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा है कि राज्यभर में कुल 287 महोत्सवों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इन महोत्सवों का उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण करना है, बल्कि उन्हें जन-जन तक पहुंचाकर पर्यटन को नई गति देना भी है। सोमवार को औरंगाबाद में नवबिहार टाइम्स संवाददाता से विशेष बातचीत में मंत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 252 महोत्सव आयोजित किए जाते हैं, जबकि पर्यटन विभाग द्वारा 35 प्रमुख महोत्सवों का आयोजन किया जाता है। इन सभी आयोजनों को समन्वित रूप से आयोजित कर राज्य के हर क्षेत्र की विशिष्ट पहचान को सामने लाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इन महोत्सवों के माध्यम से बिहार के ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक केंद्रों और सांस्कृतिक परंपराओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे जिसमें डिजिटल प्रचार, सांस्कृतिक रोड शो और पर्यटन पैकेज शामिल होंगे। स्थानीय कलाकारों को लेकर मंत्री ने विशेष जोर देते हुए कहा कि यह महोत्सव उनके लिए एक सुनहरा अवसर साबित होता है। लोक कलाकार, शिल्पकार, गायन-वादन और नृत्य से जुड़े प्रतिभाशाली युवाओं को बड़े मंच पर प्रस्तुति का मौका मिलता है, जिससे उनकी कला को पहचान और सम्मान मिलता है। सरकार इस दिशा में ठोस नीति बनाकर कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करने की दिशा में भी काम कर रही है। आयोजन प्रणाली में पारदर्शिता लाने की बात करते हुए अरुण शंकर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि किसी एक संस्था या कंपनी को बार-बार महोत्सवों का जिम्मा देना उचित नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि चयन प्रक्रिया में बदलाव कर अधिक संस्थाओं को अवसर दिया जाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। इसके लिए विभाग जल्द ही नए दिशा-निर्देश जारी करेगा। राजनीतिक परिदृश्य पर भी मंत्री ने खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार राज्यसभा जाते हैं, तो बिहार का अगला मुख्यमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से ही होगा, चाहे वह भाजपा का हो या जदयू का। उनके इस बयान को राज्य की राजनीति में अहम संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इससे पूर्व मंत्री ने औरंगाबाद के एमजी रोड स्थित होटल शुभम इंटरनेशनल में भाजपा नेताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से संवाद करते हुए सरकार की योजनाओं और सांस्कृतिक पहलों पर चर्चा की। सूबे में 287 महोत्सवों का व्यापक आयोजन बिहार की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था और पर्यटन उद्योग को भी नई दिशा देगा। आने वाले समय में बिहार देश के प्रमुख सांस्कृतिक पर्यटन केंद्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकता है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, अनीता सिंह, रंजीत कुशवाहा, दीपक कुमार, मन की बात प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिला मंत्री सुमन अग्रवाल, गुडिया सिंह, राकेश देवता, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, अभिषेक कुमार वसु, ऋषि राज, विनोद सिंह, अनिल कुमार, अमर उजाला, रघुनाथ राम, पिंटू तिवारी, युगल किशोर सिंह, टुनटुन सिंह, उपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 29 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 29 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी दुष्कर्म, हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 19 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म में एक, पॉक्सो में एक, हत्या के प्रयास में 9, शराब में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 77.50 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 990 वाहनों की जांच की गई जिसमें 34500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

# औरंगाबाद में भव्यता व आस्था के साथ आज मनाई जाएगी महावीर जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती को लेकर औरंगाबाद शहर में व्यापक तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को महावीर जयंती शहर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सेवा और जनकल्याण से जुड़े कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत जैन समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन के नेतृत्व में सोमवार की सुबह पांच बजे जैन मंदिर से भव्य प्रभात फ़ेरी के साथ होगी। प्रभात फ़ेरी शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पिपरडीह मोड़ तक जाएगी। इस दौरान श्रद्धालु भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेशों का प्रचार-प्रसार करेंगे। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत की भी व्यवस्था की जा रही है। महावीर जयंती के अवसर पर शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया जाएगा। इसके बाद गरीबों को भोजन कराया जाएगा। जैन समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल जैन ने कहा कि यह कार्यक्रम भगवान महावीर के करुणा और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है। महावीर भगवान का संदेश है जियो और जीने दो। प्रभात फ़ेरी के बाद जैन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां भगवान महावीर के जीवन, त्याग और सिद्धांतों पर प्रकाश डाले जाएंगे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। शाम होते-होते शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो जाएगा। जैन मंदिर में आरती का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है। महावीर जयंती के अवसर पर औरंगाबाद में धार्मिक उत्साह के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी गूंजेगा। यह पर्व लोगों को अहिंसा, सत्य, संयम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा।

# अवैध खनन मामले में प्राथमिकी, लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अवैध खनन व परिवहन की मिली सूचना पर गोह पुलिस एवं खनन विभाग ने पुनपुन नदी में छापेमारी कर बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। वहीं अन्य ट्रैक्टर चालक हॉइड्रोलिक से बालू गिराकर भागने में सफल रहे। इस मामले में अवैध खननकर्ता के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है और भारी जुर्माना लगाया गया है। मामले में खनन निरीक्षक प्रत्यूष कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इन दिनों लगातार पुनपुन नदी से अवैध खनन हो रहा था जिसकी सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। गोह थाना में दिए आवेदन में खनन निरीक्षक प्रत्यूष कुमार के अनुसार उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि पुनपुन नदी के गंगटा, सरसोल, अंकुरी, जखौरा, हमीदनगर सहित अन्य घाटों से अवैध खनन कर ढुलाई की जा रही है जिसका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि अवैध रूप से बालू का खनन किया गया है। इससे सरकार के राजस्व का काफी नुकसान हुआ है। साथ ही सरकारी काम में बाधा डालने का कार्य किया गया। इधर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि खनन निरीक्षक के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रेरणादायी है प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम : सुशील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड को लेकर औरंगाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भरथौली रामविलास नगर स्थित बूथ संख्या 29 एवं 30 पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व सांसद ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों के लिए बेहद प्रेरणादायी और लाभदायक कार्यक्रम है, जो समाज के विभिन्न वर्गों को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए विषय आमजन के जीवन से सीधे जुड़े होते हैं और जनजागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया का सबसे युवा देश बताते हुए युवाओं की शक्ति को राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि जब युवाओं की ऊर्ज़ा सकारात्मक दिशा में लगती है, तो देश तेजी से प्रगति करता है। इसी कड़ी में 'मेरा युवा भारत' यानी माई भारत संगठन की भूमिका का भी उल्लेख किया गया, जो युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं में खेल के प्रति बढ़ते उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। साथ ही उन्होंने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि केवल सरकार की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री सह देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वार्ड पार्षद अशोक सिंह, युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, भाजपा नेता चंदन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, रविन्द्र सिंह, अनिल सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुनील सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, नीरज कुमार, उदय सिंह, शशि शंकर सिंह, सागर कुमार, कुंदन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन ने संगठन के भीतर एक नई ऊर्ज़ा का संचार किया और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# किसानों को मिले बर्बाद फसल का मुआवजा : सुरेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान ने बिहार के किसानों की कमर तोड़ दी है। औरंगाबाद जिला समेत राज्य के दर्जनों जिलों में रबी फसलों को भारी क्षति पहुंची है। इसको लेकर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। डॉ. सुरेश पासवान ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि अचानक आए इस मौसम परिवर्तन से किसानों को व्यापक नुकसान हुआ है। दलहन और तिलहन की फसलें, जिन्हें किसान खेत से निकालकर खलिहान में रखे हुए थे, वे भी बारिश के कारण सड़ने की स्थिति में पहुंच गई हैं। वहीं गेहूं और चना जैसी मुख्य फसलें, जो खेत में तैयार हो रही थीं, पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस आपदा के कारण किसानों के सामने खाद्यान्न संकट के साथ-साथ आर्थिक संकट भी उत्पन्न हो गया है। खेती में लगाए गए पूंजी के डूब जाने से किसान काफी परेशान हैं और आगे की खेती को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। डॉ. पासवान ने बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव से मांग की है कि औरंगाबाद सहित अन्य प्रभावित जिलों में हुए नुकसान का उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और प्रभावित किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे किसान आगामी खरीफ फसल की तैयारी कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि प्रभावित किसानों के बिजली बिल, सिंचाई बिल और कृषि ऋण को माफ किया जाए। उनका कहना है कि किसान पहले से ही कर्ज लेकर खेती करते हैं और प्राकृतिक आपदा के कारण फसल नष्ट हो जाने पर उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ जाता है।

# देर रात संदिग्धों एवं वाहनों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार की रात में पुलिस ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिलेभर की पुलिस सतर्क रही। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने गश्ती दलों की सक्रियता, उपस्थिति एवं सतर्कता का जायजा लिया। साथ ही संबंधित थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। रात्रि के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई। इसके अतिरिक्त पुलिस बल द्वारा पैदल गश्ती भी की गई जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत हो सके।

# महिला थाना ने एक सप्ताह में निपटाये 25 मामले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** महिलाओं के खिलाफ घरेलू विवाद और हिंसा मामले में महिला थाना इन दिनों त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। संबंधित शिकायतों त्वरित सुनवाई की जा रही हैं। पिछले एक सप्ताह में महिला थाना की पुलिस द्वारा करीब 25 मामलों का सुलह व समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया गया है। थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने बताया कि महिलाओं के किसी भी शिकायत पर संजीदगी से पुलिस काम कर रही है, इसे और प्रभावी बनाने के लिए योजना बनाई गई है, जिसे और बेहतर तरीके से जल्द ही अमल में लाया जा सकेगा। पिछले एक सप्ताह में पति-पत्नी के सुलहनीय करीब 25 मामलों का निपटारा किया गया है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध पर लगाम कसने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आम तौर पर देखा जाता है कि जब किसी महिला के साथ कोई मामला होती है तो वह खुलकर अपनी बात नहीं रख पाती हैं। हालांकि अब फ्रेंडली पुलिसिंग के तहत थानों में महिलाएं अपनी खुलकर बात रख रही है। इसके लिए महिला हेल्प ही डेस्क भी बनाया गया है और इसमें महिला पुलिस कर्मियों द्वारा समस्याओं के संदर्भ में महिलाओं को उचित सहयोग व सुलह के आधार पर न्याय मिल रहा है। पीड़ित महिलाएं भी अपनी बात को अच्छे ढंग से रख रही है।

# गैस आपूर्ति व्यवस्था पर प्रशासन सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7846 सिलेंडरों की मांग के विरुद्ध लगभग 8320 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कृषि क्षेत्र में स्थायी और सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राण संस्था के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में कृषि विभाग से जुड़े अधिकारी, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, आत्मा के कृषि तकनीकी प्रबंधक तथा आईआरआईएसईटी से आए वैज्ञानिकों की उपस्थिति ने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान प्राकृतिक खेती और जैविक विकल्पों पर विशेष फोकस रहा। रफीगंज प्रखंड की किसान चांदनी देवी ने रासायनिक उर्वरक यूरिया के स्थान पर श्री जीवामृत के उपयोग की विधि विस्तार से बताई। उन्होंने बताया कि गाय का गोबर, गौमूत्र, गुड़, बेसन एवं जीवांश मिट्टी को मिलाकर 72 घंटे तक छायादार स्थान पर तैयार किया जाता है, जिसके बाद इसे सिंचाई के दौरान यूरिया के विकल्प के रूप में प्रयोग किया जाता है। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और फसल भी सुरक्षित रहती है। इसी क्रम में संगीता देवी ने प्राकृतिक कीट नियंत्रण के उपाय श्री नीमास्त्र के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह विधि न केवल सस्ती है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी है और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करती है। कार्यशाला में औरंगाबाद के कर्मा भगवान क्षेत्र की निवासी पुष्पा देवी ने मशरूम की खेती के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों में भी मशरूम उत्पादन शुरू किया जा सकता है और इससे अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। साथ ही उन्होंने मशरूम से बने विभिन्न उत्पादों की जानकारी भी दी, जो किसानों के लिए आय के नए अवसर खोल सकते हैं। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने किसानों को रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करने और जैविक विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के अंत में उपस्थित किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें नई तकनीकों और वैकल्पिक खेती के तरीकों को समझने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं। किसानों ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस सफल आयोजन ने जिले में प्राकृतिक खेती की दिशा में एक सकारात्मक माहौल तैयार किया है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक किसान इस दिशा में कदम बढ़ाएंगे।

